हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद


www.ksnewsupdates.com धनबाद, गुरुवार 03 अक्टूबर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 182, मूल्य : 2 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## तमाम अड़चनों को दूर कर हेमन्त सरकार ने कराया कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण



| योजना लागत | फ्लाईओवर की लम्बाई | फ्लाईओवर की चौड़ाई |
|---|---|---|
| ₹224.94 करोड़ | 2240 मीटर | 16.6 मीटर |

**₹3264.00 करोड़ की 31 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन**

शिलान्यास की जाने वाली 27 योजनाओं की कुल लागत **₹2471.90 करोड़**

उद्घाटन की जाने वाली 04 योजनाओं की कुल लागत **₹792.10 करोड़**

कांटाटोली फ्लाईओवर, बिरसा चौक-धुर्वा गोल चक्कर 4 लेन स्मार्ट पथ एवं कांको चौक-विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग 8-लेन पथ (धनबाद) का उद्घाटन

सिरमटोली-कांटाटोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर एवं सहजानन्द चौक-कांके रोड फ्लाईओवर का शिलान्यास

### मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड



### गरिमामयी उपस्थिति

**श्री संजय सेठ**
माननीय केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री-सह-सांसद, रांची लोकसभा

**श्री हफीज़ुल हसन**
माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास, अल्पसंख्यक कल्याण, निबंधन विभाग

**श्रीमती महुआ माझी**
माननीय सांसद, राज्यसभा

**श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह**
माननीय विधायक, रांची

दिनांक : 04 अक्टूबर 2024 | समय: पूर्वाह्न 11:30 बजे
स्थान : संत पॉल कैथेड्रल मैदान, बहु बाजार के निकट, रांची

### उद्घाटन

- कांको चौक-विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग 8-लेन पथ, कुल लागत **₹461.90 करोड़**
- अनगड़ा-हाहे-राहे पथ (MDR-021) (लम्बाई -26. 687 KM) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य, कुल लागत **₹57.95 करोड़**
- बिरसा चौक से धुर्वा गोल चक्कर (लम्बाई-2.60 KM) का चार लेन में मजबूतीकरण, चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य (साईकिल ट्रैक एवं फुटपाथ सहित) एवं धुर्वा गोल चक्कर से प्रोजेक्ट बिल्डिंग (लम्बाई-1.50 KM) पथ का राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य (लम्बाई-4.10 KM), कुल लागत **₹47.33 करोड़**

### शिलान्यास

- सहजानन्द चौक के नजदीक से जज कॉलोनी के नजदीक 04 लेन एलिवेटेड पथ का निर्माण कार्य, कुल लागत **₹430.75 करोड़**
- गोला-मुरी पथ का 4-लेन निर्माण कार्य, कुल लागत **₹333.17 करोड़**
- धनबाद जिला अंतगर्त मटकुरिया फ्लाईओवर का निर्माण, कुल लागत **₹256.54 करोड़**
- Foundation stone laying of fly over from Bahu Bazar to Patel Chowk Connecting Siramtoli Chowk and Kokar Bahu Bazar (Length 1.25 KM) in Ranchi city, कुल लागत **₹213.35 करोड़**
- भुईयाडीह लिट्टी चौक से भिलाई पहाड़ी पथ में स्वर्णरेखा नदी पर 4 लेन पुल का निर्माण, कुल लागत **₹77.77 करोड़**
- अन्य 19 पथों/ROB का निर्माण कार्य, कुल लागत **₹713.49 करोड़**

PR-337917 (IPRD) 2024-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# संक्षिप्त खबरें

## विधानसभा चुनाव को लेकर मास्टर ट्रेनरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

पलामू(ईएमएस)।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देश पर बुधवार को आगामी विधानसभा चुनाव के निमित 120 मास्टर ट्रेनरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन स्थलों पर आयोजित किया गया। सभी मास्टर ट्रेनरों को विधानसभा स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा ट्रेनिंग दिया गया।प्रशिक्षण में मतदान केंद्र पर पहुंचने से पूर्व,मतदान केंद्र पर पहुंचने के बाद और मतदान खत्म होने के बाद मतदानकर्मियों द्वारा कार्य निष्पादन से संबंधित सभी प्रक्रियाओं,सैद्धांतिक व व्यावहारिक जानकारी दी गई।प्रशिक्षण के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने सभी मास्टर ट्रेनरों को मॉक पोल के बाद मतदान समाप्ति के बाद विभिन्न प्रपत्रों को भरने के बिंदुवार व्यावहारिक जानकारी दी।मतदान के दौरान मतदान कर्मियों के समक्ष आनेवाली विविध समस्याओं से अवगत कराया और उक्त समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी।वहीं अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने मतदान केंद्र पर प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारी सहित अन्य मतदान कर्मियों के कार्य और दायित्व और प्रदत शक्तियों की चर्चा करते हुए चैलेंज वोट, टेंडर वोट, टेस्ट वोट व प्रॉक्सी वोट के संबंध में मास्टर ट्रेनरों को अवगत कराया।

## डीडीसी ने अबुआ आवास योजना के प्रगति की समीक्षा की

### 31 पँचायत के पंचायत सचिवों का 5 दिन का वेतन स्थगित

पलामू(ईएमएस)।जिले के उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने अबुआ आवास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत एवं प्रथम किस्त के विरुद्ध प्लिंथ लेवल आवास निर्माण में न्यून प्रगति वाले 111 पंचायत के पंचायत सचिव के साथ समीक्षा बैठक की।बैठक में प्लिंथ लेवल का जियो टैग नहीं करने के कारण संबंधित पंचायत सचिव को कड़ी फटकार लगाई गई तथा पिछले पांच दिनों में जियो टैग में शून्य प्रगति वाले 31 पंचायत के पंचायत सचिव का 5 दिन का वेतन स्थगित करने का निर्देश दिए दिया गया। साथ ही सभी पंचायत सचिव को अगले एक सप्ताह में शत प्रतिशत प्लिंथ लेवल आवास निर्माण एवं जियो टैग करने का निर्देश दिया गया।एक सप्ताह में अपेक्षित प्रगति नहीं पाए जाने पर संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जायेगी।।मौके पर आवास के विभिन्न ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, पंचायत सचिव,परियोजना पदाधिकारी डीआरडीए,जिला समन्वयक एवम प्रशिक्षण समन्वयक उपस्थित थे।

## झारखंड में जनता करेगी परिवर्तन, बनेगी भाजपा की सरकारः बाबूलाल मरांडी

हजारीबाग(ईएमएस)।बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में कहा कि झारखंड में 20 सितंबर से परिवर्तन यात्रा चल रही थी।राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में यह यात्रा पहुंची और हजारीबाग में यात्रा का समापन हुआ है।यात्रा के दौरान झारखंड के 81 विधानसभा क्षेत्र और प्रदेश के 40 लाख लोगों ने इस यात्रा में शामिल हुए परिवर्तन यात्रा के माध्यम से भाजपा ने झारखंड के विकास के संदेशों को जनता तक पहुंचाने का काम किया।प्रधानमंत्री के नेतृत्व में झारखंड की जनता-जनार्दन भाजपा के नेतृत्व में लोक कल्याणकारी सरकार गठन करने का मन बना चुकी है।प्रदेश में 40 लाख लोगों ने परिवर्तन यात्रा में अपनी भागीदारी दी और राज्य की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया।झारखंड में जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी सरकार में हुए भ्रष्टाचार को लोगों तक पहुंचाने का काम किया गया।पिछले पांच सालों तक जेएमएम सरकार ने जनता को ठगने का काम किया है।गठबंधन सरकार की कुशासन, कुव्यवस्था और राज्य सरकार की विफलता को जनता के बीच पहुंचाने का काम परिवर्तन यात्रा ने किया।राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी तीनों मिलकर सरकार चला रहे हैं, लेकिन 5 वर्षों कुछ नहीं किया। भ्रष्टाचारी सरकार सिर्फ कमाने और अपनी तिजोरी भरने में पूरा समय लगा दी। हेमंत सोरेन को बीते 5 वर्षों का हिसाब देना होगा। हेमंत सोरेन की सरकार ने पिछले 5 वर्षों तक झारखंड की जल, जंगल, जमीन, बालू, पत्थर को लूटा है। लूटने में जेएमएम की सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ा है।हेमंत सोरेन ने राज्य के नौजवानों, महिलाओं, बुजुर्गों को सिर्फ ठगने का काम किया है और सबको लूटा है। झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने की जरूरत है।केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री मोदी झारखंड के विकास के लिए कई योजनाएं यहां लाना चाहते हैं।

## तमाड़ विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मलेन सह शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को

रांची(ईएमएस)।आजसू पार्टी द्वारा राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को तमाड़ विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मलेन सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन सलगाडीह इंटर कॉलेज मैदान, तमाड़ में किया जाएगा। मौके पर सभी चूल्हा प्रमुख पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में अपने पद की शपथ ग्रहण करेंगे। गीतांजलि बैंक्वेट हॉल, बोड़ेया रांची में गुरुवार को पार्टी द्वारा मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया है। इस मिलन समारोह में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में करन महतो अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।सिल्ली विधानसभा अंतर्गत सोनाहातु के बारेंदा स्थित महातीर्थ सतीघाट मंदिर निर्माण हेतु भूमि एवं शिला पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मुख्य रूप से शामिल होंगे।


झारखण्ड सरकार
उपायुक्त का कार्यालय
(समाज कल्याण शाखा), धनबाद।
नया समाहरणालय भवन, भूतल कमरा नं०–16
दूरभाष– 03262312407, Email ID - dswo-dhanbad@jharkhandmail.gov.in

–:: अति अल्पकालीन निविदा सूचना ::–

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–2196, दिनांक–23.09.2022 एवं आदेशांक–2044, दिनांक–24.07.2023 एवं स्वीकृत्यादेश संख्या–1101/65(स्वी0) दिनांक–05.08.2024 तथा आवंटनादेश संख्या–61(आ0) दिनांक–07.08.2024 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024–25 में आंगनबाड़ी चलो अभियान योजना के तहत धनबाद जिलान्तर्गत संचालित आँगनबाड़ी केन्द्रों में शाला पूर्व शिक्षा प्राप्त कर रहे 03 वर्ष से 06 वर्ष के बच्चों को दो–दो सेट गर्म पोशाक उपलब्ध कराया जाना है। गर्म पोशाक (Winter Uniform) की क्रयापूर्ति हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। गर्म पोशाक से संबंधित विशेष विवरण (Specifications) निम्नवत् है :–

| Sl.No. | Particulars | Specifications |
|---|---|---|
| 1 | Sweater Quality | Unisex |
| 2 | Colour | Maroon |
| 3 | Material (Blend Composition) | Acrylic-100% (±2) |
| 4 | Yarn | High Bulk Yarn |
| 5 | Neck Type | Hoodie |
| 6 | Sleeve | Full regular Sleeve |
| 7 | Weight | 225 gm & above |
| 8 | Shrinkage or elongation on Washing (max) | 4% or Better |
| 9 | Colour fastness to Light | 4% or Better |
| 10 | Colour fastness to Washing | Change in colour 3 or Better, Stain on Adjacent Fabric 3 or Better |
| 11 | Size | For Children Age Group of 03-04 Yrs., 04-05 Yrs. & 05-06 Yrs. |

इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद लिफाफे में निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय बीड अलग–अलग), जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, धनबाद के कार्यालय में दिनांक– 16.10.2024 को 12:00 बजे दोपहर तक जमा किए जाएँगे। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक– 16.10.2024 को 3:00 बजे अपराह्न में उपायुक्त, धनबाद की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय क्रय समिति की बैठक में निविदा खोली जायेगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता या उनके प्रतिनिधि नमूना के साथ उपस्थित रहेंगे।

निविदा से संबंधित सभी जानकारी www.dhanbad.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, धनबाद।

PR.NO.337875 Social Welfare,Women and Child Development(24-25):D


# सीएम हेमंत ने महात्मा गांधी और शास्त्री को किया नमन, दी शुभकामनाएं

रांची : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने श्रद्धांजलि अर्पित की. साथ ही उन्होंने समस्त देशवासियों को गांधी जयंती की शुभकामनाएं दी. उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट शेयर कर कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर झारखंड समेत समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार. बापू एक विचार हैं, जो हमेशा अजर-अमर हैं. अहिंसा, प्रेम, सत्याग्रह और स्वतंत्र जीवन के बापू के विचार मानव जाति को व्यवस्थित और संकल्पित होकर समाज के समग्र विकास में महती भूमिका निभाने के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर शत-शत नमन.



हेमंत सोरेन ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर याद किया. उन्होंने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर शत-शत नमन.

## आज ट्रांसपोर्ट नगर फेज -1 का विधिवत उदघाटन करेंगे

झारखंड के सुकरहुटू में राज्य का पहला बहुप्रतीक्षित ट्रांसपोर्ट नगर फेज -1 बन कर तैयार हो गया है. गुरुवार 3 अक्तूबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसका उदघाटन कर आम जनता को सौंप देंगे. गुरुवार को ही मुख्यमंत्री ट्रांसपोर्ट नगर फेज -2 की आधारशिला रखेंगे. इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्य के नगर विकास एवं आवास मंत्री हफीजुल अंसारी, राज्यसभा सांसद महुआ माजी और कांके विधायक समरी लाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे. जानकारी के अनुसार नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने संध्या में ट्रांसपोर्ट नगर का मुआयना किया. उदघाटन स्थल एवं शिलान्यास स्थल का निरीक्षण किया. प्रधान सचिव ने पूरे

# प्रशांत किशोर ने की जन सुराज पार्टी लॉन्च, कार्यक्रम में पहुंचे दिग्गज

### मनोज भारती को बनाया कार्यकारी अध्यक्ष

पटना,(ईएमएस)। राजनीतिक पार्टियों के लिए चुनावी रणनीतिकार का काम करते-करते खुद राजनीतिक मैदान में उतरने वाले प्रशांत किशोर ने पटना में बुधवार को एक कार्यक्रम में अपनी नई पार्टी को लॉन्च किया है। उन्होंने अपनी राजनीतिक पार्टी का नाम जन सुराज रखा है और इसके कार्यकारी अध्यक्ष मनोज भारती को बनाया है। अब इससे बिहार के राजनीतिक गलियारे में क्या बदलाव आता है, यह देखने वाली बात होगी। पार्टी लॉन्च कार्यक्रम में प्रशांत किशोर ने राजनीतिक भविष्य से जुड़ी बातें भी कीं। उन्होंने पटना के वेटनरी कॉलेज ग्राउंड में बुधवार को जमा हुए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत दिन से जन सुराज अभियान चलाया जा रहा है। पिछले करीब दो-ढाई सालों से यह चल रहा



है। ऐसे में सभी लोग पूछ रहे कि हम पार्टी कब बनाएंगे। इसलिए आज आप सभी यहां पार्टी बनाने के लिए जुटे हैं। भगवान को धन्यवाद देना चाहिए, कि आज चुनाव आयोग ने आधिकारिक तौर पर जन सुराज को जन सुराज पार्टी के तौर से स्वीकार कर लिया है। इसी दौरान पूरे जोश के साथ पीके ने मौजूद जनता से सवाल किया- नाम ठीक है?

# साहिबगंज में एनटीपीसी एमजीआर रेलवे ट्रैक को बम से उड़ाया

साहिबगंज (ईएमएस)। साहिबगंज में एनटीपीसी एमजीआर रेलवे ट्रैक को बदमाशों ने बम से उड़ा दिया है। इसमें ट्रैक का 470 सेंटीमीटर टुकड़ा क्षतिग्रस्त हो गया है। ब्लास्ट इतना जोरदार था कि रेलवे ट्रैक का हिस्सा 39 मीटर दूरी जा गिरा। ब्लास्ट के बाद ट्रैक में 770 सेंटीमीटर का गैप आ गया। वहीं 3 फीट गहरा गड्ढा हुआ है। मौके पर रेलवे और पुलिस के बड़े अधिकारी पहुंचे हुए हैं। घटना



लगभग रात के 12 बजे की है। घटना के बाद कोयला लोड गाड़ी पोल संख्या42/2 के पास खड़ी है। वहीं घटना के संबंध में रेलवे नाइट गार्ड जीतेंद्र कुमार शाह ने बताया कि मेरी ड्यूटी इसी लाइन में शाम चार बजे से रात 12 बजे तक रहती है। मैं ड्यूटी में ही था। कई बार की जांच के दौरान में रात 10 बजे तक लाइन में किसी तरह की कोई हलचल नहीं थी। रात 12 बजे के करीब धमाके जैसी आवाज आई। हालांकि इस लाइन में पहले कभी इस तरह की घटना नहीं हुई तब लगा कि टायर फटा होगा।

# बापू और शास्त्री की जयंती पर राज्यपाल ने श्रद्धांजलि अर्पित की


रांची : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के दूसरे प्रधानमंत्री व भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की आज जयंती है. इस अवसर पर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राज भवन में दोनों नेताओं के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. इसके बाद राज्यपाल रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका गये और वहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इस अवसर पर एक



कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया. जिसमें गायकों ने बापू के प्रिय भजन गाये. राज्यपाल ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पूज्य बापू के सिद्धांत आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं. उन्होंने सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का जो संदेश दिया था, वह हमारे समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा कि आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की भी जयंती है, जो सादगी के प्रतीक थे. दोनों महापुरुष का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं. उक्त कार्यक्रम में मंत्री रामेश्वर उरांव, राज्यसभा सांसद महुआ माजी समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे.

# दिल्ली समेत आठ राज्यों से मानसून की विदाई, इस बार एक सप्ताह की देरी से वापस लौटा दक्षिण-पश्चिम मानसून

नई दिल्ली : दक्षिण-पश्चिम मानसून की दिल्ली समेत आठ राज्यों से बुधवार को विदाई हो गई। खास बात यह रही कि इस बार मेघ जमकर बरसे। मौसम विभाग के मुताबिक इस सीजन में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई। दिल्ली में सामान्य 640.3 मिमी की तुलना में 1029.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अमूमन उत्तर पश्चिम भारत से मानसून की वापसी 17 सितंबर से होने लगती है। इसके एक सप्ताह बाद मानसून दिल्ली से विदा होने लगता है। मगर इस बार दिल्ली से मानसून की देरी से वापसी हुई है। मौसम विज्ञान विभाग ने कहा



कि दक्षिण पश्चिम मानसून जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा दिल्ली और राजस्थान से वापस चला गया है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी मध्य प्रदेश और पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्से और पश्चिमी राजस्थान के कुछ और हिस्से से भी मानसून विदा हो गया। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि अगस्त और सितंबर में गहरे कम दबाव के क्षेत्र बनने के कारण मानसून सत्र में देश में लगभग आठ फीसदी अधिक बारिश हुई है। आधिकारिक तौर पर दक्षिण पश्चिम मानसून सत्र का समापन सोमवार को हो गया। चार महीने के इस मानसून सत्र में 934.8 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य 868.6 मिमी से अधिक है। 2020 के बाद पहली बार सामान्य से अधिक मानसूनी बारिश हुई है।

### हिमाचल से भी मानसून की हुई वापसी

दक्षिण-पश्चिम मानसून हिमाचल प्रदेश से भी विदा हो गया है। इस साल प्रदेश में मानसून सीजन के दौरान 600.9 मिलीमीटर बारिश हुई, जोकि पिछले 124 सालों में 97वीं सबसे अधिक बारिश है। हालांकि, 1901 से 2024 तक की अवधि के लिए सबसे अधिक बारिश (1314.6 मिमी) वर्ष 1922 में दर्ज की गई थी। 27 जून को हिमाचल प्रदेश में मानसून ने प्रवेश किया था। 27 जून से 30 सितंबर तक प्रदेश में 600 मिलीमीटर बादल बरसे। प्रदेश से दक्षिण-पश्चिमी मानसून की वापसी की सामान्य तिथि 25 सितंबर है।

# धनबाद में गांधी जयंती पर स्वच्छता के सिपाहियों को मिला प्रशस्ति पत्र

धनबाद(ईएमएस)।धनबाद में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई।सिटी सेन्टर चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। श्रद्धांजलि देने वालों में नगर आयुक्त रविराज शर्मा, अपर नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त, मुख्य अभियंता, कार्यपालक अभियंता, ब्रांड एंबेसडर सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल थे। गांधी जयंती पर एलसी रोड व पुलिस में आईआईटी आईएसएम व नगर निगम की ओर से सफाई अभियान चलाया गया। बाइक रैली भी निकाली गई।स्वच्छता के सिपाहियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता पर्वेक्षक व सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र,लंच बॉक्स व पानी की बोतले दी गईं। सम्मानित होने वाले स्वच्छता पर्यवेक्षकों में ब्रजेश, चिन्टू, रोहित, लाल कमल, मनीष, सुरेंद्र रवानी, बिमलेश, रंजीत रजवार, मनोज किस्कु, राजीव रंजन, संजीत कुमार. सफाई मित्रों में फुलवा देवी, अमरावती देवी,रीना देवी, आशा देवी,सरस्वती देवी, आरती देवी, रंजू देवी, सुमित्रा देवी, चमेली देवी, बरखा देवी,गणेश हाड़ी, पंकज कुमार,रंजन पासवान आदि शामिल हैं।

# केरेडारी हाइवा आगजनी की जिम्मेवारी ली टीपीसी ने

हजारीबाग(ईएमएस)। हजारीबाग के केरेडारी में हाइवा में आगजनी का टीपीसी ने जिम्मा लिया है।केरेडारी में सोमवार की देर रात पांच हाइवा को आग के हवाले कर दिया गया था।ये सभी हाइवा कोयला ट्रांसपोर्टिंग में लगी थी। इसको लेकर टीपीसी उग्रवादी संगठन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस घटना का जिम्मा लिया है। बीकेएस तिवारी ग्रुप के उस दावे का खंडन भी किया जिसमें आगजनी का जिम्मा लिया गया था।कहा कि घटना को टीपीसी संगठन द्वारा किया गया है।हमारे संगठन की बात नहीं मानने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।टीपीसी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि बड़कागांव, केरेडारी और टंडवा माइंस क्षेत्र में चल रहे तमाम कोयला कंपनियों और अधिकारियों को सूचित किया जाता है कि आप कोयला का काम कर रहे हैं।आप हमारे संगठन से बात करके काम करना होगा। 30 सितंबर को चट्टी बरियातू में आगलगी और गोलीबारी को हमारे संगठन द्वारा किया गया है और अगस्त माह में सदबाह नदी में जो गोलीबारी हुआ हमारे संगठन द्वारा किया गया था।तमाम गाड़ी मालिक, चालक और उपचालक को कड़ी चेतावनी दी जा रही है।

# रांची में निर्मित 150 टन के वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का पीएम नरेंद्र मोदी ने किया उद्घाटन

रांची(ईएमएस)।रांची के झिरी में गेल के द्वारा निर्मित वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का ऑनलाइन उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। 150 टन की क्षमता वाले इस मैनेजमेंट प्लांट के निर्माण से रांची शहरी क्षेत्र के कचरा का संधारण किया जाएगा और उससे बायोगैस के साथ ही खाद बनाई जाएगी। अपने ऑनलाइन संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान के प्रति देशवासियों के सहयोग की सराहना की और स्वच्छता के महत्व पर चर्चा किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान को 10 वर्ष पूरे हुए और इस 10 वर्षों में सरकार के साथ देशवासियों ने जो कदम बढ़ाया है, उसका परिणाम आज हम सबको देखने को मिल रहा है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से कहा कि हम आगे भी इस आंदोलन को जारी रखें, यह सब का प्रयास होना चाहिए।इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ ने कहा कि वेस्ट को बेस्ट बनाने की दिशा में रांची वासियों को यह अनमोल उपहार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है। स्वच्छ रांची की मुहिम में यह प्लांट मिल का पत्थर साबित होगा।

# कृषि,पर्यावरण व जीव-जंतुओं के लिए सबसे उत्तम है जैविक खेती : डिप्टी कंजरवेटर ऑफ़ फारेस्ट

रांची(ईएमएस)। नदी, नाले, जंगल,पहाड़ एवं हरे भरे मैदानों और सुंदर लोगों से सुसज्जित झारखंड राज्य देश के सबसे सुंदर राज्यों में से एक है।यह बातें बुधवार को डेप्युटी कंजरवेटर ऑफ़ फॉरेस्ट विजय शंकर दुबे ने गांधी जयंती व स्वर्गीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्मदिन पर स्वच्छता ही सेवा व एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय, नामकुम,रांची में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में कहीं।जैविक खेती की विशेषताओं पर बल देते हुए श्री दुबे ने कहा कि जैविक खेती मानव जाति के लिए वरदान है व कृषि , पर्यावरण व जीव-जंतुओं के लिए सबसे उत्तम है। अतः हमें जैविक खेती को बढ़ावा देना है और प्रयास यह करना है कि सभी किसान जैविक खेती को अपनाएं।कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय के बच्चों को पौधा रोपण पर विशेषज्ञ सलाह देते हुए विजय शंकर दुबे जी ने कहा कि पौधा रोपण का उत्तम तरीका यह है की इसकी मिट्टी तैयार करते समय दो भाग मिट्टी दो भाग बालू व दो भाग जैविक खाद अथवा कछुआ खाद का मिश्रण तैयार किया जाए।अच्छा यह है कि पौधा रोपण के लिए गड्ढे को पहले ही खोद लिया जाए और कुछ दिनों तक उसे धूप और पानी इत्यादि लगने दिया जाए। पूर्व से खुदे गड्ढे में पौधा लगाना ज्यादा बेहतर है। पौधा लगाने से पूर्व उसके प्लास्टिक को हटा लिया जाए लेकिन मिट्टी को ना छेड़ा जाए और उसी हालत में गड्ढे में डाल दें। श्री दुबे ने कहा कि



पौधा रोपण के दौरान इस बात को प्राथमिकता दी जाए कि स्थानीय पौधा लगाया जाए। स्थानीय/स्वदेशी पौधों के फलने फूलने और बढ़ने की ज्यादा संभावनाएं होती हैं और पौधा आसानी से स्थानीय परिवेश में घुल मिल जाता है।रांची सदर अस्पताल की जिला प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रीति चौधरी ने स्वच्छता की सार्थकता पर बल देते हुए कहा कि स्वयं, अपने परिवेश व देश को साफ सुथरा व स्वच्छ व सुन्दर बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है।स्वच्छ परिवेश स्वस्थ जीवन की गारंटी है।स्कूल की बालिकाओं को हाथ धोने के तरीके से लेकर शरीर को साफ और स्वच्छ रखने के कई व्यवहारिक टिप्स प्रीति मैम ने दिए।गीत एवं नाटक के कलाकारों के द्वारा नाटक के माध्यम से स्वच्छता व स्वस्थ जीवन शैली पर प्रकाश डाला जिसे छात्राओं ने पसंद किया और सराहा।विद्यालय के प्राचार्य महोदया ने कहा की स्वच्छ परिवेश एक पढ़े लिखे अनुशासित समाज को दर्शाती है। यह व्यक्ति के विकास और देश के विकास में बहुत लाभकारी होता है।प्रादेशिक कार्यालय रांची के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान ने अपने विशेष संदेश में कहा कि इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा अभियान का थीम स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता है।अपने संबोधन में श्री रहमान ने आगे कहा की अपने जीवन में स्वच्छता अपनाने के साथ-साथ दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करें, ना तो गंदगी करें और ना ही दूसरों को गंदगी करने दें।कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता और एक पेड़ मां के नाम पर हस्ताक्षर कैंपेन में भी लोगों ने भाग लिया तथा डेप्युटी कंजरवेटर ऑफ़ फारेस्ट श्री विजय शंकर दुबे ने अपने हाथों से कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय के कैंपस के अंदर नीम का पौधा लगाया और छात्रा सुरभि जुंडा को इस नए पौधे की देखरेख और रखवाली का दायित्व सौंपा।स्वच्छता दिवस के अवसर पर कस्तूरबा स्कूल के सफाई कर्मियों स्वच्छता मित्रों को शाल और पौधा देकर सम्मानित किया गया।विद्यालय में कल आयोजित निबंध, रंगोली व चित्रांकन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार व सर्टिफिकेट भी दिया गया।


उपायुक्त एवं समाहर्त्ता का न्यायालय, धनबाद

अधिहरण वाद वाद सं0– 04/2024

आम–सूचना

निदेशानुसार, एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला खन्न पदाधिकारी,धनबाद द्वारा मौजा–सिन्दवारीटांड पो+थाना–टुण्डी में 21500घनफीट बालू खनिज अवैध रूप से भण्डारित पाये जाने के कारण जब्त कर The Jharkhand Minerals( Prevention of illegal mining transprortation and storage) Rule, 2017 के नियम 11(V) के तहत राजसात (Confiscation) हेतु प्रतिवेदन भेजा गया है। उक्त जब्त बालू के विरूद्ध टुण्डी थाना काण्ड सं–34/2023 दर्ज किया गया है। ज्ञात हो कि वाद की सुनवाई दिनांक 08.10.24 को निर्धारित की गई है।

अतः उक्त बालू पर किसी व्यक्ति का दावा है तो साक्ष्य सहित दिनांक 08.10.24 के अपराह्न 03.00बज स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–समाहर्त्ता,धनबाद के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण–पृच्छा दाखिल करें कि क्यों नहीं जब्ती सूची में अंकित बालू 21,500(इक्कीस हजार पांच सौ)घनफीट को The Jharkhand Minerals( Prevention of illegal mining transprortation and storage) Rule, 2017 के नियम 11(V) के तहत राजसात (Confiscation) किया जाय।

उप समाहर्त्ता प्रभारी
विधि शाखा, धनबाद

PR 337891 Law(24-25)#D



झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग)
राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM) से संबंधित जानकारी
जिला पशुपालन कार्यालय, जामताड़ा

राष्ट्रीय पशुधन मिशन का उद्देश्य छोटे जुगानी करने वाले पशुओं, मुर्गीपालन और सूकर पालन क्षेत्र तथा चारा क्षेत्र में उद्यमिता विकास के माध्यम से रोजगार सृजन, नस्ल सुधार के माध्यम से प्रति पशु उत्पादकता में वृद्धि, मांस, अंडा, बकरी का दूध, ऊन और चारे के उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्यों को प्राप्त करना है। इस योजना में कोई भी व्यक्ति, स्वयं सहायता समूह (SHGs), कृशक उत्पादक संघ (FPOs), कृषक सहकारिता संगठन (FCOs), Joint Liability Groups (JLGs) तथा धारा 8 के अंतर्गत पंजीकृत कम्पनियाँ आवेदन कर सकते हैं।

राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM) पशुधन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के लिए 50% पूंजी सब्सिडी प्रदान करता है :–

- ग्रामीण पोल्ट्री में नस्ल सुधार फार्म : रू. तक 25 लाख।
- भेड़ और बकरी प्रजनन फार्म : रू. तक 50 लाख।
- सूकर प्रजनन फार्म : रू. तक 30 लाख।
- चारा मूल्य संबर्धन इकाइयाँ : रू. तक 50 लाख।
- चारा भंडारण इकाइयाँ : रू. तक 50 लाख।

इस योजना में सिर्फ ऑनलाइन आवेदन ही किया जा सकता है।

पोर्टल से संबंधित प्रश्नों के लिए NLM पोर्टल हेल्प डेस्क से www.dahd.nic.in अथवा nlm.support@sidbi.in पर सम्पर्क किया जा सकता है। विशेश जानकारी के लिए अपने निकटतम प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी अथवा जिला पशुपालन पदाधिकारी से सम्पर्क करें। आप https://nlm.udyamimitra.in पर अपने आवेदन अपलोड कर सकते हैं।

निवेदक
जिला पशुपालदन पदाधिकारी,जामताड़ा

PR 337760 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)24-25*D

हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद
www.ksnewsupdates.com
धनबाद, गुरुवार 03 अक्टूबर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 182, मूल्य : 2 रूपए
धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### औराई में वायुसेना का हेलिकॉप्टर क्रैश 3 जवान और 2 पायलट सुरक्षित



नई दिल्ली (ईएमएस)। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के औराई में वायुसेना का हेलिकॉप्टर क्रैश होकर पानी में गिर गया। हेलिकॉप्टर में 3 जवान और 2 पायलट सवार थे, वे सभी सुरक्षित हैं। हेलिकॉप्टर सीतामढ़ी से बाढ़ राहत सामग्री लेकर जा रहा था। नेपाल में भारी बारिश से बिहार की कई नदियां उफान पर हैं। 16 जिलों की करीब 10 लाख आबादी बाढ़ से प्रभावित हुई है। पूर्णिया, सहरसा, सुपौल, दरभंगा में हालात बेहद खराब हैं। देश में मानसून सीजन अब खत्म होने वाला है। दक्षिण और पूर्वोत्तर के राज्यों को छोड़कर किसी राज्य में बारिश का अलर्ट नहीं है। दूसरी ओर राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में बारिश का दौर खत्म हो गया है। राजस्थान के कई जिलों में अधिकतम तापमान 36 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। मंगलवार को गंगानगर, फलोदी में सबसे ज्यादा 39.8 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में मंगलवार को अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रायपुर में दिन का तापमान 35.2 डिग्री रहा जो सामान्य से 2.8 डिग्री ज्यादा था। मध्य प्रदेश का खजुराहो 36.8 डिग्री तापमान के साथ राज्य में सबसे गर्म रहा।

### भारत ने अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

नई दिल्ली(ईएमएस)। ईरान और इजराइल में टकराव के बाद भारत ने ईरान में रह रहे अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। विदेश मंत्रालय ने भारतीयों से बिना इमरजेंसी ईरान न जाने की सलाह दी है। इसके अलावा ईरान में रह रहे भारतीयों को सतर्क और ऐम्बेसी से लगातार संपर्क में रहने की बात कही है। इसके अलावा वहां रह रहे भारतीयों से भी सतर्क रहने को कहा गया है। यहां बताते चलें कि इजराइल पर ईरान ने मंगलवार रात को 180 बैलिस्टिक मिसाइलें दाग कर बड़ा हमला कर दिया है। इसे लेकर दावे किए जा रहे हैं कि ईरान के हमलों का बदला लेने के लिए इजराइल उसके तेल भंडारों पर हमला कर सकता है। यदि स्थिति नहीं संभली तो इजराइल अगले कुछ दिनों में ईरान पर अटैक कर सकता है।

### जेल अदालत में 26 बंदी रिहा




रांची : झालसा के निर्देश पर रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा गांधी जयंती के मौके पर बुधवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में जेल अदालत का आयोजन किया गया. जिसमें रांची सिविल कोर्ट में लंबित वादों का निष्पादन किया गया. बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार रांची में लगे जेल अदालत में 26 बंदी को जेल अदालत में अपराध स्वीकार करने के बनाए कारा मुक्त करते हुए रिहा कर दिया गया.

### तबादला हुए 41 डीएसपी का मूवमेंट ऑर्डर जारी

रांची : तबादला हुए 41 डीएसपी का मूवमेंट ऑडर आज बुधवार को जारी कर दिया गया है. डीजीपी के आदेश पर आईजी मानवाधिकार ने यह ऑर्डर जारी किया है. गौरतलब है कि बीते दिन सरकार ने डीएसपी रैंक के 41 अधिकारियों का तबादला किया था. लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी उनका मूवमेंट ऑर्डर जारी नहीं किया गया था. वहीं सरकार ने मंगलवार को सात डीएसपी के तबादले के आदेश को विलोपित कर दिया था. जारी आदेश में कहा गया है कि वैसे डीएसपी जिनके पदस्थापन स्थान पर दूसरे डीएसपी का पदस्थापन हो गया है, परंतु उनका दूसरे जगह पर पदस्थापन नहीं हुआ है, वो पुलिस मुख्यालय में योगदान देंगे.

### पुणे में उड़ान भरते ही क्रैश हुआ हेलिकॉप्टर, तीन की मौत

पुणे : महाराष्ट्र के पुणे में बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ. एक हेलिकॉप्टर क्रैश में तीन लोगों की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, हेलिकॉप्टर ने ऑक्सफोर्ड गोल्फ कोर्स के पास से उड़ान भरी थी और कुछ ही देर बाद वह हादसे का शिकार हो गया. इस दुर्घटना में 2 पायलट और एक इंजीनियर समेत 3 लोगों की मौत की खबर सामने आई है.यह हादसा सुबह करीब 7.30 बजे हुआ. मौके पर फायर ब्रिगेड की टीमें पहुंच गई हैं. अधिकारियों ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है. इससे पहले 24 अगस्त को भी पुणे में एक हादसा हुआ था जब एक निजी कंपनी का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था. इसमें चार लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई थी. हेलिकॉप्टर जुहू (मुंबई) से हैदराबाद की ओर उड़ान भर रहा था.

### चाईबासा में एएसआई कृष्णा साव ने रिवाल्वर से गोली मारकर की आत्महत्या



चाईबासा : कराइकेला थाना के एक एएसआई ने अपने सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है. यह घटना जिले के नक्सल प्रभावित इलाके में स्थित कराइकेला थाना में हुई है. जहां बुधवार की सुबह एएसआई कृष्णा साव ने खुद को गोली मार ली. मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी कृष्णा साव को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. इधर घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और मामले की जांच में जुट गये हैं. एएसआई ने किस वजह से खुद को गोली मारी है, अब तक इसके पीछे की सही वजह सामने नहीं आयी है. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और मृतक एएसआई के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गयी है.

## हजारीबाग में पीएम मोदी ने दी 83 हजार 300 करोड़ रुपए से अधिक की सौगात, कहा

# झारखंड की लड़ाई रोटी-बेटी-माटी को बचाने की

**लगभग 550 जिलों के 63,000 आदिवासी गांवों को लाभ पहुंचाने के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया**

**40 एकलव्य विद्यालयों का उद्घाटन किया और 25 एकलव्य विद्यालयों की आधारशिला भी रखी**




हजारीबाग : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को हजारीबाग में पीएम मोदी ने 83 हजार 300 करोड़ रुपए से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। वहीं परिवर्तन रैली में अपने संबोधन की शुरुआत पीएम ने जय जौहार से की। पीएम ने कहा कि झारखंड के विकास में कांग्रेस, जेएमएम और राजद का गठबंधन सबसे बड़ी बाधा है। राज्य का विकास तभी होगा जब ये सत्ता से हटेंगे। पीएम ने कहा कि झारखंड की लड़ाई सत्ता पाने की लड़ाई की नहीं है। ये रोटी-बेटी-माटी को बचाने की लड़ाई है। जेएमएम और कांग्रेस झारखंड के साथ-साथ देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रही है।उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने झारखंड की विकास यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कुछ दिन पहले सैकड़ों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए अपने जमशेदपुर आगमन को याद किया। मोदी ने पीएम आवास योजना के तहत झारखंड के हजारों गरीबों को पक्के मकान सौंपने का जिक्र किया। आदिवासी समुदायों के सशक्तिकरण और कल्याण से जुड़ी आज की 80,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आदिवासी समुदायों के प्रति सरकार की प्राथमिकता का प्रमाण है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज की परियोजनाओं के लिए झारखंड और भारत के लोगों को बधाई दी।
महात्मा गांधीजी की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी कल्याण के प्रति उनकी दृष्टि और विचार भारत की पूंजी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी का मानना था कि भारत तभी प्रगति कर सकता है जब आदिवासी समाज

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

आधारभूत संरचना का हो रहा विकास
अबुआ आभार हेमन्त सरकार
ट्रांसपोर्ट नगर फेज 1 सुकुरहुटू का उद्घाटन एवं फेज- II का भूमि पूजन





ट्रांसपोर्ट नगर फेज I की विवरणी:
- योजना लागत ₹113.24 करोड़
- कुल क्षेत्रफल 40.68 एकड़
- निर्माण अवधि 24 माह
- अधिकतम 22 मीटर लम्बाई वाले भारी मालवाहक वाहनों हेतु 424 पार्किंग
- 3400 एवं 6100 वर्गमीटर का वेयरहाउस
- 120 टन क्षमता के दो धर्मकांटा
- मालवाहक वाहनों के रखरखाव एवं मरम्मत हेतु सर्विस स्टेशन इत्यादि

ट्रांसपोर्ट नगर फेज II की विवरणी:
- योजना लागत ₹57.82 करोड़
- कुल क्षेत्रफल 9.12 एकड़
- निर्माण अवधि 18 माह
- अधिकतम 14 मीटर लम्बाई वाले भारी मालवाहक वाहनों हेतु 256 पार्किंग
- G-3 इंटीग्रेटेड बिल्डिंग
- मालवाहक वाहनों के रखरखाव एवं मरम्मत हेतु सर्विस स्टेशन इत्यादि

मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

गरिमामयी उपस्थिति


श्री संजय सेठ
माननीय केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद, रांची लोकसभा

श्री हफीजुल हसन
माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास, अल्पसंख्यक कल्याण, निबंधन विभाग, झारखण्ड

श्रीमती महुआ माझी
माननीय सांसद, राज्यसभा

श्री समरी लाल
माननीय विधायक, कांके

दिनांक 03 अक्टूबर 2024
समय: मध्याहन् 12:00 बजे
स्थान: सुकुरहुटू ITBP कैंप के निकट, रिंग रोड, रांची



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 337919 (IPRD) 24-25
नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार

## संक्षिप्त ख़बरें

### एम्स भोपाल में स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन

भोपाल(ईएमएस)। एम्स भोपाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर बुधवार, 02.10.2024 को एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक और सीईओ, प्रोफेसर (डॉ) अजय सिंह, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित रोगियों, कर्मचारियों, फैकल्टी सदस्यों, रेजिडेंट डॉक्टरों, स्टूडेंट्स और नर्सिंग ऑफिसर्स को दोनों महानायकों के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन किया गया, जो पिछले 15 दिनों से एम्स भोपाल में चल रहा था।इसके अतिरिक्त एम्स भोपाल ने एक विशेष स्वच्छता अभियान के तहत भोपाल रेलवे जंक्शन पर श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन भी किया। इस कार्यक्रम में एम्स भोपाल और भोपाल रेलवे मंडल के सहयोग से स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। डीआरएम भोपाल मंडल और एमएस सैनिटेशन डिपार्टमेंट ने रेलवे स्टेशन पर व्यापक साफ-सफाई और स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में स्वच्छता और सेवा की भावना को बढ़ावा देना है। एम्स भोपाल ने इस पहल के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को व्यापक स्तर पर प्रसारित करने का प्रयास किया है।

### पुलिस पर मारपीट का आरोप, महिला घायल

नालंदा (ईएमएस)। यहां की पुलिस पर मोहल्ले वासियों ने बिहार शरीफ-बख्तियारपुर मुख्य सड़क बबुरबन्ना के पास जाम कर दिया। कई घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। बबुरबन्ना गांव कि महिला बाइक से गई थी। जिसमें बुरी तरह से घायल हो गई थी। जब लोगों की भीड़ जुटी तो इलाज के लिए रुपए देने की बात आरोपी ने स्वीकार की थी।एक अक्टूबर को जब महिला का बेटा रुपए की मांग करने आरोपी के पास गया तो उसके अन्य सहयोगियों ने महिला के बेटे के साथ मारपीट कर दी। जिससे उसका सिर फट गया। फिर पुलिस पहुंची और आरोपी के सहयोगी को अपने साथ लेकर थाने चली गई। जबकि बेटे को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। मोहल्ले के लोगों के बीच झगड़ा सुनकर वार्ड प्रतिनिधि ओपी पहुंचे। तब उसके परिवार को वहां मौजूद एक अधिकारी ने बुलाया। जैसे ही उसका परिवार भागन बीघा ओपी पहुंचा उसके साथ पुलिस मारपीट करने लगी। आरोपी और बेटे के बीच समझौता करने पहुंचे वार्ड प्रतिनिधि की भी बात नहीं सुनी। फिर गुस्साए परिजनों ने मोहल्ले के पास सड़क को जाम कर दिया।

### सड़क हादसे में कार चालक की मौत ट्रक ड्राइवर फरार

मोतिहारी (ईएमएस)। भारत नेपाल को जोड़ने वाली आईसीपी बाईपास रोड पर एक सडक हादसे में कार चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। फिर ट्रक ड्राइवर ट्रक छोड़ कर वहां से फरार हो गया। मृतक की पहचान अन्नू सिंह के रूप में हुई है। सूचना पर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची अन्नू सिंह को अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित किया। अब मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के परिजनों ने कहा कि ये एक शिक्षक थे। घर का भरण पोषण करने वाला ही चला गया। वही इंस्पेक्टर ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेजा है।

### मगरमच्छ रिहायशी इलाके में घुसा

बगहा (ईएमएस)। बारिश और बाढ़ की वजह से वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) के आसपास के रिहायशी इलाकों में वन्यजीवों की चहलकदमी बढ़ गई है। पिछली रात एक विशाल मगरमच्छ बाढ़ के पानी के साथ बहकर एक रिहायशी इलाके में घुस गया।भारी भरकम मगरमच्छ को देख लोगों में हड़कंप मच गया। इस बीच मगरमच्छ एक घर में घुस गया। लोगों ने शोर मचा दिया। साथ ही लोग घबराहट में घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं कर पाए। परिवारों ने वन विभाग को सूचना दी फिर वन विभाग की विशेषज्ञ टीम मौके पर पहुंची। कई घंटों की कड़ी मेहनत और सतर्कता से मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ा। वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को पकड़कर उसे प्राकृतिक आवास गंडक नदी में वापस छोड़ दिया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। वाल्मीकि नगर के रेंजर ने कहा कि बाढ़ और भारी बारिश के कारण जल स्तर बढ़ने से सरीसृप और अन्य वन्यजीव अपने प्राकृतिक आवास से बाहर आकर रिहाइशी इलाकों की ओर रुख करते हैं।

### आजादी के बाद से आज तक गांव में सड़क नहीं बनी

बेगूसराय (ईएमएस)। देश को आजाद हुए कई दशक बीत गए हैं, लेकिन इसके बावजूद यहां एक ऐसा गांव है जहां अभी तक सड़क नहीं है। इतना ही नहीं ये गांव दो भागों में बटा है। इसका नाम मखवा गांव है।हजारों की आबादी वाले इस गांव के आधे लोग बैंती नदी के पूरब साइड में बसे हैं। वहीं आधी आबादी नदी के पश्चिम की तरफ बसी है। सभी लोगों का खेत-खलिहान, गांव का स्कूल नदी के पार है। बारिश में इस नदी में पानी भर जाता है इसके कारण लोगों की परेशानी बढ़ जाती है। हर दिन हजारों लोग नदी पार करके खेती किसानी करने को मजबूर हैं। वहीं स्कूली बच्चों को भी नाव पर सवार होकर स्कूल जाना पड़ता है।

### बेतिया के 70 गांव बाढ़ की चपेट में

बेतिया (ईएमएस)। बिहार में बेतिया के 70 गांव बाढ़ के चपेट में हैं। इनकी हजारों की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। लोग घरों से निकल पलायन करने को मजबूर हैं। हालांकि जिला प्रशासन ने बाढ़ प्रभावितों को मदद दी है।गंडक दियारा इलाके में एसडीआरएफ की चार टीम भी तैनात हैं। ताकि दियारा के इलाके में फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला जा सके। वहीं देर रात बेतिया से चखनी गांव तक फैला चंपारण तटबंध से जुड़ी पीढ़ी रिंग बांध बैरिया के नीतीश नगर के समीप ढह गया है। इससे कई पंचायतों के साथ दो दर्जन से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। बांध टूटने के कारण आसपास के क्षेत्रों में पानी का तेज प्रवाह है। जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है।बेतिया-नरकटियागंज, लौरिया-नरकटियागंज, लौरिया व रामनगर, नरकटियागंज-मैनाटांड़ और बेतिया व मैनाटांड़ मुख्य मार्ग पर कई फीट पानी बह रहा है। वहीं कई सड़क के बीचों-बीच बना डायवर्सन भी बाढ़ की भेंट चढ़ गया है। ग्रामीण जान जोखिम में डालकर सड़क पार कर रहे हैं। बेतिया-नरकटियागंज मुख्य मार्ग स्थित सतवरिया लचका पर बाइक चालकों से गाड़ी पार कराने के नाम पर अवैध उगाई हो रही है। उसे देखने वाले कोई नहीं है।

### शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बदल देंगे

पटना (ईएमएस)। यहां राजद के नेताओं की गाड़ियों का चालान काटकर चर्चा में आए पटना के ट्रैफिक एसपी कहते हैं कि वह शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से बदल देंगे। वह ऐसा प्लान कर रहे हैं जिससे जाम की समस्या का हमेशा के लिए समाधान हो जाएगा। फेस्टिवल सीजन पर वह नए प्लान पर काम कर रहे हैं। बहुत जल्द दशहरा में नया मॉडल भी लोगों को दिखेगा। मीडिया ने ट्रैफिक एसपी से विशेष बातचीत की है।वह 2019 बैच के आईपीएस अफसर हैं। बिहार में पहली पोस्टिंग में बतौर एसएचओ के रूप में हुई। फिर बाढ़ में बतौर एएसपी तैनात किए गए। फिर उन्हें पटना का ट्रैफिक एसपी बनाया गया। तैनाती के बाद ही वह आरजेडी कार्यालय के बाहर वीर चंद पटेल पथ पर नो पार्किंग जोन में खड़ी पार्टी नेताओं की गाड़ियों का चालान कटवा दिया। इसके बाद वह आम लोगों के साथ पॉलिटिकल पार्टियों के बीच भी चर्चा में आ गए। भाजपा के कार्यक्रम के दौरान तो आरजेडी ने ट्रैफिक एसपी से ही सवाल कर दिया था कि सत्ता पक्ष के नेताओं की गाड़ियों का चालान क्यों नहीं काटे।

### बस ने बाइक से जा रहे 3 युवकों को रौंदा

आरा (ईएमएस)। बिहार के भोजपुर जिले में रात एक बस ने बाइक से जा रहे 3 युवकों को रौंद दिया। इनमें 2 भाई और तीसरा उनका दोस्त था। धक्का मारने के बाद बस ने छोटे भाई को कई मीटर तक घसीटा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दोस्त की इलाज के दौरान मौत हो गई। बड़े भाई की हालत गंभीर है। मृतक सन्नी है और टाइगर हैं। जबकि सन्नी का बड़ा भाई घायल है। उसका आरा सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। तीनों अपने किसी रिश्तेदार के यहां से लौट रहे थे। घर पहुंचने से पहले समोसा खाने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से बस ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने बस में आग लगा दी। हादसे के बाद बस के यात्री इधर-उधर भागने लगे। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।

# महात्मा गांधी ने 1934 में सहरसा की इस कोठी में किया था विश्राम, आजादी की लड़ाई की जगाई थी अलख



सहरसा : साल 1934 में बिहार में आए विनाशकारी भूकंप ने पूरे राज्य में भारी तबाही मचाई थी। इस भूकंप से प्रभावित लोगों की सहायता और उनका दर्द बांटने के लिए महात्मा गांधी ने अपने सहयोगियों के साथ राज्य का दौरा किया। इसी सिलसिले में गांधी जी दरभंगा से निर्मली, सुपौल होते हुए सहरसा जिले के पंचगछिया पहुंचे थे। स्वतंत्रता सेनानी राम बहादुर सिंह ने उनके सम्मान में पंचगछिया में एक सभा आयोजित की थी, जहां गांधी जी ने लोगों को विपत्ति की घड़ी में हिम्मत रखने और स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने का आह्वान किया था।

#### चांदनी चौक की कोठी में ठहरे थे बापू

इसके बाद गांधी जी सिहौल, बलुआहा, बनगांव, बरियाही होते हुए सहरसा पहुंचे। सहरसा में प्रशासन की व्यवस्था के अनुसार उन्हें चांदनी चौक स्थित गेस्ट हाउस में ठहराया गया, जिसे उस समय डाक बंगला कहा जाता था। गांधी जी ने यहां रात्रि विश्राम किया और शाम को स्थानीय कार्यकर्ताओं और लोगों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने सत्य और अहिंसा के महत्व पर जोर दिया और स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने का आग्रह किया। बैठक के अंत में गांधी जी ने 'रघुपति राघव राजा राम' भजन गाकर समापन किया।

#### दमनकारी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने को किया प्रेरित

महात्मा गांधी के बिहार दौरे का मुख्य उद्देश्य न केवल भूकंप पीड़ितों की मदद करना था, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम की भावना को भी प्रज्वलित करना था। 15 जनवरी 1934 को आए भूकंप के बाद पंचगछिया में आयोजित सभा में गांधी जी ने अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया। उस समय सरकारी राहत बेहद सीमित थी, ऐसे में गांधी जी ने अपने नेतृत्व से पीड़ितों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया।


#### कोठी का ऐतिहासिक महत्व और सरकारी उपेक्षा

गांधी जी के सहरसा दौरे की यादगार के रूप में चांदनी चौक स्थित कोठी का विशेष स्थान है, जहां उन्होंने रात्रि विश्राम किया था। इस कोठी के प्रवेश द्वार पर संगमरमर के पत्थर पर अंकित गांधी जी के यहां ठहरने की जानकारी आज भी मौजूद है। लेकिन इसे सार्वजनिक रूप से नहीं दिखाया जा सका है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 18 साल पहले घोषणा की थी कि राज्य में जहां-जहां महात्मा गांधी के कदम पड़े थे, उन स्थानों को ऐतिहासिक स्मारक का रूप दिया जाएगा। परंतु इतने वर्षों बाद भी इस कोठी को सार्वजनिक धरोहर के रूप में विकसित नहीं किया जा सका है। सहरसा के अधिकांश लोग आज भी इस ऐतिहासिक स्थान के बारे में नहीं जानते हैं, जबकि यह गांधी जी के संघर्ष और उनके विचारों की याद दिलाने वाला स्थल है। अंग्रेजी शासनकाल में बनी यह कोठी आज उपेक्षा का शिकार है और इसे ऐतिहासिक धरोहर के रूप में संरक्षित करने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि महात्मा गांधी के इस दौरे ने न केवल भूकंप पीड़ितों को राहत दी, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में एक नई चेतना भी जगाई। पंचगछिया से लेकर सहरसा तक उनकी यात्रा ने बिहार के लोगों को आजादी के लिए संघर्ष करने का हौसला दिया, जिसकी गूंज आज भी सुनाई देती है।

### एस्कॉर्ट एंड गाइड के 5 नाबालिग फल्गू नदी में डूबे

गया (ईएमएस)। यहां पितृपक्ष मेला के अंतिम दिन संगतघाट पर स्नान कर रहे एस्कॉर्ट एंड गाइड के 5 नाबालिग फल्गू नदी में डूब गए हैं। जिसमें 2 की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान रीषा और आलोक के रूप में हुई है। वहीं घायलों में नैंसी, मनीषा और विकास शामिल हैं। तीनों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जा रहा कि पहले दो किशोर डूबे थें उन्हें बचाने के चक्कर में 3 और डूब गए।स्कॉर्ट एंड गाइड की इंचार्ज का कहना है कि वह अपने पितरों का तर्पण कर रही थी। इस बीच बच्चे नहाने लगे। नहाने के दौरान एक डूबने लगा। उसे बचाने के चक्कर में सभी डूबने लगे। दो की मौत हो गई। 3 को बचा लिया। प्रत्यक्षदर्शी स्काउट विमल ने कहा कि मैम तर्पण कर रही थीं। उनकी फूल-माला बच्चे खरीद कर ला रहे थे। उसी दौरान देखा कि कुछ बच्चे डूब रहे हैं। उन्हें बचाने के लिए मैं भी गया। डीएम ने कहा कि सुबह पिता महेश्वर घाट के सामने फल्गु नदी में वार्ड 53 के 5 बच्चे नहाने गए थे। इसी दौरान 2 डूबने लगे। उनको बचाने गए अन्य 3 बच्चे जाने लगे। गोताखोर और एसडीआरएफ ने रेस्क्यू किया। समुचित इलाज के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेजा। यहां 2 की मौत हो गई।

# नवविवाहिता की संदिग्ध मौत परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप



बेगूसराय : बेगूसराय जिले के वीरपुर थानाक्षेत्र के जगदर गांव में एक नवविवाहिता महिला का शव संदिग्ध अवस्था में फंदे से लटका हुआ मिला। मृतका की पहचान ज्योति कुमारी (22) के रूप में हुई है, जो अजीत कुमार की पत्नी थी। महिला की मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और मृतका के परिजनों ने उसके ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है।

#### दहेज के लिए प्रताड़ना का आरोप

मृतका के मायके वालों ने बताया कि ज्योति को उसके ससुराल वालों द्वारा दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। उनके अनुसार, ज्योति कुमारी को पहले बेरहमी से पीटा गया और फिर हत्या कर शव को आत्महत्या का रूप देने के लिए फंदे से लटकाया गया। परिजनों ने कहा कि शादी के चार साल बाद भी दहेज की मांग जारी रही और ज्योति को प्रताड़ना झेलनी पड़ी।

#### पंखे से दुपट्टे के सहारे लटका था शव

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, यह घटना मंगलवार की देर शाम की है। जब ज्योति का शव मिला। उस समय घर पर परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं था, केवल उनकी दो साल की बच्ची थी। ग्रामीणों ने देखा कि ज्योति का शव पंखे के सहारे दुपट्टे से लटका हुआ था। पति अजीत कुमार अक्सर बाहर मजदूरी करते हैं और मृतका की सास का पहले ही निधन हो चुका है।

#### यह घटना हत्या या आत्महत्या?

घटना की सूचना मिलने पर वीरपुर थाने के सब-इंस्पेक्टर अनिल कुमार मिश्रा अपने दल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि ज्योति की मौत आत्महत्या है या हत्या।इस घटना ने स्थानीय लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है और वे न्याय की मांग कर रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। इस बीच, परिजनों और स्थानीय लोगों की मांग है कि आरोपी ससुराल वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# हिंदू पर्वों पर प्रशासन का रवैया दुर्भावनापूर्ण : डॉ. सुनील कुमार



नालंदा : भाजपा विधायक डॉ. सुनील कुमार ने बुधवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान नालंदा जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में हिंदू पर्वों के प्रति प्रशासन का रवैया उत्पीड़नात्मक रहा है। उनका आरोप है कि इसका उद्देश्य हिंदू समुदाय को उनके धार्मिक उत्सवों से वंचित करना है। विशेष रूप से गणेश पूजा के संदर्भ में उन्होंने बताया कि प्रशासन ने शोभायात्रा निकालने से रोकने का प्रयास किया था, लेकिन उनके हस्तक्षेप के बाद ही इसे संभव किया जा सका। भाजपा नेता ने कहा कि गणेश पूजा के दौरान शोभायात्रा निकालने की अनुमति देने में प्रशासन ने बाधाएं उत्पन्न कीं। जब मुझे इस बारे में पता चला, तब मैंने कलेक्टर और एसपी से बात की। उसके बाद शोभायात्रा की अनुमति मिली। हालांकि, इस प्रक्रिया के दौरान सोहसराय थाना प्रभारी द्वारा पूजा आयोजकों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। सुनील कुमार ने आगे कहा कि नवरात्रि के दौरान भी पंडाल निर्माण में बाधा डाली जा रही है। विधायक ने आरोप लगाया कि थानेदार पंडालों में जाकर आयोजकों को धमका रहे हैं और बांस लगाने के खिलाफ चेतावनी दे रहे हैं। उन्होंने सिलाव क्षेत्र की एक घटना का जिक्र कर कहा कि एक परिवार जो वर्षों से अपने घर में मूर्ति स्थापित कर रहा है, को लाइसेंस के लिए 20 आधार कार्ड जमा करने को कहा गया, जबकि परिवार में केवल पांच सदस्य हैं। सुनील कुमार ने इसे अनुचित ठहराते हुए जिला प्रशासन पर नियमों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को निर्भीक होकर अपने त्योहार मनाने चाहिए, क्योंकि उनका विधायक उनके साथ खड़ा है।भाजपा नेता ने चेतावनी दी कि इस प्रकार की स्थिति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक ने कहा कि अगर प्रशासन कहता है कि पूजा घर में बंद होकर की जाए, तो यह बिल्कुल गलत है। मैं सभी हिंदुओं से अपील करता हूं कि वे निर्भीक होकर अपने पर्व मनाएं। आपका विधायक आपके साथ है। सुनील कुमार ने इस संदर्भ में बिहार के मुख्यमंत्री को ईमेल के जरिए जानकारी भी दी है।

# ऑटो और कार की भीषण टक्कर महिला समेत तीन लोगों की मौत



समस्तीपुर : समस्तीपुर जिले के उजियारपुर थानाक्षेत्र में बुधवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में ऑटो और कार के बीच सीधी टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई। घटना के समय ऑटो समस्तीपुर से दलसिंहसराय की ओर जा रहा था, जबकि कार बेगूसराय से समस्तीपुर की दिशा में आ रही थी। जानकारी के अनुसार, घटना सुबह करीब 10 बजे जनकपुर के पास हुई। जहां ऑटो चालक ने एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया, इसी दौरान ऑटो कार से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला को गंभीर हालत में दलसिंहसराय के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। मृतकों की पहचान विभूतिपुर थानाक्षेत्र के समर्थक कल्याणपुर निवासी चंद्रशेखर पासवान के बेटे अखिलेश पासवान के रूप में की गई है। दूसरी महिला की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। इस दुर्घटना में तीन अन्य लोग भी घायल हुए हैं, जिनका इलाज विभिन्न निजी अस्पतालों में चल रहा है। घायल लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।वहीं, घटना के बाद से एनएच-28 पर लगभग दो घंटे तक जाम लगा रहा, जिससे आसपास के क्षेत्र में वाहनों की लंबी कतार लग गई और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों की भीड़ ने घटनास्थल पर इकट्ठा होकर अपनी नाराजगी व्यक्त की।उजियारपुर थाना पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया। दलसिंहसराय के डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने कहा कि हम पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। हादसे में दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हुई है और हम एक महिला के शव की पहचान की प्रक्रिया में हैं।

### जब कटिहार में दो थानों का आईजी शिवदीप लांडे ने किया औचक निरीक्षण पुलिस वालों को नहीं लगी भनक

कटिहार, (ईएमएस)। पुलिस वालों की मुस्तैदी देखने जब पूर्णिया रेंज के आईजी शिवदीप लांडे बुधवार सुबह औचक निरीक्षण में कटिहार पहुंचे तो इसकी भनक तक स्थानीय पुलिस को नहीं लग पाई। आईजी ने नगर थाना तथा सहायक थाना समेत अन्य कुछ क्षेत्रों का दौरा किया और लोगों से पुलिस की मुस्तैदी के बाबत बात की। लेकिन उन्हें ना तो लोगों से कोई संतोषजनक जवाब मिला और ना ही कहीं उन्हें पुलिस की मुस्तैदी दिखी। आश्चर्य की बात ये रही कि पुलिस वालों को इसकी भनक तक नहीं लग पाई। करीब दो घंटे तक आईजी कटिहार की सड़कों पर घूमते रहे पर उन्हें कहीं पुलिस मुस्तैदी नहीं आई। दरअसल बढ़ते अपराध तथा कानून व्यवस्था को लेकर आईजी शिवदीप लांडे एक्शन मोड पर हैं। वे लगातार औचक निरीक्षण कर रहें हैं। इसी क्रम में बुधवार सुबह उन्होंने कटिहार शहर का दौरा किया। उन्हें पुलिस की मुस्तैदी नजर नहीं आने पर वे नगर थाना और सहायक थाना पर नाराज दिखे। अब आईजी शिवदीप लांडे क्या एक्शन लेते हैं वो तो आने वाले समय में हीं पता चल पाएगा।

### युवक ने किया जुआ और ब्राउन शुगर की लत में सुसाइड

नालंदा,(ईएमएस)। यहां एक युवक ने ऑनलाइन गेम जुआ और ब्राउन शुगर की लत में सुसाइड कर लिया। युवक पर लाखों रुपए का कर्ज था। 7 लाख रुपए वो ऑनलाइन जुआ में हार चुका था। इसी टेंशन और गेम की लत में उसने आत्महत्या कर ली।इस मामले में उसके परिजनों का कहना है कि अगर शराबबंदी नहीं होती तो उसे ब्राउन शुगर की लत नहीं लगती। परिजनों ने थाने में इसकी जानकारी नहीं दी है। मृतक की पहचान स्वर्ण व्यवसायी के बेटे के रूप में हुई है। इससे पहले उसने पटना की लड़की से लव मैरिज की थी। इसे लेकर वो दिल्ली चला गया था। वहां कई साल तक पत्नी के साथ रहा। फिर वो घर नालंदा लौटा। वहीं उसकी पत्नी पटना में रहने लगी। लोगों का कहना है कि उसके परिजन लड़की को पसंद नहीं करते थे इसी वजह से वो पटना में रह रही थी।

### दिनदहाड़े बदमाशों ने की प्रॉपर्टी डीलर की हत्या

पटना (ईएमएस)। बिहार की राजधानी पटना में बदमाशों ने दिनदहाड़े गोली मारकर एक प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। इस वारदात से लोगों में गुस्से का माहौल है और वो आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग कर रहे हैं। मृतक के बड़े भाई ने कहा कि उसका भाई जमीन खरीदने और बेचता था। एक प्लाट पर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। गांव में पंचायत भी हुई थी।मृतक की पहचान रविंद्र के तौर पर हुई है। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# डीजे ट्रॉली में आगजनी, लाखों का नुकसान



नालंदा : नालंदा जिले के बिंद थानाक्षेत्र के बकरा गांव में मंगलवार और बुधवार की मध्य रात्रि को अज्ञात बदमाशों ने डीजे ट्रॉली में आग लगाकर लगभग छह से सात लाख रुपये का नुकसान कर दिया। इस घटना में डीजे के कीमती उपकरणों के साथ-साथ एक मोटरसाइकिल भी जल गई गई। पीड़ित डीजे संचालक नीरज कुमार ने बताया कि उनकी डीजे ट्रॉली रोजाना की तरह गांव के पोस्ट ऑफिस के पास खड़ी थी, जब अज्ञात लोगों ने आग लगाई। इस आगजनी में जेबीएल ब्रांड के पांच साउंड बॉक्स, जेनरेटर, साउंड मिक्सर मशीनें, एम्प्लीफायर, पंखे, हॉर्न और माइक पूरी तरह नष्ट हो गए। साथ ही पास में खड़ी डिस्कवर मोटरसाइकिल भी जल गई। स्थानीय निवासियों ने घटना की जानकारी बिंद थाना पुलिस को दी। लेकिन पुलिस की ओर से मौके पर केवल एक चौकीदार भेजा गया, जिससे गांव के लोगों में नाराजगी फैल गई है। वहीं, बिंद थाना अध्यक्ष रोशन कुमार ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### फर्जी प्रमाणपत्र पर नौकरी करने वाले शिक्षकों के खिलाफ हो रही कार्रवाई, 24 शिक्षकों पर एफआईआर दर्ज

मोतिहारी, (ईएमएस)। बिहार में फर्जी प्रमाणपत्र पर नौकरी करने वाले शिक्षकों के खिलाफ पटना हाई कोर्ट के निर्देश पर राज्य सरकार द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। खबर है कि मोतिहारी में 10 शिक्षक धराए हैं जो फर्जी शैक्षणिक प्रमाणपत्र के सहारे नौकरी कर रहे थे। निगरानी की ओर से इनके खिलाफ कल एफआईआर दर्ज कराई गई है। बताया गया है कि कल्याणपुर थाना क्षेत्र से सात तथा चकिया थाना क्षेत्र से तीन फर्जी शिक्षकों को चिह्नित किया गया है। इनमें महिला और पुरुष दोनों शामिल हैं। बता दें कि कुछ दिनों पहले ही मोतिहारी में ही 14 शिक्षकों को चिह्नित करते हुए निगरानी की ओर से बंजरिया, पीपराकोठी और तुरकौलिया पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी। इस प्रकार अबतक 24 शिक्षकों पर एफआईआर दर्ज हो चुकी है। कहा जा रहा है कि अब इनकी नौकरी भी जा सकती है। ज्ञात हो कि फर्जी प्रमाणपत्र पर नौकरी कर रहे नियोजित शिक्षकों के खिलाफ पटना हाई कोर्ट के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है। निगरानी विभाग शैक्षणिक योग्यता की जांच कर रही है। इसी कड़ी में निगरानी विभाग के डीएसपी राजेश कुमार ने कल्याणपुर प्रखंड के चकिया थाने में तीन और कल्याणपुर थाने में सात शिक्षकों के खिलाफ मंगलवार को शिकायत दर्ज कराई है।

## संक्षिप्त खबरें

### झामुमो ने खिलाड़ियों को जर्सी,महिलाओं क्रो साड़ी व चना वितरण किया

कांके(मोहसीनआलम):झारखंड मुक्ति मोर्चा कांके प्रखंड के द्वारा गांधी व शास्त्री जयंती पर क्षेत्र के खिलाड़ियों व महिलाओं के बीच जर्सी,साड़ी व चना का वितरण किया.जिसमे एक बालिका फुटबॉल टीम व चार पुरुष फुटबॉल टीम के अलावे समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 महिलाओं को लाल पाड़ साड़ी का वितरण किया गया.कार्यक्रम में संग्राम पुर,पतरातु, होचर, बनहारा ,रेड़ों के ग्रामीण मौजूद थे.मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी,किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष झाबुलाल महतो,संगठन सचिव रंथु उरांव,उपाध्यक्ष बसंत महतो,युवा मोर्चा अध्यक्ष बिनोद मुंडा,संयुक्त सचिव मोती लाल उरांव,कोषाध्यक्ष मोहन उरांव,मेसरा पंचायत अध्यक्ष बाबूलाल महतो,उपाध्यक्ष आगमलाल महतो,दिनेश लोहरा,बाबूलाल साहू,मुन्ना उरांव,राजू मुंडा, भक्खु उरांव,संजय मुंडा,मंगराज मिंज,अजय एक्का,निशु सोरेन,रीना कछप,शशि कछप, सीवन देवी, देवंती देवी,रिमनी देवी सहित अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सीजीएल परीक्षा रद्द व उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन सत्याग्रह प्रारंभ

रांची : दो अक्टूबर बापू वाटिका,मोराबादी से जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रद्द व उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर छात्र नेता इमाम सफी के नेतृत्व में अनिश्चित कालीन सत्याग्रह प्रारंभ किया गया। सैकड़ों छात्र मौजूद रहे। सभी ने महात्मा गांधी,शहीद शेख भिखारी व लाल बहादुर शास्त्री को याद किया और उनके पद चिह्न पर चलकर परीक्षा रद्द कराने की शपथ लिया। आन्दोलन में मुख्य रुप से राजेश कुमार रंगीला, कहकशां कमाल, रवि कुमार, योगेश चंद्र भारती, शेख मोहसीन, चंदन कुमार, परवेज आलम, उम्मे हबीबा व अन्य छात्र मौजूद रहे। प्रेस को संबोधित करते हुए इमाम सफी ने कहा " बापू के सत्य अहिंसा व सत्याग्रह के मार्ग में चलकर ही भ्रष्टाचार जैसी जटिल बीमारी को रोका जा सकता है। झारखंड में जेएसएससी व जेपीएससी भ्रष्टाचार की पर्याय बन गया है। सीजीएल परीक्षा में इंटरनेट बंद करके भ्रष्टाचार को छूपाने की कोशिश की गई है। छात्र हताश न हों,खुद पर भरोसा रखें गांधी के मार्ग में चलकर परीक्षा रद्द कराएंगे और छात्रों को न्याय दिलाएंगे। इस परीक्षा को बापू ने भगाया गोरो को हम भगाएंगे चोरों को। कहकशां कमाल ने झारखंड के छात्रों से अपील किया ज्यादा से ज्यादा छात्र बापू वाटिका पहुंचे और परीक्षा रद्द कराएं।

### ओबीसी आरक्षण बढ़ाने के प्रस्ताव को नवी अनुसूची में डाली जाएः ओबीसी मोर्चा

रांची:राज्य सरकार द्वारा कैबिनेट और विधानसभा से ओबीसी को 27% आरक्षण देने का पारित प्रस्ताव जो महामहिम के पास है, उसे 50% बढाकर केंद्र सरकार को 9वीं अनुसूची में डालने की मांग राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम को मांग पत्र सौंपा कर की। ज्ञात हो की 10 सितंबर को इसी मुद्दे को लेकर महामहिम के समक्ष एकदिवसीय महाधरना भी दिया गया था। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने महामहिम को अवगत कराया है कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ओबीसी को 36% से 50% आरक्षण देने की अनुशंसा राज्य सरकार से की है। इसलिए ओबीसी को राज्य में 50% आरक्षण मिलनी चाहिए। महामहिम को सौंपे गए मांग पत्र में जातीय जनगणना कराने, केंद्र और राज्य में ओबीसी वर्ग का स्वतंत्र मंत्रालय गठित करने, सात अधिसूचित जिले में ओबीसी का आरक्षण जो शून्य है, उसे जनसंख्या अनुपात में करने, ओबीसी पदाधिकारियों -कर्मचारियों को प्रमोशन में रिजर्वेशन देने, ओबीसी में लागू क्रीमी लेयर को हटाने , चंद्रवंशी समाज को सीएनटी एक्ट से बाहर करने या जमीन पर लोन देने सहित अन्य मांग शामिल है। महामहिम ने मांग पत्र को गंभीरता से देखने के पश्चात् कहा कि आपकी मांगे जायज है। अपने स्तर के मामलों को हम देखें हैं। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के साथ राष्ट्रीय ओबीसी अधिकारी- कर्मचारी मोर्चा अध्यक्ष लाल बिहारी यादव, उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा, महासचिव अजय मेहता, अशर्फी चंद्रवंशी का नाम शामिल है।

### एसोसिएशन ऑफ़ हेल्थ प्रोवाइडर्स ऑफ़ इंडिया झारखण्ड चैप्टर की एक हुई मीटिंग



रांचीः एसोसिएशन ऑफ़ हेल्थ प्रोवाइडर्स ऑफ़ इंडिया झारखण्ड चैप्टर की एक मीटिंग हुई जिसमें आज की प्रस्थिति और हमारी चुनौतियों पैर विचार विमर्श किया गया/ इसमें करीब 30 अस्पताल के अधिकारी मौजूद रहे। इसमें सर्व सम्मति से सभी मौजूद लोगों ने आयुष्मान भारत स्कीम में काम करने और सरकार को सहयोग करने का निर्णय लिया। सभी ने JSAS (झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी) के कार्यों की सराहना की / ये भी निर्णय लिया गया के सरकार से ये अनुरोध किया जाये के विगत 04 महीनों से जिन अस्पतालों का पेमेंट रोका गया है उसे जल्द से जल्द रिलीज़ किया जाये / इस मामले को जल्द से जल्द सुलझाने और सकारात्मक आश्वासन और सहयोग के लिया स्वस्थ्य सचिव, झारखण्ड सरकार एवम एग्जीक्यूटिव (डायरेक्टर झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी) के कार्यों की सराहना की गयी / (ये भी निर्णय हुआ के सरकार से अनुरोध किया जाये के अस्पताल, JSAS (झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी) और NIC (नेशनल इन्शुरन्स कंपनी) के बीच नियमित मीटिंग हो जिससे समस्याएँ पैर विचार विमर्श हो सके और उसका निष्पादन हो सके / AHPI ने इसके लिया श्री सईद अंसारी अध्यक्ष और डॉ राजेश कुमार सेक्रेटरी को अधिकृत किया के वह इस दिशा में सरकार से बात करे.

# लोगों की समस्याओं का समाधान करने में मदद करेगा केंद्रः सुनील






बरकट्ठा। बालिका उच्च विद्यालय के समीप सामाजिक सहायता केंद्र खोला गया। युवा समाजसेवी सुनील कुमार ने शुभारंभ करते हुए इसके बारे में लोगों को पूरी जानकारी दी। कहा कि आम नागरिक का जो अधिकार है वह मतदान का अधिकार है। चुनाव प्रक्रिया के समय लोग मतदान कर अपने क्षेत्र के प्रतिनिधि को चुनते हैं। जनता के द्वारा चुने गए प्रतिनिधि जनता की समस्याओं को सड़क से सदन तक पहुंचाने हेतु आवाज बुलंद करते हैं। लेकिन अक्सर ऐसा देखा जा रहा है कि जब चुनाव आता है तो उस समय मतदाताओं को छोटे-छोटे प्रलोभन, झूठे वादे देकर उनको बहला फुसलाकर, उनकी असली ताकत मतदान को करा कर गलत जनप्रतिनिधि का चयन कर दिया जाता है। ऐसी स्थिति में उस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास रुक जाती है। इसलिए हमलोगों ने सामाजिक सहायता केंद्र के माध्यम से एवं मीडिया बंधुओं के सहयोग से अंतिम व्यक्ति तक हम लोग पहुंच कर उनकी हर सुख-दुख में उनके लिए काम करेंगे। इसके लिए हम लोगों ने एक टीम गठन किया है। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों से जुड़े सभी गांवों में सामाजिक सहायता केंद्र के माध्यम से उन्हें जागरूक करने का कार्य, अधिकारों एवं हक दिलाने का कार्य तथा सरकारी योजना से लाभान्वित कराने में सामाजिक सहायता केंद्र मदद करेगी। साथ ही साथ अगर किन्हीं का कुछ समस्या हो तो हमें लिखित रूप से इस कार्यालय में आवेदन दें। हर संभव जल्द से जल्द उनकी समस्या को नियमानुसार मदद किया जाएगा। युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी को देखते हुए केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे रोजगार युक्त योजनाओं से युवाओं को जोड़कर उन्हें रोजगार देना एवं आम जनता के बुनियादी समस्या पर विशेष ध्यान रखा जाएगा। कहा कि आप सबों से मेरा एक ही अनुरोध होगा कि आप हमसे जुड़े और लोगों को भी जुड़ने के लिए प्रेरित करें। मौके पर विपीन कुमार, विनय यादव, रवि कुमार पासवान, दिपक कुमार, प्रमोद पांडेय समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

### झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया

रांचीः जेआरजी बैंक के लगभग 100 अधिकारी/कर्मचारियों ने बैंक के अध्यक्ष श्री मदन मोहन बरियार के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा प्रायोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सुबह 7:00 बजे से बैंक के आधार वाक्य *"एक कदम स्वच्छता की ओर"* के अंतर्गत *टैगोर हिल,* रांची की सफाई के लिए स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को साफ करना, बल्कि स्वच्छता के महत्व को भी उजागर करना है। साथ ही, भारतीय रिजर्व बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, रांची द्वारा आयोजित स्वच्छ मुद्रा सप्ताह के अंतर्गत स्वच्छ नोटों का विनिमय, सिक्कों का प्रतिदिन वितरण और नोट एवं सिक्कों का विनिमय भी इस अभियान के जरिए आम जनों तक फैलाना है| सफाई के दौरान, लोगों ने प्लास्टिक की बोतलें, रैपर, पोलीथिन बैग, कैन आदि इकट्ठा किए। लगभग दो घंटे तक चले इस अभियान में सामूहिक प्रयासों के माध्यम से क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया। अभियान के अंतर्गत, अध्यक्ष श्री मदन मोहन बरियार ने उपस्थित लोगों से अपील की कि हमें अपने आस-पास की स्वच्छता का ध्यान रखकर अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए, ताकि हम एक सुंदर और स्वस्थ रांची का निर्माण कर सकें। 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत जेआरजी बैंक के सभी क्षेत्रीय कार्यालय और शाखाएं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। उन्होंने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया ।

## उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन संपन्न



गिरिडीहः उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन संपन्न आज गिरिडीह के महिंद्रा इंस्टीट्यूट में एक दिवसीय उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया, सर्व प्रथम मुख्य अतिथि जेपीएससी के पूर्व सदस्य सह विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्टार डा. प्रोफेसर एस पी सिन्हा ,विशिष्ट अतिथि प्रांत व्यवस्था प्रमुख मुकेश रंजन जी और अतिथि वनवासी विकास आश्रम के सचिव श्री सुरेश शक्ति जी को बुके देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि डा. एस पी सिन्हा ने कहा कि यह देश युवाओं का देश है और युवा राष्ट्र की असली शक्ति और राष्ट्र के निर्माता भी हैं, शिक्षा उपरांत युवा पीढ़ी को स्वरोजगार की ओर बढ़ना चाहिए, ताकि उसे बेरोजगारी की लाइन में खड़ा ना होना पड़े ।

विशिष्ट अतिथि श्री मुकेश रंजन जी ने कहा कि युवाओं को स्वाबलंबी बनना होगा, तभी बेरोजगारी दर को कम किया जा सकता है, हमे बदलाव की शुरुआत खुद से करनी चाहिए, अपनी निजी जीवन यापन पद्धति में स्वदेश निर्मित वस्तुओं का उपयोग बढ़ाना होगा, जहां तक संभव हो सिर्फ स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए, लोकल फोर वोकल सिर्फ स्लोगन बनकर रह गया है हमे उसपर अमल करना चाहिए ताकि हमारे आस पास के छोटे छोटे व्यापारियों को रोजगार मिल सके , हमारा परंपरागत व्यवसाय आज खत्म होता जा रहा है, हम आधुनिकता की अंधी दौड़ में शामिल हो गए हैं,हमारी दूसरों पर निर्भरता बढ़ती जा रही है, जो न सिर्फ हमारे रोजगार को खत्म कर रहा है बल्कि वह हमारी संस्कृति को भी खतरे में डाल रही है, अतः हमे पुनः स्वदेशी की ओर लौटना चाहिए । वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता श्री सुरेश शक्ति जी ने युवाओं से आह्वान किया कि युवाओं को व्यक्ति निर्माण के साथ साथ राष्ट्र निर्माण को ध्यान में रखकर शिक्षा अर्जन करना चाहिए, आज का युवा सिर्फ नौकरी के पीछे पागल है, जिसका खामियाजा है कि आज परिवार सिकुड़ता जा रहा है, एक मां बाप पांच सात बच्चों को पाल लेते हैं लेकिन उतने बाल बच्चे मिलकर बुढ़ापे में मां बाप को नही पाल रहे हैं, आज वृद्धा आश्रम में वृद्धों की संख्या बढ़ती जा रही है, जिसमे ज्यादातर नौकरी पेशा वाले घरों के हुआ करते हैं। अतः शिक्षा ऐसी हो जहां रोजगागार के साथ साथ साथ व्यक्ति निर्माण भी हो । उन्होंने युवाओं से अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा किया। स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक श्री संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि युवाओं को नौकरी मांगने वाला नही नौकरी देने वाला बनना चाहिए , उन्हें खुद का स्टार्टअप करनी चाहिए, क्योंकि कोई भी सरकार अपनी शत प्रतिशत लोगों को नौकरी नहीं दे सकती है, अतः हमे स्वाबलंबी बनकर खुद की शुरुआत करनी चाहिए। गिरिडीह जिले में विगत तीन वर्षों से स्वदेशी जागरण मंच स्वाबलंबी भारत अभियान के बैनर तले स्वरोजगार से युवाओं को कैसे जोड़ा जाए इसपर कार्य कर रही है, इसके लिए एक रोजगार सृजन केंद्र की भी स्थापना किया गया है, जहां युवा वर्ग अपनी समस्यायों को रख सकते है ताकि उनका सही तरीके से गाइड किया जा सके। कार्यक्रम को महिंद्रा इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर कुमार गौरव , एबीवीपी के विभाग संयोजक विजय झा ,जिला संयोजक उज्जवल तिवारी,और स्वाबलंबी भारत अभियान के पूर्णकालिक कार्यकर्ता प्रियांशु शेखर ने भी संबोधित किया। आज के उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन में जिला महिला प्रमुख नीतू शोला,स्वाबलंबी भारत अभियान के जिला संयोजक मुकेश पाण्डेय, सह संयोजक मंटू मुर्मू, जितेंद्र चौधरी,भाविनी सिन्हा,राजेश पांडेय,निधि कुमारी समेत महिंद्रा इंस्टीट्यूट के सभी छात्र छात्राओं ने भाग लिया। मंच संचालन जिला संयोजक संतोष कुमार पांडेय ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रियांशु शेखर ने किया ।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई

गिरिडीहः झामुमो ज़िला कार्यालय में देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं और पूर्व प्रधानमंत्री एव सादगी के प्रतीक लाल बहादुर शास्त्री जी की 121वीं जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा के ज़िलाध्यक्ष दिलीप मंडल एव संचालन प्रमिला मेहरा ने की। इस पुष्पांजलि सभा को संबोधित करते हुए श्री मंडल ने कहा कि बापू के बताये हुए मार्ग सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चल कर ही देश में क्रांति लाई जा सकती है आज बापू की ज़रूरत पुनः आन पड़ी है जिस तरह देश में तानाशाही बढ़ी है, पूंजीवाद का शाशन बढ़ा है वो देश को गर्त में लेकर जा रहा है मौजूदा केंद्र सरकार को लाल बहादुर शास्त्री जी से प्रेरणा लेने की अवस्यकता है जहाँ शास्त्री जी प्रधानमंत्री होते हुए भी सादगी के साथ शाशन किए वही मौजूदा प्रधानमंत्री मात्र परिधानमंत्री होकर रह गया है। प्रमिला मेहरा ने कही कि बापू को समझने के लिए पहले पढ़ना होगा आज व्हाट्सएप पे भ्रामक पोस्ट डाल कर गांधी जी के आदर्शों को धूमिल किया जा रहा है गोडसे जैसे आतंकी को युवा अपना आदेश मानने लगे है ये सिर्फ़ अल्प ज्ञान के कारण ही हो रहा है इसलिए गांधी जी और शास्त्री जी को जानने के लिए पहले इनके जीवन को पढ़ना होगा। अभय सिंह ने कहा कि गाँधी जी केवल भारत के अनुकरणीय और पूज्यनीय नहीं बल्कि समूचे विश्व में गांधी जी को उनके सादगी, सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए मानते है । इसलिए नेल्सन मंडेला ने कहा था कि गांधी जी ने पहली बार सत्य का प्रयोग किया, न्याय की खोज में दृढ़ता दिखाई, और सत्याग्रह को एक दर्शन और संघर्ष की पद्धति के रूप में विकसित किया। कार्यक्रम में : कृष्ण मुरारी शर्मा, दिलीप रजक, अकील सोनू, पवन चंद्रवंशी, शुशान्त सिन्हा, समीर, परवेज़, इमरान, तबराक़, सुनील कुमार मौजूद थे।

### ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल नेवरी ने स्वच्छता जागरूकता प्रभात फेरी निकाला

कांके(मोहसीनआलम): ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल नेवरी के छात्र छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षाओं ने गांधी जयंती के पावन अवसर पर स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया.प्रभात फेरी स्कूल प्रांगण से निकलकर नेवरी गांव के टोला मोहल्ला होते हुए पुनः स्कुल लौट गई, इस दौरान स्कूली बच्चों ने चौक चौराहों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को गंदगी नहीं फैलाने, प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने, एवं कूड़ेदान का इस्तेमाल करने के लिए जागरूक किया,स्कूली बच्चे राहगीरों से स्वच्छता के प्रति सुझाव भी ले रहे थे, इसके अलावा कई तरह के सवाल भी बच्चे लोगों से पूछ रहे थे,स्कूली बच्चे हाथों में बैनर पोस्टर लिये हुए स्वच्छता के प्रति नारे लगाते हुए धीरे-धीरे बढ़ रहे थे,जिसे देख ग्रामीणों ने स्कूली बच्चों के कार्यों क़ो खूब सराहना किया,इस अवसर पर स्कूल के निर्देशक जीशान अख्तर ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी,और लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत यह कार्यक्रम किया जा रहा है.

### पंजाब एंड सिंध बैंक ने विद्यार्थियों के बीच कराई निबंध प्रतियोगिता

रांची(मोहसिनआलम):पंजाब एंड सिंध बैंक मैन रोड शाखा ने राईन उर्दू गर्ल्स हाई स्कूल लेक रोड रांची में छात्र-छात्राओं के बीच स्वच्छ भारत अभियान पर निबंध प्रतियोगिता बैंक अधिकारी कौशल कुमार व मति आंचल होरा के नेतृत्व में आयोजन किया गया।जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मौके पर बैंक अधिकारी कौशल कुमार ने कहा कि यह आयोजन से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में,दिल से 'स्वच्छांजलि' देकर सम्मानित करने के देश के सामूहिक संकल्प का प्रतीक है। पंजाब एंड सिंध बैंक ऐसी नेक पहल का समर्थन करने और देश भर में स्वच्छता की भावना को बढ़ावा देने के प्रति अपने समर्पण पर दृढ़ है। वहीं मति आंचल होरा ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मानसिक एवं बौद्धिक स्तर को तैयार करना है उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ ही समाज में स्वच्छता के प्रति हम सबको सजक होना है। मौके पर स्कूल की प्रधानाध्यापिका मति फरहीन नाज ने बैंक के स्वच्छता के प्रति सराहनीय कार्य करने पर धन्यवाद करते हुए सफल विद्यार्थियों को पुरस्कार के रूप में मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चियां उपस्थित थे।

### वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों से सशक्त होगा गाँव गिरिडीह जिला विशेष ग्राम सभा रिपोर्ट



गिरिडीह, 02 अक्टूबरः- महात्मा गांधी की 155वीं जयंती और भारत गणराज्य की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में गिरिडीह जिले के तीन पंचायतों - टेलोडीह (सदर ब्लॉक), मलुआटांड और करोडीह (जमुआ ब्लॉक) में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इन सभाओं का मुख्य उद्देश्य "सक्षम पंचायत, विकसित भारत" के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों और उनके सुझावों से ग्राम विकास की दिशा में नया दृष्टिकोण प्राप्त करना था। वरिष्ठ नागरिकों का सम्मानः गाँव के बुजुर्गों को विशेष रूप से आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। पौधरोपणः पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ पंचायतों में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवः ग्राम सभा के दौरान बुजुर्गों ने अपने जीवन के अनुभव और गाँव में आए बदलावों पर चर्चा की। गाँव के विकास में उनके अनुभवों को शामिल करने की पहल की गई। युवाओं के लिए प्रेरणाः वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव और विचार गाँव की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक साबित होंगे। इन ग्राम सभाओं का संचालन पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों - हिमांशु साहू, संजुक्ता पात्रा, और रहमतुन निशा ने किया। उन्होंने ग्राम सभा को सुचारू रूप से संपन्न कराया और सभी उपस्थित लोगों को ग्राम विकास की दिशा में मिलकर काम करने का आह्वान किया। साथ ही जिला पंचायती राज विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बुजुर्गों ने गाँव के ऐतिहासिक बदलावों पर चर्चा की और वर्तमान में हो रहे विकास कार्यों पर संतोष जताया। पंचायत के विकास में युवाओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया गया। बुजुर्गों से प्राप्त सुझावों के आधार पर ग्राम पंचायत विकास योजना में सुधार करने का संकल्प लिया गया। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पंचायतों में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्राम सभा का उद्देश्य गाँव के वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव और विचारों को ग्राम विकास में शामिल करना था। उनके अनुभव न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य की योजनाओं के लिए भी मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इन सभाओं से स्पष्ट हुआ कि पंचायत के बुजुर्ग समाज की धरोहर हैं, और उनका योगदान गाँव को और अधिक सशक्त और समृद्ध बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। ग्राम सभा के अंत में सभी वरिष्ठ नागरिकों के सुझावों के आधार पर ग्राम पंचायत विकास योजना में सुधार करने का संकल्प लिया गया।

### जेएसएससी-सीजीएल के आनदोलनरत परीक्षार्थियों को बुला कर वार्ता करेः विजय शंकर नायक

रांचीः सीएम हेमंत सोरेन अविलंब जेएसएससी-सीजीएल के आनदोलनरत परीक्षार्थियों को बुला कर वार्ता करे और जो छात्रो पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है उसे निरस्त करे और जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा को रद्द करे।उपरोक्त बाते आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने आज JSSC कार्यालय घेराव करने वाले छात्रो पर सरकार दवारा प्राथमिकी दर्ज करने पर अपनी प्रतिक्रिया मे उक्त बातें कही । इन्होने यह भी कहा कि 16 नामजद छात्रो एंव 1 हजार अज्ञात छात्रो पर FIR दर्ज करना राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड करना है जो माफी योग्य नही है ।सरकार को तुरंत इन छात्रो पर किये गये प्राथमिकी को निरस्त किया जाना चाहिए और अविलंब छात्रो से वार्ता कर जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा को रद्द करने की दिशा मे सकरात्मक पहल किया जाना चाहिए.

# मोदी की झारखंडियों में घटने लगी है विश्वसनीयता : केशव महतो कमलेश



रांची : . कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि लोग अब भाजपा की हक़ीक़त समझ रहे हैं और कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन के पक्ष में पूरे प्रदेश में हवा बह रही है. आज राजधानी के चान्हो प्रखण्ड के बिजुपाड़ा चौक पर क्षेत्र के पहले विधायक और स्वतंत्रता सेनानी सोमा टाना भगत की जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए श्री कमलेश ने कहा कि गुजरात के रहनेवाले महात्मा गांधी और सरदार पटेल ने देश की आजादी के लिए काम किया और आज उसी गुजरात के रहनेवाले मोदी और शाह क्या कर रहे है ये किसी से छुपा नही है.

इस अवसर पर पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि भाजपा का असली चेहरा झारखण्ड के लोग अपनी खुली आँखों से देख रहे हैं और चुनाव में भाजपा को इसकी कीमत चुकानी होगी. श्री तिर्की ने कहा कि कांग्रेस ही एक अकेली ऐसी पार्टी है जो एक ओर देश के स्वतंत्रता सेनानियों के बताये रास्ते पर चलती है वही दूसरी ओर आम जनता की जरूरत, अपेक्षा और आकांक्षा का भी ख्याल रखते हुए अपनी नीति और योजनायें तैयार करती है. श्री तिर्की ने कहा कि पूरे विश्व में महात्मा गांधी के त्याग, बलिदान एवं समर्पण को याद किया जाता है और देश की आजादी में कदम से कदम मिलाकर साथ चलने वाले टाना भगत पूरी दुनिया में सादगी के प्रमाण हैं. उन्होंने कहा कि भाजपा झारखण्ड के टुकड़े-टुकड़े करने पर तुली है लेकिन भाजपा वाले जहाँ झारखण्ड तोड़ना जानते है पर कांग्रेस जोड़ने का काम करती है. श्री तिर्की ने कहा कि राज्य सरकार ने बिजली माफ करने अबुआ आवास, मईया सम्मान योजना आदि के माध्यम से अपनी मनसा जाहिर कर दी है जिसकी चर्चा पूरे देश में हो रही है. लेकिन दूसरी तरफ चुनाव आते ही विरोधी गिद्ध की तरह मंडरा रहे है. दूसरी तरफ उड़ीसा के भाजपा मुख्यमंत्री सरायकेला और खरसावां को उड़ीसा में मिलाने की बात बोल रहे है तो निशिकांत दुबे गोड्डा को अलग करने की बात बोल रहे है. उन्होंने कहा कि मूलवासी और आदिवासी की लड़ाई सिर्फ कांग्रेस ही लड़ती है. इस अवसर पर मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि 2019 के पहले गिने चुने लोगों को ही पेंशन मिलता था लेकिन अब एक भी आदमी ऐसा नहीं होगा जिसे पेंशन न मिलता हो. उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों का 2 लाख रुपया तक का ऋण माफ कर दिया है .

और इससे बड़ी संख्या में किसानों को फायदा मिला है. श्रीमती तिर्की ने कहा कि झारखण्ड की जनता सब समझ चुकी है और अबकी बार जीतने के बाद मांडर विधानसभा के विकास का मॉडल सभी के लिये देखने लायक होगा.

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू ने सभी से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने की अपील की. इस मौके पर सभी गणमान्य अतिथियों ने भी सोमा टाना भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित किया. इस दौरान वहां मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसे देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी.

आज ही कांग्रेस ने आगामी विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में अपने चुनाव अभियान की शुरुआत की. इससे पहले अतिथियों का स्वागत पारंपरिक रीति रिवाज के साथ किया गया. वहीं स्मारक समिति द्वारा टाना भागतों का सम्मान किया गया.

मौके पर सुरेश बैठा, रविंद्र सिंह, अभिलाष साहू रियाज अंसारी, सुंदरी तिर्की, बेलस तिर्की, स्मारक समिति के अध्यक्ष मंगरू भगत, प्रखंड अध्यक्ष इस्तियाक अहमद रिजवान अंसारी चरवा उरांव प्रमोद लाल जुल्फेकार अली, शिव उरांव, अजीत सिंह, मो मोजीबुल्लाह, सज्जाद अंसारी सहित अनेक लोग मौजूद थे.

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

## आर्थिक विकास और बढ़ता कर्जः भारत की अर्थव्यवस्था का संकट ?

हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी 3.4 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गई है, देश पर कर्ज 3.3 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गई है। हमारी अर्थव्यवस्था और कर्ज बराबर पर आ गए हैं। ऐसे में सवाल है, क्या भारत की अर्थव्यवस्था दिवालियापन की ओर बढ़ रही है। 2004 में अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल के अंत में भारत की अर्थव्यवस्था 700 बिलियन डॉलर थी। 10 वर्षों के मनमोहन शासनकाल में यह आंकड़ा बढ़कर 2014 में 2.25 ट्रिलियन डॉलर हो गया था। नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद 10 साल के शासन काल में जीडीपी 2024 में लगभग 3.4 ट्रिलियन डॉलर हो गई है। मोदी के पिछले एक दशक के कार्यकाल में औद्योगिक उत्पादन और विनिर्माण के क्षेत्र में कोई विशेष वृद्धि नहीं हुई,जिससे बेरोजगारी पिछले 10 वर्षों में तेजी के साथ बढ़ी है। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार, मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं का अपेक्षित लाभ नहीं हुआ। मनमोहन सिंह के 10 साल के कार्यकाल में 1.55 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बढ़ी थी। 2008 में अमेरिकी आर्थिक मंदी का असर भी भारतीय अर्थ व्यवस्था में पड़ा था। मोदी के 10 साल के कार्यकाल में 1.15 ट्रिलियन डालर की अर्थ-व्यवस्था बढ़ी। 2014 में कर्ज 56 लाख करोड़ का भारत पर था। जो अब बढ़कर 1.65 करोड़ से ज्यादा हो चुका है। विनिर्माण क्षेत्र की विकास दर घटकर 5.5 फीसदी पर आ गई है। इस क्षेत्र में भी रोजगार में कमी आई है। भारत के कपड़ा रेडीमेड और हस्तकला उद्योग में चीन का कब्जा 80% तक हो गया है। जिससे भारतीय बाजार और उद्योग प्रभावित हुए हैं। पिछले एक दशक में प्रत्येक क्षेत्र में 100 फ़ीसदी विदेशी निवेश की छूट दिए जाने के बाद से भारत का लघु एवं मध्यम क्षेत्र का रोजगार और उद्योग धंधे बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। जिसके कारण देश में बड़ी तेजी के साथ बेरोजगारी बढ़ी है।2014 में मोदी सरकार ने आते ही सभी सेक्टर में 100 फ़ीसदी विदेशी निवेश को जो छूट दी। उसके बाद से देश का आर्थिक ढांचा बुरी तरह गड़बड़ा गया है। भारत की अर्थव्यवस्था विदेशी निवेश और कर्ज पर आधारित हो गई है। अर्थव्यवस्था की वर्तमान स्थिति मे भारी कर्ज का बोझ कोढ़ में खाज की तरह हो गया है। पिछले 10 वर्षों में जनता के ऊपर टैक्स और शुल्क बेतहाशा बढ़ाए गए हैं। जिसके कारण महंगाई बड़ी तेजी के साथ बढ़ी, लोगों की आय कम हुई। स्थानीय रोजगार खत्म होने के कारण बेरोजगारी बढ़ी। सरकार ने इस दिशा में कोई ठोस ध्यान नहीं दिया। केंद्र सरकार राज्य सरकारों और स्थानीय संस्थाओं ने इन 10 वर्षों में विकास कार्यों और लोक लोभावन योजनाओं के लिए कर्ज लेकर सरकारी खर्चों को बढ़ा लिया। पिछले 10 सालों में लगातार टैक्स और शुल्क के रूप में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों ने 2014 की तुलना में 10 गुना ज्यादा कमाई की है। केंद्र और राज्य सरकारों ने भारी कर्ज लिया। कर्ज लेने के लिए बजट का आकार बढ़ाया। जिससे ज्यादा से ज्यादा कर्ज मिल सके। 2014 से लेकर 2024 के बीच में सरकार ने कर्ज और विदेशी निवेश को ही प्राथमिकता दी है। सरकार का ध्यान कभी भी महंगाई, बेरोजगारी, नागरिकों के ऊपर बढ़ते कर्ज, स्थानीय स्तर पर बेरोजगारी जैसे विषयों पर नहीं रहा। 1970 से लेकर 2000 के 30 वर्षों में भारत में सभी क्षेत्रों में स्थानीय रोजगार लघु उद्योग के रूप में विकसित हुए थे। जिसके कारण भारत की अर्थव्यवस्था एक नए स्वरूप में पहुंच गई थी। 2008 की अमेरिकी मंदी का कोई प्रभाव भारत में इसलिए नहीं पड़ा। हमारी अर्थव्यवस्था लघु एवं मध्यम उद्योगों के हाथ में थी। कृषि की अर्थव्यवस्था मजबूत थी। 2014 के बाद से हम विदेशी निवेश पर आश्रित होते चले गए। हमारा आयात कई गुना बढ़ गया। उसकी तुलना में हम अपना निर्यात नहीं बढ़ा पाए। कर्ज लेकर खर्च की पूर्ति करते रहे। जिसके कारण भारतीय अर्थव्यवस्था दिवालियापन की ओर बढ़ चली है। केंद्र एवं राज्य सरकारों के पास खर्च करने के लिए पैसे नहीं हैं। वह लगातार कर्ज उठा रहे हैं। बजट का 25 से लेकर 40 फ़ीसदी तक ब्याज और किस्त के रूप में राज्य सरकारों और केंद्र सरकार को सरकारी खजाने से चुकाना पड़ रहा है। भारत में आम जनता से दुनिया भर में सबसे ज्यादा टैक्स वसूल किया जा रहा है। अब इस टैक्स को बढ़ाया भी नहीं जा सकता है। लोगों की बचत खत्म हो गई है। पिछले कई वर्षों से बचत से खर्च मध्यम एवं निम्न वर्ग चला रहे हैं। भारतीय शेयर बाजार और आर्थिक आंकड़ों में हेरफेर करके वर्तमान सरकार वास्तविक स्थिति की अनदेखी कर रही है। इससे समस्या और भी बढ़ रही है। विश्व बैंक भारत को बढ़ते कर्ज को लेकर लगातार चेतावनी दे रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद भारत में राजनीतिक अस्थिरता बढ गईं है। जिसके कारण देश की आर्थिक स्थिति दिनों दिन विकराल होती जा रही है। रिजर्व बैंक, नीति आयोग, बाजार नियामक संस्था सेबी, भारतीय शेयर बाजार सरकार के साथ कदमताल करते हुए चल रहे है। जिसके कारण आर्थिक स्थिति पर अब रिजर्व बैंक जैसी संस्था का भी कोई नियंत्रण नहीं रहा। सेबी का भी शेयर बाजार पर कोई नियंत्रण नहीं है। जो अर्थव्यवस्था के आंकड़े अभी देखने को मिल रहे हैं। वह कितने वास्तविक हैं। इसको लेकर सारी दुनिया के देशों में तरह-तरह की चर्चा होने लगी है।

## माउंट आबू ब्रह्माकुमारीज में ग्लोबल समिट का आगाज़ करेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

आध्यात्मिकता द्वारा स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज विषय पर 4 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक आयोजित हो रही ग्लोबल समिट में 4 अक्टूबर को सुबह 10 बजे राष्ट्रपति उदघाटन करेंगी । ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के मुख्यालय शांतिवन में राष्ट्रपति विशेष विमान से 3 अक्टूबर को शाम को शांतिवन पहुंच जाएंगी, जहां रात्रि विश्राम के बाद 4 अक्टूबर को सुबह 10 बजे ग्लोबल समिट का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। इस समिट में देश-विदेश से अपने-अपने क्षेत्रों की जानीं-मानीं हस्तियां भाग ले रही है।समिट के संयोजक व संस्थान के कार्यकारी सचिव डॉ. बीके मृत्युंजय भाई ने बताया कि इस अवसर पर देशभर से धर्म, अध्यात्म, शिक्षा, राजनीति, व्यापार और मीडिया जगत की दिग्गज हस्तियां महोत्सव की शोभा बढ़ाएंगी। इस समिट में कुल आठ सत्र आयोजित किए जाएंगे। वहीं रात में देशभर से आए कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यकारी सचिव डॉ. बीके मृत्युंजय भाई ने बताया कि राष्ट्रपति बनने के बाद द्रौपदी मुर्मु पहली बार 3 जनवरी 2023 को शांतिवन पहुंचीं थीं, जहां उन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित आध्यात्मिकता से स्वर्णिम भारत का उदय कार्यक्रम में भाग लिया था। ब्रह्माकुमारीज़ के माउंट आबू स्थित ज्ञान सरोवर परिसर में रात्रि विश्राम के बाद सुबह मुरली क्लास में भाग लिया था और पांडव भवन में ब्रह्मा बाबा के समाधि स्थल पर पुष्पांजली अर्पित की थी। राष्ट्रपति द्रौपदी लंबे समय से ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान से जुड़ी हैं। यहां सिखाए जाने वाले राजयोग मेडिटेशन के कारण उनके जीवन में बहुत बदलाव आया है। उन्होंने जीवन के कठिन दौर में राजयोग की बदौलत नई दिशा प्राप्त की।तभी तो आज भी वह सुबह 3.30 बजे से राजयोग ध्यान करती हैं। ब्रह्माकुमारीज इस समिट में उन अनुकरणीय व्यक्तियों को सम्मानित कर रहा है, जिन्होंने एकता, शांति और न्याय को बढ़ावा देकर मानवता पर गहरा प्रभाव डाला है। ये पुरस्कार विभिन्न क्षेत्रों के उन नेताओं को भी दिया जाता हैं, जो अपने अटूट समर्पण और सिद्धांतों के माध्यम से समाज का उत्थान कर रहे हैं।मानवता के संरक्षक के रूप में विभिन्न हस्तियों को सम्मानित करने के साथ ही उनके संघर्षों के प्रतिफल से वैश्विक एकता और शांति को बढ़ावा मिलने की गाथा का भी वर्णन किया जाता है। जिनकी असाधारण उपलब्धियां और मूल्य उन्हें प्रेरणादायक नेता के रूप में परिभाषित करते हैं,उन्हें सम्मान देने और निडर रिपोर्टिंग के माध्यम से सत्य, निष्ठा और लोकतंत्र को बनाए रखने वाले पत्रकारों को भी सम्मान मिलना इस समिट की बड़ी उपलब्धि है।ब्रह्माकुमारीज को उन लोगों को सम्मानित करने पर गर्व करती है जो दुनिया में एकता, शांति और सद्भाव को बढ़ावा दे रहे हैं।जो क्षेत्रीय संघर्षों या युद्ध को रोकने में योगदान दे रहे हैं,साथ ही आध्यात्मिक साधनों के माध्यम से राजनीतिक, कूटनीतिक और आर्थिक प्रकृति के विवादों को सुलझा रहे हैं और खतरों को कम करने, मानवता के भीतर गरीबी और भ्रम को खत्म करने के तरीके विकसित कर रहे हैं। ब्रह्माकुमारीज की मूल भावना शांति, सामाजिक न्याय और अंतर-धार्मिक सहयोग को मजबूत करना है।ब्रह्माकुमारीज उन भारतीयों को भी सम्मानित करेगी जिनके जबरदस्त जुनून, नवाचार और असाधारण उपलब्धि ने उन्हें उत्कृष्ट नेता बनाया और जिनके जीवन में दृढ़ संकल्प, उच्च आदर्शवाद, सिद्धांत और मूल्य, समर्पण, परोपकारिता, अथक भावना और असाधारण आत्म शक्ति की विशेषता रही है।

# चाँद मियां से चाँद तक का सफर

**राकेश अचल**

| रोजाना लिखकर दिहाड़ी कमाने वाले हम जैसे लोग आजकल चकरघिन्नी बने हुए है । लिखने के लिए इतने मुद्दे और विषय कुकुरमुत्तों की तरह उग आते हैं। तय कर पाना कठिन हो जाता है कि कौन से मुद्दे पर लिखा जाये और कौन से छोड़ दिया जाये ? आज भी समाने चाँद मियां हैं, गांधी बब्बा हैं, सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या है और नितिन गडकरी की विषकन्या है।

बात चाँद मियाँ से शुरू करते है। ये चाँद मियां अपने चिर-परिचित साईं बाबा हैं। काशी के ब्राम्हणो ने अपने शहर के मंदिरों से चाँद मियां की 14 प्रतिमाएं ऐसे हटा दीं जैसे वे कोई आतंकवादी हों। साईं बाबा का नाम चाँद मियां हो या अब्दुल इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। फर्क इस बात से पड़ रहा है कि समाज में नफरत मनुष्यों से होती हुई अब बुतों पर आ गयी है। साईं बाबा उर्फ़ चाँद मियां के खिलाफ नफरत का श्रीगणेश दिवंगत शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने किया था । काशी के ब्राम्हणों की करतूत देखकर स्वामी जी की आत्मा गदगद हो रही होगी। स्वाभाविक है ऐसा होना। हमारे देश में किसी चाँद मियां को पूजने की गुंजाईश नहीं है । काशी के पंडितों का पंडितों के बूते से बाहर है अन्यथा वे चाँद मियां के बुतों के साथ ही अजमेर जाकर ख्वाजा साहब की मजार भी उखाड़ फेंकते क्योंकि वे भी मियां हैं। काशी के ब्राम्हण दरअसल साईं बाबा की पूजा को प्रेत पूजा मानकर इसको सनातन विरोधी बता रहे हैं जैसे सनातनी प्रेत,भूत,मशान की पूजा करते ही नहीं हैं। वे पूरे पितृपक्ष में क्या करते हैं वे खुद नहीं जानते। दरअसल काशी के ब्राम्हण न चाँद का अर्थ जानते हैं और न मियाँ का। उनके लिए तो ये दोनों म्लेच्छ हैं,विजातीय हैं,विधर्मी हैं ,उन्हें मंदिरों में पूजने की तो छोड़िये इस मुल्क में भी रहने की इजाजत नहीं दी जाना चाहिए।

कोई चार दशक पहले मैंने भी साईं बाबा के मंदिर जाकर शायद पाप किया था । मुझे उस समय किसी ब्राम्हण या शंकराचार्य ने बताया ही नहीं कि साईं बाबा चाँद मियां हैं इसलिए उनके दर्शन करने से पाप लगता है। शिरडी के साईं मंदिर में जाने वालों को ये काशी वाले कैसे रोकेंगे मुझे पता नहीं क्योंकि वहां आज भी हर दिन हजारों लोग जाते हैं। काशी वालों कि संसद आजकल देश कि प्रधानमंत्री भी हैं उन्हें चाहिए कि वे देश में जहाँ-जहाँ चाँद मियां कि मंदिर हैं उनके ऊपर बुलडोजर चलवा दें। शिरडी में तो ये काम और आसान है क्योंकि वहां उनकी अपनी डबल इंजिन की सरकार है। इसके लिए संसद में कोई विधेयक लाने या अध्यादेश जारी करने की भी जरूरत नहीं है

इस देश की खासियत ये है कि यहां के ब्राम्हणों को अपना मूल काम करने की तो फुरसत नहीं है और ऊल-जलूल काम करने कि लिए वे हमेशा तैयार रहते हैं। मैं अभी तक ब्राम्हणों को विद्व्त परिषद का सम्माननीय सदस्य मानता था लेकिन मुझे अब लगता है कि काशी के ब्राम्हण मंडन मिश्र की परम्परा कि ब्राम्हण नहीं है। वे कूप मंडूक हैं ,उन्हें भी सियासत करना आ गया है। वे भी सरकार की हिन्दू राष्ट्र की कल्पना में डुबकियां लगा रहे हैं। जन्मना मै भी एक ब्राम्हण हूँ लेकिन मुझे ईश्वर की कृपा से न ऐसे सपने आते हैं और न मुझे किसी की पूजा-रचा से कोई आपत्ति है। जिसे ,जो पसंद है वो उसे पूजे। मंदिर बांये,मस्जिद बनाये ,गुरूद्वारे बनाये ,गिरजाघर बनाये। चाहे तो अपने नेताओं की प्रतिमाएं बनाकर उन्हें चाँद मियां के स्थान पर लगवा कर प्राण- प्रतिष्ठित कर दे। मुझे। लगता है कि काशी में जो हुआ है उससे एक बात तो प्रमाणित हो गयी है की नितिन गडकरी की विषकन्या अपना काम करने में कामयाबी कि बहुत नजदीक है। विषकन्या अर्थात सत्ता ने समाज में इतना जहर घोल दिया है की वो अब आदमियों कि साथ-साथ बुतों से भी अदावत मानने लगा है। मेरा आज भी मानना है की काशी कि ब्राम्हण हों या उनके स्मार्टक हिन्दू धर्म में आयी संकीर्णता की वजह से धर्म की दरकती ईंटों को देखकर आतंकित हैं ,उन्हें अपनी रोजी-रोटी पर खतरा मंडराता दिखाई दे रहा है । ये खतरा है या नहीं अलग बात है लेकिन उन्हें ये खतरा महसूस कराया जा रहा है फर्जी आंकड़े दिखाकर ।

काशी कि ब्राम्हण नहीं जानते कि चाँद मियां की बिरादरी में बुत परस्ती की मुमानियत है । उनके यहां पांच वक्त की आरती नहीं नमाज होती है ये तो हम हिन्दुओं में ही मुमकिन है। चाँद मियां कि मंदिर और बुत किसी मुसलमान ने नहीं बनवाये,हिन्दुओं ने बनवाये है।वाहन पांच वक्त की आरती चाँद मियां की बिरादरी वालों ने शुरू नहीं की बल्कि हिन्दुओं ने शुरू की है। ऐसे लोगों को देशद्रोही,धर्मविरोधी करार देकर देश के बाहर कर देना चाहिए।

दरअसल ये मंगल पर जाने का नहीं अपितु गाय और गोबर की और लौटने का युग है। यहां गाय को राजमाता बनाने की होड़ चल रही है और इसके पीछे वे ही पावन हाथ हैं जो गोमांस का निर्यात करते हैं। लेकिन काशी कि पंडितों का जोर इनके ऊपर नहीं चलता। काशी वाले चाँद मियां की प्रतिमाएं तो हटा और हटवा सकते हैं लेकिन गोमांस का भक्षण करने वाले किसी केंद्रीय मंत्री को मंत्रिमंडल से नहीं निकलवा सकते। । आज जब मै ये सब लिख रहा हूँ तब मुझे महात्मा गाँधी की याद आती है । आज उनका जन्मदिन है। अच्छा हुआ कि वे आज नहीं हैं अन्यथा काशी वालों की करतूत उन्हें भी बहुत परेशान करती। वे परेशान होकर आज भी - सबको सन्मति दे भगवान का भजन गाते दिखाई देते। चाँद मियां के बुतों कि दुश्मनों के लिए तो बाबा गाँधी कि बुत भी कांटे की तरह चुभते हैं। लेकिन सियासी मजबूरी है कि उन्हें देश में भी और विदेश में भी गांधी कि बुतों कि आगे बुत बनकर अपना शीश झुकाना पड़ता है।काशी ब्रांड पंडितों का जोर नहीं है अन्यथा वे गाँधी के बुतों की जगह क्रांतिवीरों कि बुत स्थापित कर चुके होते।

बहरहाल आज पितृमोक्ष अमवस्या है। आज अपने पूर्वजों कि तर्पण का आखरी दिन है । काशी कि पंडित अपने पूर्वजों को कैसे विदा करते हैं ये आप सभी ने देख लिया है। काशी के पंडितों को पहले मियाँ शब्द कि अर्थ को जान लेना चाहिये । चाँद मियां कि साथ जो मियां शब्द बाबस्ता है वो फ़ारसी का शब्द है। संस्कृत में भी होता तो भी उसका अर्थ स्त्री का पति, स्वामी, मालिक सादात ही होता। मियां का अर्थ अल्लाह,मुर्शिद, पीर ,संगीतज्ञ, मिरासी, मूर्ख, दीवाना, बावला मीरान अर्थात सरदार,आक़ा, मालिक, हाकिम, सरदार, बुज़ुर्ग, वाली वारिस

उस्ताद, पढ़ाने वाला, मुल्ला ही होता । वैसे पहाड़ी राजपूत, राजाओं के ख़ानदानी लोग, ठाकुर, शहज़ादे, शाही ख़ानदान के लोग

भी एक -दूसरे के लिए जाने-अनजाने मियां शब्द का इस्तेमाल करते रहे हैं। हम तो उन शाइरों को जानते हैं जिनके नाम कि आगे मियां ऐसे जुड़ा होता है जैसे किसी शहजादे की टोपी में सुर्ख़ाब का पर। मियां नासिख़, मियां मुसहफ़ी, मियां जुराअत, मियां इशक़ का नाम तो आपने भी सुना ही होगा। हमारे शिवदयाल अष्ठाना तो हमें हमेशा मियां ही कहकर पुकारते थे। वे लखनऊ के थे । वे भी आज हंस रहें होंगे कहीं स्वर्ग में ये सब देखकर।

# हजारों करोड़ रुपए खर्च होने के बाद भी एनआरसी डब्बे में बंद

**सनत जैन**

- लाखों लोग हुए परेशान, करोड़ों रुपए का घोटाला
- बांग्लादेशियों को मोहरा बनाकर हो रही है राजनीति
- खुलेआम हिंदू मुस्लिम की राजनीति

भारत के असम राज्य के दो जिलों के नागरिकों का राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर बनाने का फैसला हुआ था। दो जिलों में जो 19 लाख लोग बाहर से आए थे। उनकी नागरिकता के लिए यह प्रक्रिया शुरू की गई थी। केन्द्र सरकार बदलते ही एनआरसी का पूरा स्वरूप ही बदल गया। यह एक राजनीतिक मुद्दा बन गया। केंद्र और राज्य सरकारों के हजारों करोड़ों रुपए इस प्रक्रिया में खर्च हुए। दो जिलों के स्थान पर सारे असम राज्य के लाखों परिवारों को इसकी वेदना सहनी पड़ी। दस्तावेज जुटाने के लिए दस्तावेजों की फोटो कॉपी कराने और अपने आप को नागरिक बताने के लिए लाखों लोग 2 साल से अधिक परेशान हुए। करीब 25 लाख दस्तावेजों का वेरिफिकेशन किया गया। सरकारी अमले ने घर-घर जाकर 25 लाख घरों में जाकर दस्तावेजों को जांचा गया। 13.18 लाख लोगों को एनआरसी के रजिस्टर में शामिल किया गया।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जब फिर इसकी जांच की गई, तो 2346 डेटा की जांच की गई। उसमें 943 डेटा गलत मिले। मई 2021 में सुप्रीम कोर्ट को इसकी जानकारी दी गई। उसके बाद से ही मामला ठंडा पड़ा हुआ है।

असम के 68 लाख परिवारों ने नागरिकता के लिए फॉर्म भरे। 10 लाख लोगों के परिवार की फैमिली ट्री का सत्यापन किया गया। आस पड़ोस के लोग यदि एक दूसरे को नहीं पहचानते थे, तो उनके नाम खारिज कर दिए गए। उन्हें संदिग्ध माना गया। 68 लाख लोगों में से 27 लाख लोगों को रिजेक्ट कर दिया गया था। जिसमें एक सांसद का परिवार भी था।

केंद्र और असम की राज्य सरकार ने राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर को लेकर खूब हंगामा किया। संसद में नया कानून बनाने के पहिले और बाद में लगातार राजनीति होती रही। सरकारी खजाने से हजारों करोड़ों रुपए खर्च हो गए। 68 लाख परिवारों के हजारों रुपए हर परिवार के खर्च हुए। लाखों लोगों को परेशानी में डालने के बाद भी कुछ भी हासिल नहीं हुआ। जहां से यह मामला शुरू हुआ था, वहीं पर आज भी वहीं अटका हुआ है।

### कैग रिपोर्ट में 260 करोड़ का घोटाला

2020 में कैग ने इस सारे मामले का ऑडिट किया। डाटा एंट्री ऑपरेटर की तनख्वाह 14500 प्रति ऑपरेटर तय थी। सरकारी रिकॉर्ड में 9000 ऑपरेटर नियुक्त किए गए थे। उन्हें 5500 प्रति ऑपरेटर भुगतान किया गया। केग की रिपोर्ट के अनुसार इसमें 260 करोड रुपए का घोटाला हुआ। इसके अलावा अन्य सर्वेक्षण और कार्यों में सैकड़ों करोड रुपए खर्च में घोटाले किए गए। शासकीय स्तर पर लाखों दस्तावेजों का डिजिटाइजेशन कराया गया। हजारों कर्मचारियों को कई महीने तक घर-घर जाकर जांच के कार्य में लगाया गया था। इसमें बड़े पैमाने पर सरकारी धन खर्च किया गया।

### रिजेक्शन स्लिप नहीं दे पाए

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर नवंबर 2019 में स्टेट कोऑर्डिनेटर प्रतीक हजेला को मध्य प्रदेश सरकार के पास डेपुटेशन पर भेज दिया गया। 24 दिसंबर 2019 को हितेश देव सरमा को स्टेट कोआर्डिनेटर बनाया गया। जब उन्होंने जांच की तो उसमें भी भारी गड़बड़ियां पाई गई। जिसके कारण आज तक रिजेक्शन स्लिप के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया जा सका। जुलाई 2022 में वह भी सेवा निवृत हो गए। उसके बाद इसकी जिम्मेदारी गृह सचिव मजूमदार के पास आई। उन्होंने इस मामले में कोई रुचि नहीं ली। असम सरकार ने भी यह मामला ठंडा बस्ते में डाल दिया है. सरकार जानकारी देने से भी बच रही है।

### धड़ाधड़ बन रहे हैं आधार कार्ड

एनआरसी रजिस्टर का मामला ठंडा पड़ने के बाद पिछले कुछ समय से लाखों लोगों के नाम असम की मतदाता सूची में जोड़े जा रहे हैं। नए आधार कार्ड भी बनाए जा रहे है। सरकार की योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। हजारों करोड रुपए खर्च हो जाने और लाखों परिवार कई वर्षों तक प्रताड़ित करने के बाद असम में पुरानी स्थिति बनी हुई है। इसके लिए किसे जिम्मेदार माना जाए। यहां की जनता को यह समझ में नहीं आ रहा है। अभी भी प्रताणना और राजनीति से एक वर्ग नारकीय जीवन जी रहा है।

### असम में बांग्ला प्रवासियों का इतिहास

स्वतंत्रता के पहले 1905 में बड़ी संख्या में अंग्रेजों ने बांग्ला भाषा के लोगों को यहां पर बुलाकर बसाया था। 1951 की जनगणना में इनको शामिल किया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर इनका एक अलग रजिस्टर तैयार किया गया था। 1971 में जब भारत और पाकिस्तान के बीच में लड़ाई हुई। तब असम में कुछ बांग्लादेशी शरणार्थी के रूप में आए थे तत्कालीन इंदिरा सरकार ने इन्हें शरण देने का आदेश दिया था। 1985 में हुए असम समझौते में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय 1971 में जो बांग्लादेशी असम में आकर बसे थे। उन्हें भारत का नागरिक मान लिया गया था। 2010 में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में दो जिलों के लिए एनआरसी पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया था। 2013 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से यह प्रोजेक्ट पुनः शुरू किया गया। प्रतीक हजेला को प्रोजेक्ट का कोआर्डिनेटर बनाया गया था। 2018 में इसका पहला ड्राफ्ट तैयार हुआ था। इस प्रस्ताव में 40 लाख लोगों को एनआरसी से बाहर कर दिया गया था। जांच के बाद उसके बाद एक सप्लीमेंट्री सूची जारी की गई। जिसमें 19 लाख लोगों को संदिग्ध माना गया उसके बाद से यह मामला ठंडा पड़ा हुआ है। असम में इसको लेकर लगातार राजनीति हो रही है। असम में बांग्ला भाषी नागरिकों के ऊपर हमेशा तलवार लटकती रहती है। भारतीय नागरिक होते हुए भी अधिकांश एक धर्म विशेष के होने के कारण उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया जा रहा है। जिसके कारण असम में राजनीतिक और सामाजिक टकराव बना हुआ है।

1.85 लाख घुसपैठिये घोषित 73 डिटेंशन सेंटर में पिछले 11 वर्षों से यह खेल चल रहा है। असम फॉरेन ट्रिब्यूनल ने 1.85 लाख लोगों को घुसपेठिया घोषित किया गया है। जो डिटेंशन सेंटर बनाये गये थे। अब अधिकांश खाली हो चुके हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार मात्र 73 लोगों को डिटेंशन सेन्टर में रखा गया है। पिछले 9 वर्षों से एनआरसी के नाम पर असम में जो खेल खेला गया है। उसने मानवता को एक तरह से शर्मसार किया है। देश एवं प्रदेश के सरकारी खजाने से हजारों करोड़ रूपया खर्च हो गया। 2 लोकसभा और विधानसभा के चुनाव हो गए। लाखों लोगों के ऊपर अभी भी तलवार लटक रही है। विदेशी घुसपेठियों का मामला अभी भी वैसा है जैसा 11 वर्ष पहिले था। राजनीति का एक स्वरूप यह भी है।

# बीजेपी भीड़ बढ़ा रही है या सदस्य

**मुस्ताअली बोहरा**

### सदस्यता पर सियासत

सदस्यता अभियान महज एक रस्म नहीं है। परिवार का विस्तार है। यह नंबर गेम भी नहीं है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम कितनी संख्या हासिल करते हैं। यह सदस्यता अभियान एक वैचारिक और भावनात्मक आंदोलन है। ये बात कही थी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान- 2024 की शुरूआत करते हुए। इस कार्यक्रम को संगठन पर्व सदस्यता अभियान-2024 का नाम दिया गया है। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पार्टी का पहला सदस्य बनाकर,अपने अभियान की शुरुआत की। पीएम नरेंद्र मोदी ने पार्टी के टोल फ्री नंबर पर मिस्ड कॉल के जरिए फिर से भाजपा की सदस्य ली। इसके बाद, पार्टी के अन्य कई नेताओं को भी फिर से भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई गई। नई दिल्ली में इस कार्यक्रम के साथ भाजपा का सदस्यता अभियान पूरे देश में शुरू हो गया। मिस्ड कॉल अभियान के जरिए पार्टी का सदस्य बनाने के लिए भाजपा ने मिस्ड कॉल नंबर- 8800002024 भी जारी किया है। लोग नमो ऐप के माध्यम से भी भाजपा की सदस्यता ले सकते हैं। एक तरफ तो मोदीजी इस सदस्यता अभियान को नंबर गेम नहीं मानते और दूसरी तरफ 10 करोड़ से ज्यादा लोगों को जोड़ने का लक्ष्य रखा है। एक तरफ तो मोदीजी सदस्यों को जोड़कर संगठन को मजबूत और देश को सशक्त बनाने की बात कर रहे हैं तो दूसरी ओर सरकारी राशन दुकान पर केवायसी के नाम पर सदस्य बनाने के आरोप सामने आ रहे हैं। लोकसभा चुनाव के बाद चल रहे इस सदस्यता अभियान को कामयाब बनाने के लिए मंत्री से लेकर कार्यकर्ता तक जुटे हुए हैं। ये भी माना जा सकता है कि सदस्यों के रूप में नंबर बढ़ाने के साथ ही बीजेपी का हर नेता अपने भी नंबर बढ़ाना चाहता है। पार्टी का फोकस युवाओं को जोड़ने पर सबसे ज्यादा है। पीएम मोदी ने सदस्यता अभियान की शुरूआत करते हुए अपना विजन साफ कर दिया था। उन्होंने कहा कि मेरे सामने जो अभी 18 से 25 साल की उम्र का जवान है, वह मेरे 2047 के सपने को पूरा करने के लिए शक्ति का सबसे बड़ा स्रोत है। इसलिए युवाओं को विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए जोड़ना है, नेशन फर्स्ट के विचार से जोड़ना है। यानि मोदीजी ने सन 2047 तक का लक्ष्य निर्धारित कर लिया है। मोदी का लक्ष्य किस तरह पूरा हो रहा है इसकी खबरें छन-छन कर सामने आ रहीं हैं। जहां सदस्यों का टारगेट पूरा हो गया वहां उत्साह दिख रहा है तो जहां लक्ष्य पीछे छूट गया वहां निराशा झलक रही है। पार्टी के नेता भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बताते हुए नहीं थकते। उनका ये भी कहना है कि भाजपा ही ऐसी अकेली पार्टी है जो लोकतांत्रिक ढंग से हर 6 साल में सदस्यता रिन्यू करती है। भाजपा के संविधान के मुताबिक हर 5-6 साल बाद नए सिरे से सबको फिर से पार्टी का सदस्य बनाया जाता है। वर्ष 2014 तक चीन की कम्युनिस्ट पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी हुआ करती थी लेकिन 2014 में जब भाजपा के 11 करोड़ सदस्य बने, उसके बाद भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई। इस बार भी पार्टी का लक्ष्य 10 करोड़ से अधिक लोगों को भाजपा का सदस्य बनाना है। जिन राज्यों को चुनाव की घोषणा हो गई है, उन राज्यों में यह सदस्यता अभियान बाद में चलाया जाएगा। अमित शाह के राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यकाल में वर्ष 2014-15 में 11 करोड़ लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। वर्ष 2019 में चले सदस्यता अभियान में 7 करोड़ लोग शामिल हुए थे यानी 2019 तक लगभग 18 करोड़ लोग भाजपा के सदस्य बने थे। भाजपा के सदस्यता अभियान के बीच सियासत भी शुरू हो गई है। भाजपा ने मध्यप्रदेश के करीब 64 हजार बूथों में से हर बूथ में सौ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। कांग्रेस के दिग्गज नेताओं का आरोप है कि राशन दुकानों पर लोगों को धोखे में रखकर सदस्य बनाया गया। 1 रुपये में मोबाइल कवर का लालच देकर सदस्य बनाया जा रहा है। मध्य प्रदेश में सबसे पहले प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा ने सीएम डॉ. मोहन यादव को सदस्य बनाया था, इसके बाद प्रदेश भर में सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई थी। सदस्यता अभियान के लिए सांसद-विधायक, जिलाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों को अलग-अलग टारगेट दिया गया था। बीजेपी के सदस्यता अभियान पर कांग्रेस के नेताओं ने सवाल खड़े कर दिए हैं। मध्यप्रदेश में विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एक वीडियो जारी किया जिसमें शासकीय राशन दुकान पर केवायसी के नाम पर बीजेपी की सदस्यता दिलाई जा रही है। यह वीडियो भोपाल का बताया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कई सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने अपने सोशल साइड एक्स पर लिखा कि भाजपा का सदस्यता अभियान या जबरन सदस्य बनाने का जाल। भोपाल के छोला रोड स्थित राशन की शासकीय दुकान पर झूठी केवायसी के नाम पर भाजपा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। राशन लेने आने वालों की जानकारी के बिना उन्हें भाजपा का सदस्य बनाकर पार्टी की फर्जी संख्या बढ़ाई जा रही है। कई जगह स्कूल और कॉलेज के छात्रों से झूठ बोलकर उन्हें पार्टी का सदस्य बनाए जाने की भी शिकायत सामने आई है। इससे भाजपा की फर्जी सदस्यता तो बढ़ेगी, लेकिन लोगों का परसनल डाटा लीक होने का भी बड़ा खतरा है। इसलिए बीजेपी के लोगों से सावधान रहना और दूरी बनाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा केवल सदस्यता अभियान में किसी भी तरीके से सदस्य बढ़ाने में जुटे हुए हैं। कभी राशन की दुकान पर तो कभी कॉलेज में तो कभी नौकरी दिलाने का आश्वासन के चलते झूठे रजिस्ट्रेशन कराये जा रहे हैं। विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के आरोपों पर प्रदेश बीजेपी के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने जवाब देते हुए कहा कि बीजेपी संगठन की शक्ति और प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के नेतृत्व में विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने जोरदार हार का सामना किया है। लिहाजा कांग्रेस अभी तक अपनी हार नहीं पचा पा रही है। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी बीजेपी पर हमला करने पीछे नहीं रहे हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि मध्य प्रदेश में बीजेपी नेता अपने आकाओं को खुश करने के लिए अब सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को भी बीजेपी का सदस्य बना रहे हैं। हाल ही में भोपाल नगर निगम के शासकीय कर्मचारियों को बीजेपी का सदस्य बनाया गया है। मैं सभी शासकीय सेवकों से कहना चाहता हूं कि आपकी प्रतिबद्धता किसी पार्टी के प्रति नहीं, बल्कि जनता और जनसेवा के प्रति होनी चाहिए। उन्होंने ये भी लिखा कि राजनीतिक दबाव और प्रभाव में आने वाले सरकारी सेवक याद रखें, यदि सरकारी पद पर होने के बावजूद आपका बीजेपी से किसी भी प्रकार का जुड़ाव दिखा, तो चार साल बाद इसका पूरा हिसाब लिया जाएगा। इसलिए, अपनी निष्ठा केवल सेवा नियमों के प्रति रखें। बात राशन दुकान तक ही सीमित नहीं है। भाजपा कार्यकर्ताओं को उस वक्त अजीब स्थिति का सामना करना पड़ा जब पार्टी के अनुशांगिक संगठन एबीवीपी ने इस अभियान की मुखालफत की। इंदौर के एक सरकारी कॉलेज में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने इस अभियान का विरोध करते हुए कहा कि शिक्षा के मंदिरों को राजनीति का अखाड़ा ना बनाया जाए। एबीवीपी के छात्रों ने शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय में प्राचार्य के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेताओं ने उन्हें समझाने की कोशिश की लेकिन हल नहीं निकला। आखिर में प्रिंसिपल सुरेश टी सिलावट को लिखित आदेश जारी करना पड़ा कि कॉलेज परिसर में एबीवीपी की सहमति के बिना कोई भी राजनीतिक कार्यक्रम नहीं होगा। एबीवीपी नेताओं का कहना था कि आज बीजेपी आई है और कल कोई और पार्टी आएगी। हमने कहा कि यह शिक्षा का मंदिर होना चाहिए, राजनीति का अड्डा नहीं। एबीवीपी नेताओं का कहना था कि एबीवीपी और भाजपा के बीच वैचारिक समानताएं हो सकती हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम उन्हें परिसरों में प्रवेश करने देंगे। जब हमें सदस्यता अभियान के बारे में पता चला तो हमने चार अन्य कॉलेजों में विरोध प्रदर्शन किया। हमने अन्य जिलों के सदस्यों के साथ समन्वय किया है और उनसे भाजपा को परिसरों में प्रवेश न करने देने के लिए कहा। मामले को तूल पकड़ा देख राजधानी भोपाल के पार्टी नेता सक्रिय हो गए। भोपाल और इंदौर के सीनियर बीजेपी लीडरों ने एबीवीपी नेताओं से बात की और बाद में कहा गया कि 'गलतफहमी' दूर हो गई है। नेताओं का कहना था कि एबीवीपी और भाजपा एक ही हैं, एबीवीपी हमारा छात्र संगठन है। हमने मामले को सुलझा लिया है। मध्यप्रदेश के ही राघोगढ़ से कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने आरोप लगाए हैं कि राघोगढ़ के पॉलिटेक्निक कॉलेज में एड्स कंट्रोल सोसायटी के कार्यक्रम के बहाने छात्रों से भाजपा के मेंबरशिप वाले नंबर पर मिस्ड कॉल कराकर उन्हें धोखे से सदस्य बनाया गया है। कांग्रेस का आरोप है कि गुना में एक रुपये में मोबाइल का बैक कवर देकर बीजेपी की सदस्यता दिलाई गई। आरोप है कि एक कार्यकर्ता ने मोबाईल दुकानदारों से संपर्क किया। इन दुकानों पर एक रुपये में मोबाइल का स्क्रीन गार्ड और बैक कवर लगाया जा रहा है। दुकान पर पहुंचने वाले ग्राहकों से मिस कॉल कर बीजेपी की सदस्यता दिलाई गई। इसी तरह पांढुर्णा में महिला बाल विकास की सुपरवाइजर का एक ऑडियो वायरल हुआ। इसमें कहा गया है कि सभी लाड़ली बहनों को बोले कि उनका मोबाइल भी साथ लेकर आए।

## संक्षिप्त खबरें

### विलय के बाद 'विस्तारा की उड़ानों के नंबरों की शुरुआत 'एआई2' से एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने दी जानकारी

नई दिल्ली (ईएमएस)। एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने कहा कि अगले माह विलय के बाद 'विस्तारा' के विमानों से संचालित उड़ानों के नंबरों की शुरुआत 'एआई2' से होगी। कंपनी ने बताया कि विस्तारा के विमान, चालक दल और सेवाएं पहले की तरह ही परिचालन में रहेंगी। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने बताया कि विलय के बाद भी विस्तारा का अनुभव बरकरार रहेगा। टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस के संयुक्त उपक्रम विस्तारा का एयर इंडिया से विलय 12 नवंबर को होगा। यह एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ एआईएक्स कनेक्ट के विलय के बाद भारतीय विमानन क्षेत्र में एक बड़ा सौदा होगा। कुछ लोगों में चिंता है कि क्या विस्तारा के यात्रियों को विलय के बाद भी अभी जैसी ही सेवाएं मिलती रहेंगी, क्योंकि परिवर्तन के दौर से गुजर रही एयर इंडिया को हाल के दिनों में कुछ सेवा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि एयर इंडिया और विस्तारा की टीमें सुनिश्चित करने के लिए एक साल से अधिक समय से कड़ी मेहनत कर रही हैं कि इनका विलय ग्राहकों और कर्मचारियों दोनों के लिए सहज और लाभप्रद हो।

### साहिबगंज में एनटीपीसी एमजीआर रेलवे ट्रैक को बम से उड़ाया

साहिबगंज (ईएमएस)। साहिबगंज में एनटीपीसी एमजीआर रेलवे ट्रैक को बदमाशों ने बम से उड़ा दिया है। इसमें ट्रैक का 470 सेंटीमीटर टुकड़ा क्षतिग्रस्त हो गया है। ब्लास्ट इतना जोरदार था कि रेलवे ट्रैक का हिस्सा 39 मीटर दूरी जा गिरा। ब्लास्ट के बाद ट्रैक में 770 सेंटीमीटर का गैप आ गया। वहीं 3 फीट गहरा गड्ढा हुआ है। मौके पर रेलवे और पुलिस के बड़े अधिकारी पहुंचे हुए हैं। घटना लगभग रात के 12 बजे की है। घटना के बाद कोयला लोड गाड़ी पोल संख्या42/2 के पास खड़ी है। वहीं घटना के संबंध में रेलवे नाइट गार्ड जीतेंद्र कुमार शाह ने बताया कि मेरी ड्यूटी इसी लाइन में शाम चार बजे से रात 12 बजे तक रहती है। मैं ड्यूटी में ही था। कई बार की जांच के दौरान में रात 10 बजे तक लाइन में किसी तरह की कोई हलचल नहीं थी। रात 12 बजे के करीब धमाके जैसी आवाज आई। हालांकि इस लाइन में पहले कभी इस तरह की घटना नहीं हुई तब लगा कि टायर फटा होगा। मेरी ही लाइन में घटना घटी इसका पता नहीं चल सका। ड्यूटी खत्म कर मैं घर चला गया। सुबह फोन पर जानकारी मिली की ऐसी घटना हुई है।

### चुनाव से पहले राम रहीम को पैरोल, बाहर आते ही डेरे का सियासी खेल शुरू

हिसार (ईएमएस)। हरियाणा चुनाव के बीच डेरा सच्चा सौदा मुखी राम रहीम बुधवार सुबह 6 बजे जेल से रिहा हो गया। राम रहीम को 3 शर्तों के साथ 20 दिन की पैरोल मिली है। जिसमें राजनैतिक कार्यक्रम न करना भी शामिल है। हालांकि राम रहीम के बाहर आते ही डेरे का सियासी खेल शुरू हो गया है। राम रहीम की पैरोल की खुशी में डेरे ने हरियाणा के हर ब्लॉक में नाम चर्चा रखी गई है। जो बुधवार और गुरुवार तक चलेगी। 5 अक्टूबर को प्रदेश में वोटिंग होगी है। माना जा रहा है कि नाम चर्चा के दौरान ही डेरे की तरफ से राम रहीम का संदेश श्रद्धालुओं तक पहुंचाया जाएगा कि उन्हें अंदरखाने किसे सपोर्ट करना है। यह बात अलग है कि डेरा हमेशा चुनाव में किसी एक पार्टी को सपोर्ट करने से इंकार करता है, लेकिन पैरोल के समय को देखकर विरोधी इस लेकर सवाल उठाते रहते हैं। अगर डेरे के वोटर एकतरफा हुआ तब उन सीटों पर इसका असर पड़ सकता है, जहां 2 उम्मीदवारों और खासकर भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे का मुकाबला है। चुनाव आयोग के सूत्रों का कहना है कि हरियाणा सरकार से कहा गया है कि अगर राम रहीम आचार संहिता या शर्तों का उल्लंघन करता है, तब पैरोल तुरंत कैंसिल होगी। हरियाणा में 5 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। रिजल्ट 8 अक्टूबर को आएगा। इसी वजह से राम रहीम की पैरोल को चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। हरियाणा की 36 सीटों डेरे से जुड़े श्रद्धालुओं का वोट बैंक है। यौन शोषण और मर्डर केस में राम रहीम रोहतक जेल में सजा काट रहा है। पैरोल के दौरान राम रहीम उत्तर प्रदेश के बागपत स्थित बरनावा आश्रम में रहेगा।

### मणिपुर में नगा समुदाय के दो पक्षों के बीच गोलीबारी, 3 लोगों की मौत

नई दिल्ली (ईएमएस)। मणिपुर के उखरुल जिले में नगा समुदाय के दो पक्षों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें 3 लोगों की मौत हुई और 10 से ज्यादा घायल हैं। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 163, 2023 की उप-धारा 1 के तहत इलाके में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। अगले आदेश तक लोगों के घरों से निकलने पर रोक है। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्ष नगा समुदाय के हैं, लेकिन हुनफुन और हंगपुंग नाम के दो अलग-अलग गांव हैं। दोनों पक्ष एक ही जमीन पर दावा करते हैं। स्वच्छता अभियान के तहत विवादित जमीन की सफाई को लेकर दोनों गुटों के बीच हिंसा हुई। इलाके में असम राइफल्स को तैनात किया गया है। दूसरी तरफ, चुराचांदपुर जिले के लीशांग गांव के पास अज्ञात लोगों ने एक प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के टाउन कमांडर की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान जिले के कपरंग गांव के निवासी सेखोहाओ हाओकिप के रूप में की गई।

### 3500 सीढ़ियां नंगे पैर चढ़े तिरुपति मंदिर पहुंचे डिप्टी सीएम पवन कल्याण

तिरुपति (ईएमएस)। आंध्र प्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) के प्रसादम (लड्डुओं) में जानवरों की चर्बी मामले में डिप्टी सीएम पवन कल्याण की 11 दिन की प्रायश्चित दीक्षा जारी है। इस बीच पवन ने प्रायश्चित के तहत 1 अक्टूबर से तीन दिनों के लिए तिरुपति मंदिर यात्रा पर हैं। वे 3 अक्टूबर तक चप्पल या जूता नहीं पहनने वाले है। उन्होंने 1 अक्टूबर की देर रात तिरुमाला पहुंचने के बाद तिरूपति के अलीपिरी के रास्ते करीब 3500 सीढ़ियां नंगे पैर चढ़ीं। फिर गायत्री निलयम गेस्ट हाउस में रात गुजारी। पवन बुधवार को श्रीवारा में तपस्या की दीक्षा लेने वाले है। वह 3 अक्टूबर को दीक्षा खत्म होने के बाद वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन करने वाले है। बुधवार को पवन कल्याण की दोनों बेटियां भी तिरुपति पहुंची। छोटी बेटी पोलिना अंजनी कोनिडेला ने मंदिर जाने से पहले भगवान वेंकटेश्वर के प्रति अपनी श्रद्धा की घोषणा पत्र पर साइन किए। मंदिर के नियमों के अनुसार, गैर-हिंदुओं और विदेशियों को मंदिर में जाने से पहले देवता में विश्वास की घोषणा पर साइन करना होता है। पोलीना पवन कल्याण और उनकी तीसरी पत्नी अन्ना लेजनेवा की बेटी हैं। पोलीना और उनके अपने भाई मार्क प्रवासी भारतीय हैं। पवन कल्याण की पहली पत्नी रेनू देसाई से हुई बेटी आद्या भी पोलीना के साथ मंदिर गईं।

### गोविंदा को गोली लगने की बात मुंबई पुलिस को नहीं हो रही हजम

मुंबई (ईएमएस)। मुंबई पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा (60) से अस्पताल में गोलीकांड पर पूछताछ की। गोविंदा 1 अक्टूबर को पैर में गोली लगने से घायल हो गए थे। गोविंदा ने कहा था कि वे रिवॉल्वर अलमारी में रख रहे थे, तभी गोली चल गई। गोविंदा के पैर का ऑपरेशन कर गोली निकाल दी गई है। वे मुंबई के क्रिटी केयर अस्पताल में भर्ती हैं। लेकिन पुलिस गोविंदा के बयान से संतुष्ट नहीं है और जल्द ही फिर पूछताछ करेगी। पुलिस ने गोविंदा की बेटी टीना आहूजा के भी बयान दर्ज किए हैं।

### हरियाणा में कही बीजेपी का खेल नहीं बिगाड़ दे, बृजभूषण शरण मामला

चंडीगढ़। ये हाथ का निशान थप्पड़ का काम करेगा। 5 अक्टूबर को ये थप्पड़ दिल्ली में जाकर लगेगा। पिछले 10 साल में हमारा जो अपमान हुआ है, उसका बदला लेना है। जुलाना सीट से कांग्रेस कैंडिडेट विनेश फोगाट प्रचार के दौरान जीत को लेकर कॉन्फिडेंट दिख रही हैं। बीजेपी ने उनके सामने कैप्टन योगेश बैरागी को उतारा है। वहीं, आम आदमी पार्टी ने डब्ल्यूडब्ल्यूई रेसलर कविता दलाल को कैंडिडेट बनाया है। आईएनएलडी की तरफ से सुरेंद्र लाठर चुनाव लड़ रहे हैं। हरियाणा में खेल और खिलाड़ी बड़ा सियासी मुद्दा है। बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण के आरोपों पर पहलवानों के प्रदर्शन से लेकर पेरिस ओलिंपिक तक हरियाणा के खिलाड़ी चर्चा में रहे।

# ईरान-इजराइल के बीच तनाव, आज गिरावट के साथ खुल सकते हैं बाजार

मुंबई (ईएमएस)। पिछले कुछ दिन से भारतीय शेयर बाजार अपने शीर्ष के आसपास कारोबार कर रहा है। लेकिन पिछले दो दिनों से मार्केट में गिरावट से जोखिम बढ़ गया है। वहीं अब ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते जंग ने ग्लोबल ट्रेड को चिंता में ला दिया है। खासकर क्रूड ऑयल पर इसका ज्यादा असर दिखाई दे रहा है। इसके अलावा, ट्रेड होने वाले अन्य प्रोडक्ट्स भी प्रभावित हो सकते हैं।

ईरान की ओर से इजरायल पर मिसाइलें दांगने की खबर आने के बाद क्रूड ऑयल के दाम तूफानी तेजी से चढ़ गए। क्रूड ऑयल के दाम 5 प्रतिशत बढ़ गए। ग्लोबल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चढ़ चुका है।

तेल की कीमतों में उछाल देखा जा रहा है, क्योंकि ईरान ओपेक का सदस्य है, और तेल क्षेत्र का एक प्रमुख खिलाड़ी है। अब इसके युद्ध में शामिल होने से क्रूड ऑयल आपूर्ति में व्यवधान की आशंका है। ईरान दुनिया के लगभग एक तिहाई कच्चे तेल की आपूर्ति करता है। अगर क्रूड ऑयल की सप्लाई में रुकावट आती है, तब दुनिया के कई देशों की इंडस्ट्री पर इसका असर दिखाई देगा।

अगर दोनों देशों के बीच जंग बढ़ती है, तब निवेशक रियल संपति जैसे सोना, चांदी, लैंड और अन्य चीजों में निवेश की ओर बढ़ सकते है। इससे मार्केट में मुनाफावसूली होने से गिरावट आ सकती है।

वहीं व्यापार प्रभावित होने से असेट की कमी से बाजार में जोखिम बढ़ सकता है। जंग बढ़ने की आशंका के बीच इक्विटी मार्केट में भी इसका असर दिखाई दे रहा है। अमेरिकी मार्केट 1.53 फीसदी तक टूट गया है। वहीं डॉउ 0.41 फीसदी टूटा है, एसएंडपी 500 में 1.4 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है। एप्पल, एनवीडिया और माइक्रोसॉफ्ट जैसी प्रौद्योगिकी दिग्गज कंपनियों में भी गिरावट आई है।

बाजार जानकारों का कहना है कि मिडिल ईस्ट में तनाव के कारण बाजार में स्पष्ट रूप से उतार-चढ़ाव है। तेल की कीमतें बढ़ रही हैं, बॉन्ड बढ़ रहे हैं, सोना बढ़ रहा है, शेयर गिर रहे हैं। यह पारंपरिक भू-राजनीतिक प्रतिक्रिया है। वहीं एक अन्य जानकार ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के कारण तेल की कीमतों में वृद्धि से निवेशकों को महंगाई में बढ़ोतरी के बारे में चिंता होगी। महंगाई को कंट्रोल करने के लिए देश के केंद्रीय बैंकों पर दबाव होगा और हो सकता है कि इंटरेस्ट रेट में इजाफा हो, जिसका असर शेयर बाजार पर भी दिखाई दे। आज कैसा होगा भारतीय शेयर बाजार?

अगर गुरुवार तक ऐसी ही स्थिति बनी रही और ईरान-इजरायल के बीच जंग बढ़ती है, तब भारतीय शेयर बाजार में भी इसका असर दिखाई देगा। ग्लोबल मार्केट में जोखिम और निवेशकों की चिंता के कारण गुरुवार भारतीय शेयर बाजार में भी गिरावट आ सकती है। वहीं गोल्ड रेट में इजाफा होगा।






# पति, ससुर, वकील और प्रापर्टी डीलर ने रची घिनौनी साजिश

## महिला को कार से कुचला, इंश्योरेंस कंपनी की सूझ-बूझ से हुआ खुलासा

लखनऊ,(ईएमएस)। पति और ससुर ने साथियों के साथ मिलकर महिला की कार से कुचलकर हत्या कर दी। इसके बाद हत्या को सड़क हादसा बताकर चिनहट थाने में रिपोर्ट भी दर्ज करवा दी। इतना ही नहीं बीमा कंपनी में महिला के इंश्योरेंस के 50 लाख रुपये का क्लेम कर दिया। बीमा कंपनी को शक हुआ तो पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने जब जांच की तो पूरे मामले का खुलासा हो गया। पुलिस ने मामले के मुख्य साजिशकर्ता, फर्जी चालक और वकील को गिरफ्तार कर लिया है। पति, ससुर और चार पहिया वाहन से महिला को कुचल कर हत्या करने वाले की तलाश की जा रही है। जानकारी के मुताबिक अयोध्या का रहने वाला राम मिलन राज मिस्त्री है। वह परिवारीजनों के साथ चिनहट स्थित मटियारी में आकर रहने लगा। इस दौरान उसकी मुलाकात रियल एस्टेट का काम करने वाले चिनहट निवासी कुलदीप से हुई। कुलदीप भांप गया कि राम मिलन जल्द अमीर बनना चाहता है। उसने राम मिलन को पूरी योजना बताई और बेटे अभिषेक की शादी करने को कहा। इसके बाद कुलदीप ने अभिषेक की शादी 2021 में पूजा (28) से करवा दी। साजिश को बिना किसी गलती के अंजाम देने के लिए वकील आलोक निगम को शामिल किया गया। अभिषेक शुक्ला को पूजा को कार से कुचलकर उसकी हत्या करने और दीपक को सड़क हादसे की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार किया गया। इसके बाद योजना के तहत पूजा का 50 लाख रुपए का इंश्योरेंस करवाया गया। इंश्योरेंस में ससुराल पक्ष के लोगों को ही नॉमिनी बनाया गया। 10 लाख का लोन भी लिया गया। इसके अलावा चार पहिया और दो पहिया वाहन भी फाइनेंस करवाए। लोन का भी इंश्योरेंस करवाया। आरोपियों ने एक दोस्त से कार गोंडा जाने के लिए ली। कार अभिषेक चला रहा था। योजना के तहत पूजा को 19 मई 2024 को मटियारी इलाके में ले जाया गया, वहां सुनसान इलाके में उसकी कुचल कर हत्या कर दी। इसके बाद राम मिलन ने चिनहट पुलिस को सूचना दी कि सड़क हादसे में पूजा की मौत हो गई। 20 मई को आरोपी पंचायत नामे के गवाह बन गए। आरोपियों ने जब बीमा कंपनी में पूजा के बीमा की रकम के लिए क्लेम किया तो उन्होंने ऑडिट किया। बीमा कंपनी की जांच में सामने आया कि पूजा का बीमा आरोपियों ने ही करवाए था। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों में मुख्य साजिशकर्ता प्रॉपर्टी डीलर कुलदीप सिंह, फर्जी चालक दीपक वर्मा और वकील आलोक निगम से कड़ाई से पूछताछ की तो उन्होंने पूरी कहानी बयां कर दी।

### स्वच्छ भारत मिशन की कामयाबी, पीएम मोदी बधाई के पात्र : बिल गेट्स

#### माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक ने वीडियो संदेश जारी किया

नई दिल्ली (ईएमएस)। माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स ने महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस पर वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू स्वच्छ भारत मिशन की प्रशंसा की। वीडियो संदेश में गेट्स ने कहा,बापू की जयंती पर मनाए जाने वाले स्वच्छ भारत दिवस पर लोगों को बधाई। पीएम मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन को एक दशक पहले पूरे देश में खुले में शौच को खत्म करने के लक्ष्य के साथ शुरू किया था। तब से, भारत ने स्वच्छता और सफाई में सुधार के लिए बहुत बड़ी प्रगति की है। इसमें लाखों शौचालय स्थापित किए हैं। जिससे 10 लाख लोगों के लिए सुरक्षित स्वच्छता सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा, मिशन की सफलता बड़े पैमाने पर सार्थक बदलाव लाने की भारत की क्षमता का प्रमाण है। अद्भुत प्रगति के लिए एक बार फिर बधाई। बता दें कि स्वच्छ भारत अभियान के 10 साल 2 अक्टूबर 2024 को पूरे हो गए हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी लोगों का धन्यवाद किया। पीएम मोदी ने देश की जनता को संबोधित कर कहा कि स्वच्छ भारत अभियान आज एक जन आंदोलन बन चुका है। स्वच्छता की सेवा में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, पूर्व राष्ट्रपति और पूर्व उपराष्ट्रपति ने भी योगदान दिया है, जिसने देश को एक बड़ी प्रेरणा दी है।

उन्होंने कहा कि पिछले पखवाड़े में देशभर में करोड़ों लोगों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रमों में भाग लिया था। इस सेवा पखवाड़े के 15 दिनों में देश भर में 27 लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 28 करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया।

## मेले में दुकान लगाने वाले व्यापारियों को बोर्ड पर अपना नाम लिखना होगा, विरोध शुरु

रतलाम (ईएमएस)। मध्यप्रदेश के रतलाम जिले में नगर निगम इन दिनों योगी की राह पर है। निगम ने आदेश पारित किया है कि नवरात्रि मेले में दुकान लगाने वाले व्यापारियों को बोर्ड पर अपने नाम के साथ दुकान चलाने वाले का नाम भी लिखना होगा। नगर निगम की राजस्व समिति के फैसले पर विरोध के सुर भी उठने लगे हैं। मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट जाने को तैयार है।

दरअसल, रतलाम के कालिका माता मंदिर में नवरात्रि पर 9 दिवसीय गरबा रास होता है। यहां बड़ी संख्या में लोग आते हैं। इस बार मंदिर में 3 से 12 अक्टूबर तक 10 दिवसीय नवरात्रि मेला लगेगा। मध्यप्रदेश ही नहीं, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और गुजरात के व्यापारी यहां दुकान लगाते रहे हैं। ऐसा पहली बार है कि दुकानदारों के लिए अपने नाम का बोर्ड लगाना अनिवार्य किया गया है। नगर निगम के फैसले को शहर काजी सैयद आसिफ ने तुगलकी फरमान बताया है। उन्होंने कहा, ऐसा फैसला यूपी में योगी सरकार ने लिया था। इस तुगलकी फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द किया था। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत रतलाम नगर निगम से ऑर्डर कॉपी मांगी गई है।

शहर काजी ने कहा कि फैसले के विरोध की कलेक्टर को भी जानकारी दे दी गई है। मेले में बोर्ड लगाने के दौरान अगर कोई हंगामा या विरोध होता है, तब इसकी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की रहेगी।

वहीं रतलाम नगर निगम के राजस्व समिति प्रभारी का कहना है, मेले में रतलाम के अलावा बाहर से कई लोग दुकान लगाते हैं। यह निर्णय इसलिए लेना पड़ा क्योंकि कोई बिचौलिया नहीं आए, वास्तविक व्यापारी को ही दुकान मिले। टेंडर होने के बाद एक स्वीकृति पत्र दिया जा रहा है, जो दुकान पर आधार कार्ड के साथ रखना होगा। जब भी कोई जांच करने आता है, तब दुकानदार को यह दिखाना होगा। हमारी मंशा यह है कि जिस व्यक्ति के नाम से दुकान का टेंडर हुआ है, उसी को दुकान मिलनी चाहिए। उत्तर प्रदेश का निर्णय प्रदेश स्तर पर था। नगर निगम ने केवल कालिका माता मंदिर मेला ग्राउंड तक की बात की है।

## गोविंद अब ठीक, जनरल वार्ड में शिफ्ट एक-दो दिन में होंगे डिस्चार्ज

### पत्नी सुनीता बोलीं- फैंस ने की दुआएं, कुछ दिन में करने लगेंगे डांस-वांस

मुंबई, (ईएमएस)। अभिनेता गोविंदा मंगलवार सुबह अपनी ही रिवाल्वर से पैर में गोली लगने से घायल हो गए थे जिस वक्त यह हादसा हुआ, उस वक्त गोविंदा घर पर अकेले ही थे। पत्नी सुनीता बाबा खाटूश्याम के दर्शन करने गई थीं। जैसे ही उन्हें खबर मिली वह तुरंत मुंबई आ गई। घटना के बाद सुनीता पहली बार सामने आई हैं और उन्होंने गोविंद को लेकर अपडेट दिया उन्होंने कहा कि उनके पति गोविंदा अब ठीक हैं।

सुनीता मीडिया से बात करते हुए बताया कि गोविंदा की सर्जरी करके पैर से गोली निकाली दी गई थी। बेटी टीना ने बताया था कि गोली गोविंदा के घुटने के नीचे लगी थी। तभी से गोविंदा आईसीयू में हैं लेकिन गुरुवार को उन्हें जनरल वार्ड में शिफ्ट किया जा रहा है। सुनीता आहूजा ने बताया कि गोविंदा की तबीयत अभी ठीक है। अभी उनको नॉर्मल वॉर्ड में शिफ्ट किया जा रहा है। कल से बहुत बेहतर है तबीयत है। उन्होंने बताया कि कल-परसों में गोविंदा को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। सबके आशीर्वाद से गोविंदा एकदम ठीक हैं। सुनीता ने आगे कहा कि हर जगह मंदिरों में, दरगाह में पूजा प्रार्थना चल रही है। सबके आशीर्वाद से सर ठीक हैं। मैं उनके फैंस से यही कहूंगी कि आप लोग पैनिक मत होइए। सर एकदम ठीक हैं। कुछ महीने बाद सर एकदम डांस-वांस करने लगेंगे। मालूम हो कि इस हादसे के बाद गोविंदा को तुरंत ही मुंबई के क्रिटी केयर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पत्नी सुनीता और बेटी टीना उनके साथ अस्पताल में ही थीं। डीसीपी दीक्षित गेडाम ने बताया था कि गोविंदा को गोली उनकी लाइसेंसी रिवॉल्वर से लगी थी। इस मामले में कुछ भी संदिग्ध नहीं है, इसलिए कोई केस या एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

# जब विनेश अन्याय से लड़ रही थी, मोदी जी की पुलिस ने सड़कों पर घसीटा

### प्रियंका गांधी वाड्रा का मोदी सरकार पर हमला

जुलाना (ईएमएस)। हरियाणा विधानसभा चुनाव में जींद की जुलाना सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विनेश फोगाट के लिए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रचार किया। प्रियंका ने कहा कि हमारी बेटी विनेश जब अन्याय के खिलाफ संघर्ष कर रही थी, तब मोदी जी की पुलिस ने इसके बाल खींचे, सड़कों पर घसीटा, लेकिन विनेश ने हार नहीं मानी। विनेश संघर्ष करते हुए ओलिंपिक तक पहुंची। प्रियंका वाड्रा ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने अग्निवीर योजना बनाकर युवाओं को बेरोजगार कर दिया। वे चार साल बाद ही फिर से नौकरी खोजने जुट जाएंगे। हरियाणा सरकार किसानों को एमएसपी उन 24 फसलों पर देती है, इसमें 10 फसल हरियाणा के किसान उगाते ही नहीं। इसके पहले विनेश ने कहा कि जब वे भाजपा नेता के खिलाफ संघर्ष कर रही थीं, तब वह पूरी तरह टूट चुकी थीं। उस समय मन किया कि देश छोड़कर चले जाएं। प्रियंका गांधी ने



कहा कि क्या मेरे भाई राहुल गांधी के साथ अन्याय नहीं हुआ था? संघर्ष नहीं करता, मेरे पिता की लाश घर नहीं लाता, अगर वह ये नहीं करता तब वह पूरे देश में आठ हजार किलोमीटर पैदल नहीं चल पाता। आपको भी लड़ना होगा। प्रियंका ने कहा कि विनेश के साथ ऐसा हुआ। संघर्ष कर ओलिंपिक तक पहुंच गई। संघर्ष का फल मिला, मेडल भी मिला। प्रधानमंत्री ने घर बुलाकर चाय पिलाई। भाजपा के तमाम नेताओं ने बहुत कुछ कह दिया। विनेश अन्याय के खिलाफ खड़ी हो गई। क्योंकि हरियाणा का ये स्वभाव है। हम पीछे हटने वाले लोग नहीं हैं। हम सड़कों पर उतरे हैं। आप याद रखिए कि कौन आपके लिए खड़ा रहता है। मैं दावे के साथ कह सकती हूं, विनेश उनमें से है। विनेश राजनीति में आने से हिचकिचा रही थी। विनेश ने कहा था कि अगर मेरे आंदोलन को मजबूती मिलेगी, तभी मैं इसमें आऊंगी। हरियाणा की एक नौजवान लड़की से कहना चाहती हूं, कि आप विनेश के साथ खड़े हो जाओ। देखो इसके साथ कितना अन्याय किया। भाजपा यहां 10 साल से राज कर रही है, लेकिन काम की एक भी चीज नहीं की। भ्रष्टाचार की बात करते हैं। मुझे हंसी आती है। अरे इससे भ्रष्टाचार क्या है कि देश के बड़े उद्योग आपने अपने दो मित्रों को दे दिए। इसतरह के कानून ला रहे थे जिससे किसानों के बजाय इनके मित्रों को फायदा होना था। हमारे संविधान ने इतनी शक्ति दी है, ये वोट की शक्ति है, ये वे अधिकार है जिससे आप सब कुछ बदल सकते हो।

प्रियंका ने कहा कि आपको एक फैमिली आईडी दे दी। हर परिवार की आदमनी पूछते हैं। जब से ये आईडी आई, तब से झूठी आमदनी दिखाकर उनकी सुविधाएं छीन ली हैं। विनेश खड़ी हुई तब बड़े-बड़े नेताओं ने साथ छोड़ दिया, लेकिन देश की जनता विनेश के साथ खड़ी हो गई। अब फिर मौका आ गया है। आपकी ये लड़ाई दुष्टों के खिलाफ लड़ाई है। आपको लड़ना होगा। ये नेता जो मंच पर आते हैं, बड़ी बड़ी बातें करते हैं, लेकिन जब जरूरत होती है तो ये पूछते ही नहीं।

प्रियंका ने कहा कि रोजगार के मामले में हरियाणा सबसे पीछे हो गया है। रोजगार होगा कहां? इन्होंने (सरकार) सब अडानी-अंबानी को दे दिया है। इन्होंने खेती किसानी को खत्म किया है। इनकी नीतियां किसानों के खिलाफ हैं। इसलिए अग्निवीर जैसी स्कीम लाते हैं। किसानों के साथ कितना अन्याय हुआ। तीन काले कानून लाने वाले मोदी जी अपने घर से बाहर नहीं आए।

हरियाणा के कोने से कोने से आवाज आ रही है, बीजेपी जा रही है, कांग्रेस आ रही है। हरियाणा की बीजेपी की सरकार ने बहुत नुकसान किया। हरियाणा को बीजेपी ने हर क्षेत्र में नंबर एक बना दिया।

## मुनाफावसूली से हल्दी की कीमतों में आई गिरावट, 5 फीसदी भाव नीचे आए



नई दिल्ली,(ईएमएस)। बीते कुछ दिनों से हल्दी की कीमतों में गिरावट नजर आ रही है। जानकारों के मुताबिक इसके दाम घटने की वजह मुनाफा वसूली है। बारिश से नुकसान की खबर से हल्दी के दाम चढ़ गए थे। इसलिए ऊंचे भाव पर बाजार में मुनाफा वसूली चल रही है। छोटी अवधि में हल्दी के भाव और गिर सकते हैं लेकिन लंबी अवधि में भाव बढ़ने की संभावना है। कमोडिटी एक्सचेंज नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज पर हल्दी का अक्टूबर अनुबंध सप्ताह भर पहले 14,530 रुपए पर बंद हुआ था, यह बुधवार को खबर लिखे जाने तक 13,830 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस तरह सप्ताह भर में भाव में करीब पांच फीसदी की गिरावट आई है। आज भी इसके भाव में करीब 1.5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। अगस्त महीने में इसके भाव गिरकर 13 हजार रुपए से नीचे चले गए लेकिन पिछले महीने बारिश से नुकसान की खबर से भाव बढ़कर 15 हजार रुपए करीब पहुंच दिए थे। कमोडिटी विश्लेषक ने बताया कि बीते दिनों हल्दी के भाव चढ़ गए थे। अब इसमें मुनाफावसूली होने से दामों में गिरावट आई है। स्टॉकिस्ट माल निकाल रहे हैं। इस साल हल्दी का रकबा 20 फीसदी ज्यादा होने से उत्पादन बढ़ने की संभावना है। बांग्लादेश से हल्दी की निर्यात मांग भी कमजोर हुई है। लिहाजा हल्दी के दाम में सुस्ती देखने को मिल रही है।

## सितंबर में कोयला उत्पादन 6.89 करोड़ टन पहुंचा

नई दिल्ली,(ईएमएस)। देश का कोयला उत्पादन सितंबर में 2.49 फीसदी बढ़कर 6.89 करोड़ टन हो गया। इसकी जानकारी एक आधिकारिक बयान में दी गई। पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने में कोयला उत्पादन 6.72 करोड़ टन था। अप्रैल से सितंबर के दौरान कोयला उत्पादन 5.85 फीसदी से बढ़कर 45.30 करोड़ टन हो गया, जो 2023-24 में इसी अवधि में 42.79 करोड़ टन था। बयान में कहा गया कि ये आंकड़े अनंतिम हैं।

## सितंबर में जीएसटी से केंद्र सरकार ने की रिकॉर्ड वसूली

### खजाने में आए 1.73 लाख करोड़, पिछले साल की तुलना में 6.5फीसदी ज्यादा

नई दिल्ली,(ईएमएस)। जीएसटी ने सितंबर 2024 में सरकार के खजाने में 1.73 लाख करोड़ रुपए की रिकॉर्ड वसूली की है। यह पिछले साल के मुकाबले 6.5फीसदी ज्यादा है, जब सितंबर 2023 में यह राशि 1.63 लाख करोड़ थी। हालांकि मासिक आधार पर यह संग्रह थोड़ा कम है, क्योंकि अगस्त 2024 में जीएसटी संग्रह 1.75 लाख करोड़ रुपए रहा था। सितंबर में घरेलू लेनदेन से सकल जीएसटी 5.9 फीसदी बढ़कर करीब 1.27 लाख करोड़ रुपए हो गया, जबकि वस्तुओं के आयात से राजस्व में 8फीसदी की बढ़ोरती हुई, जिससे कुल आय 45,390 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। साथ ही जीएसटी विभाग ने इस महीने 20,458 करोड़ रुपए के रिफंड जारी किए है, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 31 फीसदी ज्यादा हैं। शुद्ध जीएसटी राजस्व, रिफंड की राशि को समायोजित करने के बाद, 1.53 लाख करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले की तुलना में 3.9 फीसदी ज्यादा है। चालू वित्तीय वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में कुल जीएसटी संग्रह 9.5 फीसदी बढ़कर 10.87 लाख करोड़ से ज्यादा हो गया है। जीएसटी संग्रह में यह बढ़ोतरी आर्थिक सुधार और व्यापार गतिविधियों में सुधार का संकेत है। विशेषज्ञों का मानना है कि त्योहारी सीजन के दौरान कर संग्रह में और वृद्धि की संभावना है। पीडब्ल्यूसी इंडिया ने कहा कि दरों को युक्तिसंगत बनाने की प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए जीएसटी परिषद को इस पर ध्यान देना जरुरी है। वहीं, डेलॉयट इंडिया ने कहा कि जीएसटी राजस्व आर्थिक वृद्धि का एक महत्वपूर्ण संकेतक है, जिसे जीडीपी के आंकड़ों से जोड़ा जा सकता है। सलाहकार फर्म टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज के विवेक जालान ने उम्मीद जताई कि जीएसटी परिषद की अगली बैठक में राजस्व वृद्धि को लेकर कुछ महत्वपूर्ण उपाय किए जाएंगे।

## ईरान-इजरायल संघर्ष से कच्चे तेल की कीमतों में चार फीसदी बढ़ोतरी

नई दिल्ली,(ईएमएस)। ईरान द्वारा इजरायल पर मिसाइल हमलों के बाद वैश्विक स्तर पर जियोपॉलिटिकल तनाव गहराता जा रहा है। इस संघर्ष का असर कच्चे तेल की कीमतों पर देखने को मिला, जहां अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें चार फीसदी तक बढ़ गई हैं। वहीं ब्रेंट क्रूड वायदा 3.5 फीसदी बढ़कर 74.2 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जबकि यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड 3.7 फीसदी की बढ़त के साथ 70.7 डॉलर प्रति बैरल पर हो गया है। इस तेजी से पूरी दुनिया में महंगाई बढ़ने की संभावनाएं भी बढ़ गई हैं, खासकर ऐसे समय में जब वैश्विक अर्थव्यवस्था पहले से ही अस्थिर है। कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का असर कई क्षेत्रों पर पड़ सकता है। शेयर बाजारों में भी इसका प्रभाव देखा गया, जहां निफ्टी और डाओ फ्यूचर्स समेत कई देशों के बाजार लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह युद्ध लंबा चला, तो कच्चे तेल की कीमतें और बढ़ सकती हैं, जिससे पेट्रोल, डीजल, खाद्य पदार्थ और अन्य जरुरी वस्तुओं की कीमतें आसमान छू सकती हैं। ऑयल एक्सप्लोरेशन कंपनियों जैसे ओएनजीसी और ऑयल इंडिया के शेयरों में वृद्धि की संभावना जताई जा रही है, क्योंकि इन कंपनियों को महंगे कच्चे तेल से फायदा हो सकता है। दूसरी ओर पेंट और टायर कंपनियों के शेयरों में गिरावट की उम्मीद है, क्योंकि इन उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ जाएगी। इसके अलावा जियोपॉलिटिकल तनाव के बढ़ने से सोने की कीमतों में भी उछाल देखने को मिल सकता है। युद्ध जैसे हालात में निवेशक गोल्ड में निवेश को सुरक्षित मानते हैं, जिससे सोने की मांग और कीमतें बढ़ जाती हैं।

# 2000 रुपए के 98 फीसदी नोट वापस आए, चलन से पूरी तरह बाहर

### आरबीआई के इस कदम का उद्देश्य डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना



मुंबई,(ईएमएस)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दो हजार रुपए के नोटों पर बड़ा अपडेट देते हुए कहा कि चलन से बाहर हुए इन नोटों का 98 फीसदी हिस्सा अब तक वापस आया है। 19 मई 2023 को 2000 रुपए के नोटों को बंद करने घोषणा की गई थी। उस समय बाजार में इन नोटों का कुल मूल्य करीब 3.6 लाख करोड़ रुपए था। अब यह आंकड़ा घटकर सिर्फ 7,117 करोड़ रह गया है, जो यह बताता है कि ज्यादातर 2000 हजार के नोट जमा हो गए या एक्सचेंज करा लिए गए हैं। आरबीआई के आंकड़ों के बाद स्पष्ट हो गया है कि 2000 रुपए के नोट अब करीब पूरी तरह से चलन से बाहर हो चुके हैं। 8 नवंबर 2016 को जब भारत में नोटबंदी लागू की गई थी, उस समय 500 और 1000 रुपए के पुराने नोटों को बंद कर दिया गया था और 2000 रुपए के नोटों को चलन में लाया गया था ताकि नकदी संकट से निपटा जा सके लेकिन 2023 में आरबीआई ने इन्हें धीरे-धीरे वापस लेने का फैसला लिया। लोगों को 7 अक्टूबर 2023 तक अपने 2000 रुपए के नोट जमा करने या बदलवाने की सुविधा दी गई थी। इसके बाद भी, जो लोग समय सीमा में अपने नोट जमा नहीं कर पाए थे, उन्हें आरबीआई के 19 रीजनल ऑफिस और डाकघरों के जरिए से यह सुविधा दी गई।

आरबीआई ने पहले एक सितंबर 2024 को भी एक अपडेट जारी किया था, जिसमें यह बताया गया था कि 30 अगस्त 2024 तक 2000 रुपए के कुल 3.56 लाख करोड़ रुपए के नोट वापस आ चुके हैं। तब बैंकिंग प्रणाली में 7,261 करोड़ रुपए के नोट चलन में थे, जो अब घटकर 7,117 करोड़ रुपए रह गए हैं। आरबीआई ने कहा है कि 2000 रुपए के नोटों की वैधता अब भी बरकरार है, यानी यह नोट अब भी लीगल टेंडर हैं और अवैध घोषित नहीं किए गए हैं लेकिन आरबीआई समय-समय पर बुलेटिन जारी करके नोटों की स्थिति और उनके आंकड़े प्रस्तुत कर रहा है। आरबीआई के इस कदम का उद्देश्य बाजार में नकदी प्रवाह को नियंत्रित करना और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना है। 2000 रुपए के नोट की जगह अब छोटे मूल्यवर्ग के नोटों और डिजिटल भुगतान प्रणाली पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है।

## भारत के बाइक्स बाजार में होंडा यूनिकॉर्न का दबदबा

नई दिल्ली। देश के मोटरसाइकिल बाजार में 150 सीसी से 200 सीसी इंजन सेगमेंट में होंडा यूनिकॉर्न का दबदबा साफ नजर आता है। इस श्रेणी में टीवीएस, बजाज, यामाहा, होंडा और हीरो के कई मॉडल शामिल हैं। हम यहां इस सेगमेंट के शीर्ष 10 सबसे अधिक बिकने वाले मॉडल की जानकारी प्रस्तुत कर रहे हैं। अगस्त 2024 में होंडा यूनिकॉर्न की 31,351 यूनिट बिकीं, जबकि अगस्त 2023 में इसकी बिक्री 31,473 यूनिट थी। इस प्रकार, इसकी बिक्री में 122 यूनिट की कमी आई और 0.39प्रतिशत की सालाना गिरावट दर्ज की गई। टीवीएस अपाचे की बिक्री अगस्त 2024 में 30,038 यूनिट रही, जो कि अगस्त 2023 में 18,863 यूनिट थी। इसने 11,175 यूनिट की बढ़त हासिल की, जिससे 59.24प्रतिशत की सालाना वृद्धि हुई। बजाज पल्सर की अगस्त 2024 में 25,137 यूनिट बिकी, जबकि अगस्त 2023 में इसकी बिक्री 17,111 यूनिट थी। इसने 8,026 यूनिट अधिक बेचीं और 46.91प्रतिशत की सालाना वृद्धि दिखाई।

# पंजाब की मान सरकार ने बढ़ाया मजदूरी शुल्क, सरकार पर पड़ेगा अतिरिक्त बोझ



चंडीगढ़,(ईएमएस)। पंजाब की अनाज मंडियों में काम करने वाले मजदूरों को मान सरकार ने राहत दी है। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने अनाज की लोडिंग और अनलोडिंग के लिए मजदूरी शुल्क बढ़ाने का ऐलान किया है। मजदूरी शुल्क में एक रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। यह कदम मंडियों में काम करने वाले मजदूरों के लिए राहत देने वाला बताया जा रहा है। इस वृद्धि से राज्य के खजाने पर करीब 18 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा। सीएम की इस घोषणा के साथ ही खरीफ विपणन सत्र 2024-25 के लिए धान की खरीद भी शुरू हो गई है। सीएम मान ने अपने मंत्रियों और विधायकों को निर्देश दिया है कि वे राज्य की मंडियों का दौरा करें और धान की खरीद प्रक्रिया को तेज करवाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस प्रक्रिया को सुचारू और परेशानी मुक्त किया जाए ताकि किसानों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में धान की खरीद प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है। मान सरकार को इस खरीद सत्र के दौरान करीब 185 लाख टन धान की खरीद की उम्मीद है। सीएम मान ने यह भी तय किया कि किसानों की उपज को जल्द से जल्द खरीदा जाए और मंडियों में किसी भी प्रकार की देरी न हो। धान खरीद सत्र की इस शुरुआत से किसानों को भी राहत मिलेगी, क्योंकि वे अपनी उपज को जल्द और सुचारू रूप से बेच सकेंगे। इसके साथ ही, मंडी मजदूरों के लिए बढ़ा हुआ मजदूरी शुल्क उन्हें आर्थिक रूप से मदद देगा, जिससे उनकी आमदनी में सुधार होगा।

## रॉयल एनफील्ड ने सितंबर में की बंपर ब्रिकी.....सालाना आधार पर 11 प्रतिशत वृद्धि

मुंबई (ईएमएस)। बाइक बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड ने सितंबर में 86,978 गाड़ियां बेचीं, जो सालाना आधार पर 11 प्रतिशत वृद्धि है। पिछले साल सितंबर में कंपनी ने 78,580 गाड़ियां बेची थीं। रॉयल एनफील्ड ने कहा कि समीक्षाधीन अवधि में घरेलू बाजार में वाहन बिक्री सात प्रतिशत बढ़कर 79,326 इकाई रही, जो बीते साल समान माह में 74,261 इकाई थी। कंपनी ने बताया कि निर्यात सितंबर, 2024 में बढ़कर 7,652 इकाई रहा, जो बीते साल समान माह में 4,319 इकाई था। रॉयल एनफील्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी गोविंदराजन ने कहा,हमने अपने हालिया पेशकश के कारण सितंबर के महीने में लगातार वृद्धि दर्ज की है। इस साल क्लासिक 350 ने चालकों के बीच अपनी प्रतिष्ठित स्थिति और लोकप्रियता को मजबूत करना जारी रखा है और अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

## अडानी समूह की दो कंपनियों में विलय.......... अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड नई कंपनी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत के सबसे अमीर उद्योगपति गौतम अदाणी की दो कंपनियों का 2 अक्टूबर को विलय हो गया है। शेयर बाजार को दी जानकारी में कंपनी ने बताया कि अदाणी ग्रुप के पूर्ण स्वामित्व वाली दो कंपनियों का विलय पूरा हो गया है। अदाणी ग्रुप की विलय होने वाली दो कंपनियां, अदाणी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड और मुंद्रा सोलर टेक्नोलॉजी लिमिटेड है। इन दोनों कंपनियों का विलय अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड में होगा। अदाणी एंटरप्राइजेज ने कहा, 'हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि कंपनी की दो पूर्ण स्वामित्व वाली स्टेप-डाउन सब्सिडियरी कंपनियां अदानी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड और मुंद्रा सोलर टेक्नोलॉजी लिमिटेड का अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ विलय हो गया है। अदानी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड अदाणी एंटरप्राइजेज की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। अदाणी एंटरप्राइजेज ने बताया कि विलय 1 अक्टूबर, 2024 से प्रभावी हो गया है। अधिकारियों के साथ वैधानिक फाइलिंग सहित सभी प्रक्रियात्मक औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल), अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) की ग्रीन एनर्जी प्रोडक्ट्स जैसे- सोलर ग्लास, एल्यूमीनियम फ्रेम और बैक शीट का मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित कर रही है। ये कंपनी के मौजूदा सोलर सेल और मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग के लिए प्रमुख घटक हैं। कंपनी कम कार्बन वाली परियोजनाएं चलाती है। यह ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट्स, पवन टरबाइन, और सोलर मॉड्यूल बैटरी की मैन्युफैक्चरिंग करती है। फ्रांस की एनर्जी सेक्टर की दिग्गज कंपनी टोटल एनर्जीज की अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड में 25 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी है। बाकी शेयरों में से अधिकांश का स्वामित्व एईएल के पास ही है।

## गांधी जयंती पर गुजरात, बिहार और बंगाल में सस्ता हुआ पेट्रोल, डीजल

नई दिल्ली (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भले ही क्रूड (कच्चा तेल) महंगा हो रहा है पर गांधी जयंती के अवसर पर आज देश के कई शहरों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें गिरी हैं। दुनिया भर के बाजारों में आज क्रूड ऑयल बढ़कर एक 75 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है पर गुजरात हो, बिहार हो या पश्चिम बंगाल जहां-जहां गांधी जी गये थे पेट्रोल और डीजन सस्ता हुआ है।

गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में पेट्रोल की कीमतें 50 पैसे कम हुई हैं और ये 94.50 रुपये प्रति लीटर पर है। वहीं डीजल भी 50 पैसे नीचे आकर 90.17 रुपये प्रति लीटर पहुंचा है जबकि पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में आज पेट्रोल 72 पैसे सस्ता हुआ और 104.66 रुपये लीटर बिक रहा, जबकि डीजल 68 पैसे सस्ता होकर 91.48 रुपये लीटर पर है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 32 पैसे की कमी के साथ ही 105.74 रुपये लीटर हो गया तो डीजल 30 पैसे की कमी के साथ ही 92.57 रुपये लीटर बिक रहा है। कच्चे तेल की बात करें तो बीते 24 घंटे में इसकी कीमतों में भी तेजी आई है।

# निवेशकों को हो रहे नुकसान को रोकने सेबी ने किए छह सुधारात्मक उपाय

### अनुबंधों का आकार 5 लाख से बढ़ाकर 15 लाख रुपए किया




नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने डेरिवेटिव ट्रेडिंग में अटकलबाजी और खुदरा निवेशकों को हो रहे भारी नुकसान पर रोक लगाने के लिए छह सुधारात्मक उपायों का ऐलान किया है। सेबी के मुताबिक इन उपायों का उद्देश्य डेरिवेटिव बाजार में स्थिरता लाना और निवेशकों के हितों की सुरक्षा तय करना है। सेबी के मुताबिक पिछले तीन वित्त वर्षों में 93 फीसदी से ज्यादा खुदरा निवेशकों को वायदा एवं विकल्प (एफऐंडओ) सेगमेंट में कुल 1.8 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इतनी बड़ी मात्रा में घाटा होने से आरबीआई और मुख्य आर्थिक सलाहकार सहित अन्य वित्तीय नियामकों ने भी चिंता जताई थी। इसको ध्यान में रखते हुए सेबी ने डेरिवेटिव ट्रेडिंग ढांचे में अहम बदलाव किए हैं। पहले डेरिवेटिव अनुबंधों का आकार 5 लाख था, जिसे बढ़ाकर 15 लाख रुपए कर दिया गया है। यह पहली बार है जब पिछले 9 साल में अनुबंध के आकार में कोई बदलाव किया गया है। वही शॉर्ट पोजीशन अनुबंधों पर अतिरिक्त 2 फीसदी का अत्यधिक नुकसान मार्जिन लागू किया जाएगा, जो 20 नवंबर 2024 से लागू होगा। ब्रोकरों को अब ऑप्शन खरीदारों से प्रीमियम अग्रिम में लेना अनिवार्य होगा, जिससे इंट्राडे ट्रेडिंग में अत्यधिक लाभ उठाने से रोका जा सके। साप्ताहिक निपटान को प्रति एक्सचेंज एक बेंचमार्क तक सीमित किया गया है। इससे अत्यधिक अटकलबाजी और बाजार में अस्थिरता कम होगी। स्टॉक एक्सचेंजों को निर्देश दिया गया है कि वह पोजीशन लिमिट पर इंट्राडे के आधार पर नजर रखें। यह नियम अप्रैल 2025 से लागू होगा। निपटान के दिन अलग कैलेंडर की व्यवस्था को खत्म कर दिया गया है, ताकि बाजार में समानता और पारदर्शिता आए। सेबी के इन बदलावों का उद्देश्य खुदरा निवेशकों को हो रहे भारी नुकसान को कम करना और डेरिवेटिव बाजार में स्थिरता लाना है। विशेषज्ञों का मानना है कि ये कदम आने वाले समय में खुदरा निवेशकों को सुरक्षित निवेश वातावरण प्रदान करने में मददगार साबित होंगे।

## वित्त वर्ष 2025 की पहली छःमाही में इलेक्ट्रिक वाहनों में 19 फीसदी की बढ़ोतरी

नई दिल्ली,(ईएमएस)। वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में 19 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। अप्रैल से सितंबर तक कुल 8,36,621 इलेक्ट्रिक वाहन बिके, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 7,02,013 वाहनों की तुलना में ज्यादा है। हालांकि मासिक आधार पर वृद्धि मामूली रही, जहां सितंबर में 1.22 फीसदी वृद्धि हुई, जो अगस्त 2024 में बेचे गए 1,46,745 वाहनों से ज्यादा है।

सितंबर 2024 में वार्षिक आधार पर ईवी की बिक्री में 24.65 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है जिसमें 1,48,539 वाहन बिके, जबकि पिछले साल सितंबर में यह संख्या 1,19,163 थी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के वाहन डेटा के मुताबिक इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में बढ़ोतरी का यह रुझान बना हुआ है। सितंबर में बिक्री इस कैलेंडर वर्ष में तीसरी सबसे ज्यादा रही, जबकि मार्च 2024 में 2,03,506 और जुलाई 2024 में 1,69,746 वाहन बिके थे।

विश्लेषकों का मानना है कि श्राद्ध व पितृ पक्ष के चलते उपभोक्ताओं ने महंगी खरीदारी से परहेज किया इसके बावजूद यह आंकड़ा सकारात्मक रहा। इस दौरान वाहन निर्माताओं द्वारा दिए गए ऊंचे डिस्काउंट और अन्य ऑफर्स ने बिक्री में मामूली बढ़ोतरी का समर्थन किया है। उद्योग विशेषज्ञों को अक्टूबर 2024 में बिक्री और ज्यादा बढ़ोतरी की उम्मीद है, क्योंकि तीन अक्टूबर से त्योहारी सीजन शुरू हो रहा है। इस दौरान 10 से 15 फीसदी की बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है, जिससे उद्योग को और ज्यादा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# ओला इलेक्ट्रिक की बिक्री हुई कम प्रतिस्पर्धी कंपनियों से मिल रही चुनौती



नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत की टॉप इलेक्ट्रिक स्कूटर बनाने वाली कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने इस साल सितंबर में सबसे कम बिक्री की है जिससे बाजार में इसका दबदबा कमजोर पड़ गया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक साफ्टबैंक समर्थित कंपनी ओला इलेक्ट्रिक को छोटी प्रतिस्पर्धी कंपनियों और सर्विस नेटवर्क की चुनौतियों के कारण गिरावट का सामना करना पड़ रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक ओला इलेक्ट्रिक ने करीब दो महीने पहले शेयर बाजार में कदम रखा था। कंपनी ने सितंबर 2024 में 23,965 वाहन बेचे। यह लगातार दूसरे महीने गिरावट का संकेत देती है। इस दौरान ओला की निकटतम प्रतिस्पर्धी कंपनी टीवीएस मोटर की लगातार पांच महीने से और बजाज ऑटो की लगातार तीन महीने से बाजार की हिस्सेदारी में इजाफा हुआ है।

ओला कंपनी ने अक्सर बाजार की तुलना में कम कीमतों पर अपने ई-स्कूटर बेचे हैं। अब इसके स्कूटर्स की बिक्री में गिरावट कंपनी के वित्तीय परिणामों के लिए एक चुनौती बन गई है। कंपनी अब तक मुनाफा नहीं कमा सकी है। विश्लेषकों का मानना है कि ओला की बढ़त को प्रतिस्पर्धियों की तरफ से नए मॉडल लॉन्च करने से नुकसान उठाना पड़ रहा है। साथ ही कंपनी के कमजोर सर्विस नेटवर्क की वजह से स्कूटर्स की मरम्मत पेंडिंग है और यह भी कंपनी की साख को नुकसान पहुंचा रही है।बजाज और टीवीएस ने अपने डीलरशिप नेटवर्क के विस्तार से ओला को चुनौती दी है। एलारा कैपिटल के मुताबिक बजाज ने पिछले साल अपने चेतक ई-स्कूटर्स के लिए डीलरशिप की संख्या 100 से बढ़ाकर जून तक 500 कर दी थी, जबकि ओला की डीलरशिप संख्या 750 से केवल 800 तक बढ़ी है। पिछले महीने एक शख्स को हाल ही में खरीदे गए ई-स्कूटर की खराब सेवा से असंतुष्ट होकर कर्नाटक राज्य में एक ओला शोरूम में आग लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। विश्लेषकों ने पिछले महीने एक नोट में कहा था कि ओला की बाजार हिस्सेदारी को बनाए रखने में सर्विस कंपनी की बड़ा रोल होगा।

# अब मध्य प्रदेश में कमर्शियल क्षेत्र के फ्लोर एरिया को किया जाएगा दोगुना

### राज्य सरकार ने लिया फैसला, शहरी विकास को मिलेगी नई दिशा



भोपाल,(ईएमएस)। मध्य प्रदेश के कमर्शियल क्षेत्रों में भवन निर्माण को लेकर बदलाव होने वाले हैं। राज्य सरकार ने फैसला लिया है कि प्रदेशभर में कमर्शियल क्षेत्र के फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) को दोगुना कर 5 से 7 तक किया जाएगा। वर्तमान में भोपाल में एफएआर 2.5 है, जो नए नियम के लागू होने के बाद व्यापारिक भवनों के लिए ज्यादा मंजिलें बनाने की अनुमति देगा। इस कदम से न केवल व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि शहरी विकास को भी नई दिशा मिलेगी।

इसके अलावा, बिल्डिंग में नेशनल बिल्डिंग कोड का पालन अनिवार्य होगा। इस बदलाव का उद्देश्य भवनों की संरचना को और ज्यादा मजबूत और सुरक्षित बनाना है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ने भूमि विकास नियम-2012 में संशोधन के लिए प्रस्ताव तैयार किया है और जल्द ही इसका नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। यह बदलाव राजधानी भोपाल और पूरे प्रदेश के शहरी क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

नए नियमों की विशेषताओं में सभी दुकानों और आवासों में आग से सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे। इससे आगजनी की घटनाओं में कमी आएगी। हर कॉलोनी में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) चार्जिंग स्टेशन बनाना अनिवार्य होगा। यह कदम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। वर्तमान में रेसीडेंशियल में 30फीसदी कमर्शियल में 40 फीसदी और हाइराइज में 50 फीसदी ग्राउंड कवरेज की अनुमति है। नए नियमों के तहत ग्राउंड कवरेज लिमिट को खत्म कर केवल न्यूनतम खुला क्षेत्र निर्धारित किया जाएगा।

केंद्र सरकार ने राज्यों से शहरी क्षेत्रों में सुधार करने को कहा है ताकि अमृत योजना और अन्य शहरी विकास योजनाओं के लिए अनुदान प्राप्त किया जा सके। ये सभी बदलाव केंद्र द्वारा निर्धारित सुधारों का हिस्सा है, जिनके आधार पर अनुदान राशि तय की जाएगी। टी एंड सीपी ने भूमि विकास नियमों में संशोधन के लिए अलग-अलग प्रस्ताव दिए हैं। इन प्रस्तावों पर केंद्र सरकार की मंशा के मुताबिक विचार किया जाएगा। इस प्रकार, भोपाल में आने वाले समय में कमर्शियल भवन निर्माण में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा, जो निवेश और विकास के नए अवसर पैदा करेगा। इस बदलाव से राज्य सरकार शहरी विकास को नई गति देने का प्रयास कर रही है।

# इजराइली हमले का जवाब, ईरान ने इजराइल पर 180 मिसाइल दागीं

## लेबनान से इराक-यमन तक ईरान के सहयोगी बढ़ा रहे नेतन्याहू की टेंशन

### इजराइल पर 7 तरफा हमला!

तेहरान/तेल अवीव(ईएमएस)। ईरान ने इजराइल पर मंगलवार रात 180 बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। इजराइली डिफेंस फोर्स ने बताया कि हमला मोसाद हेडक्वार्टर, नेवातिम एयरबेस और तेल नोफ एयरबेस को निशाना बनाकर किया गया था। ईरान की ज्यादातर मिसाइलों को इजराइल के डिफेंस सिस्टम ने नष्ट कर दिया। ईरान की इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉप्स ने कहा है कि ये हमला हमास चीफ इस्माइल हानिया, हिज्बुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह और इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉप्स कमांडर अब्बास निलफोरोशान की मौत के जवाब में किया गया है। इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉप्स का दावा है कि तेल अवीव में इजरायल के तीन सैन्य ठिकानों पर भी हमला किया गया है। इससे मध्य पूर्व में जंग और खतरनाक होती जा रही है। इजराइल लेबनान में हिजबुल्लाह, गाजा में हमास, ईरान और यमन में हूतियों से लड़ाई लड़ रहा है।हमले के बाद इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान ने बड़ी गलती कर दी है और उसे इसका अंजाम भुगतना होगा। इजरायली सेना के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने कहा कि सही वक्त और सही जगह चुनकर ईरान को जवाब दिया जाएगा। जबकि, इजरायली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट का कहना है कि ईरान ने कोई सबक नहीं सीखा है। जो इजरायल पर हमला करता है, उसे भारी कीमत चुकानी पड़ती है। ईरान का इजरायल पर ये इस साल में दूसरा हमला था। इससे पहले अप्रैल में भी ईरान ने इजरायल पर हमला किया था। हालांकि, फिलहाल हमले रुक गए हैं। लेकिन मध्य पूर्व के कई मुल्कों में ईरान के कई प्यादे हैं, जो इजरायल की टेंशन बढ़ा सकते हैं।गाजा पट्टीः 1987 में बने हमास को इजरायल-अमेरिका समेत कई देशों ने आतंकी संगठन घोषित कर रखा है। इस्माइल हानिया इसका मुखिया था, जिसे जुलाई में इजरायल ने मार गिराया था। 2007 से हमास का गाजा पट्टी पर दबदबा है। हमास का सबसे ज्यादा समर्थन ईरान करता है। ईरान से ही हमास को सबसे ज्यादा फंडिंग मिलती है। हमास के अलावा गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद नाम का संगठन भी एक्टिव है। ये हमास के बाद दूसरा सबसे बड़ा संगठन है। 1970 में बने इस संगठन को भी ईरान का समर्थन मिला हुआ है।वेस्ट बैंकः इजरायल की पूर्वी सीमा पर बसा वेस्ट बैंक फिलिस्तीन का दूसरा हिस्सा है। वेस्ट बैंक में भी हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद एक्टिव हैं। गाजा पट्टी के साथ-साथ वेस्ट बैंक से भी हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के लड़ाके इजरायल पर हमले करते रहे हैं।लेबनानः यहां पर हिज्बुल्लाह एक्टिव है। 1982 में ईरान के रिवॉल्यूशनरी गाड्र्स ने इस संगठन को बनाया था। हिज्बुल्लाह को भी कई देशों ने आतंकी संगठन घोषित कर रखा है। इसका मकसद ईरान में हुई इस्लामी क्रांति को दूसरे देश में फैलाना और लेबनान में इजरायली सेना के खिलाफ मोर्चा खड़ा करना था। इजरायल के खिलाफ इस जंग में हिजबुल्लाह, हमास का साथ दे रहा है। साल 2006 में भी हिजबुल्लाह ने इजरायल के साथ 35 दिन तक जंग लड़ी थी। इसमें 158 इजरायली नागरिकों की मौत हो गई थी। इराकः यहां पर भी कई चरमपंथी संगठन हैं, जिनका साथ ईरान देता है। इराक में पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेस नाम से संगठन है, जिसके पास 2 लाख से ज्यादा लड़ाके हैं। बद्र संगठन भी है जिसे ईरान-इराक युद्ध के वक्त ईरानी इंटेलिजेंस ने बनाया था। इन दोनों के अलावा असैब अह्ल अल-हक नाम का भी एक संगठन है। बद्र और असैब अह्ल अल-हक के पास 15 से 30 हजार लड़ाके होने का दावा है।सीरियाः फातेमियों ब्रिगेड है, जो ईरान में अफगानी शरणार्थियों का संगठन है। इसे सीरिया सरकार के खिलाफ बनाया गया था। सीरिया में लडऩे के लिए शिया पाकिस्तानियों ने जैनबियों ब्रिगेड नाम से संगठन बनाया था। एक कुवत अल-रिधा नाम का संगठन भी है, जिसके लड़ाकों को हिज्बुल्लाह ने ट्रेन किया है। बकीर ब्रिगेड भी है, जिसे ढ्ढक्रत्रष्ट का फुल सपोर्ट है। इन सभी संगठनों के पास हजारों लड़ाके हैं।यमनः यहां हूती विद्रोही एक्टिव हैं, जो शिया जैदी समुदाय का संगठन है। हूती विद्रोही इजरायल और अमेरिका के खिलाफ लड़ते हैं। नब्बे के दशक में हुसैन अल-हूती ने इस संगठन को बनाया था। यमन के हूती विद्रोहियों को ईरान का समर्थन मिला है। हूती विद्रोही यमन में राजनीतिक रूप से भी मजबूत हैं। हूती के पास 30 हजार से ज्यादा लड़ाके हैं।बहरीनः यहां पर अल-अश्तार ब्रिगेड नाम का संगठन एक्टिव है। ईरान की मदद से ये संगठन बहरीन सरकार के खिलाफ लड़ता है। 2013 में ये संगठन बना था। अल-अश्तार ब्रिगेड को ईरान से न सिर्फ फंडिंग मिलती है, बल्कि हथियार और विस्फोटक भी मिलते हैं। अल-अश्तार ब्रिगेड को हिज्बुल्लाह का समर्थन भी मिला है।

### प्रॉक्सी वॉर से इजरायल को देगा जवाब

इजरायल और ईरान लंबे समय से एक-दूसरे के साथ शेडो वॉर में लगे हुए हैं। दोनों ही अक्सर जिम्मेदारी लिए बगैर एक-दूसरे पर हमले करते रहे हैं। लेकिन हमास जंग ने ईरान को भी जंग का अखाड़ा बना दिया है। हमास से जंग शुरू होने के बाद इजरायल और ईरान के रिश्ते और खराब हुए हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ईरान ने जारी की मोस्ट वांटेड लिस्ट, नेतन्याहू योआव गैलेंट और हर्जी हलेवी के नाम

तेहरान (ईएमएस)। ईरान ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, रक्षा मंत्री योआव गैलेंट और सेना प्रमुख हर्जी हलेवी सहित 11 लोगों की मोस्ट वांटेड लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट को इजरायली आतंकवादियों के खात्मे की लिस्ट के रूप में जारी किया गया है। यह कदम ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव को और बढ़ा सकता है।ईरान के खुफिया मंत्रालय ने हिब्रू में एक धमकी जारी की है, धमकी में कहा गया है कि वे जल्द ही इजरायल की सुरक्षा संस्थानों के प्रमुखों और प्रधानमंत्री को खत्म कर देंगा। ईरान तब लड़ाई के मूड में आ गया जब इजरायली सेना ने लेबनान में हिज्बुल्लाह के हेडक्वार्टर पर हमले में संगठन प्रमुख हसन नसरल्लाह को मार गिराया। बीते दिनों मिसाइल हमले को भी ईरान ने उनकी और हमास के पॉलिटिकल लीडर इस्माइल हानिया की मौत का बदला बताया था।ईरान की हिट लिस्ट में बेंजामिन नेतन्याहू (प्रधानमंत्री), योआव गैलेंट (रक्षा मंत्री), हर्जी हलेवी (जनरल स्टाफ के प्रमुख), टोमर बार (इजरायली वायु सेना के कमांडर), सार सलामा (इजरायली नौसेना के कमांडर), तामिर यादई (ग्राउंड फोर्स के प्रमुख), अमीर बारम (जनरल स्टाफ के उप प्रमुख), अहरोन हलीवा (सैन्य खुफिया प्रमुख), ओरी गॉर्डिन (उत्तरी कमान के प्रमुख) येहुदा फॉक्स (मध्य कमान के प्रमुख) एलिएजर टोलेडानो (दक्षिणी कमान के प्रमुख) के नाम शामिल है।

### ईरान के हमलों की निंदा नहीं की, यूएन चीफ के इजराइल आने पर बैन

तेल अवीव (ईएमएस)। ईरान के हमले के बाद इजराइल ने यूएन चीफ एंटोनियो गुटेरेस के इजराइल आने पर रोक लगा दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल के विदेश मंत्री ने कहा कि यूएन चीफ ने ईरान के हमलों की निंदा नहीं की, जिसके बाद यह फैसला लिया गया।दरअसल, मंगलवार रात ईरान ने इजराइल पर 180 बैलिस्टिक मिसाइल दागी थीं। इजराइली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने बताया कि हमला मोसाद हेडक्वार्टर, नेवातिम एयरबेस और तेल नोफ एयरबेस को निशाना बनाकर किया गया था। वहीं लेबनान में ग्राउंड ऑपरेशन शुरू होने के बाद बुधवार को पहली बार हिजबुल्लाह के लड़ाकों की इजराइली सेना से मुठभेड़ हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, इसमें 2 सैनिकों की मौत हो गई जबकि 18 घायल हुए हैं। यह मुठभेड़ लेबनान के ओडेसाह गांव में हुई। इजराइली सेना ने लेबनान में अपनी दूसरी टुकड़ी भेजने की भी घोषणा की। उसने लेबनान के 25 गांवों में रह रहे लोगों से इलाका खाली करने को कहा है।यमन के हूती विद्रोहियों ने दावा किया है कि उन्होंने इजराइल में कई मिलिट्री पोस्ट को निशाना बनाया है। हमले के लिए उन्होंने कुद्स 5 रॉकेट का इस्तेमाल किया। हूती समूह के प्रवक्ता याह्या सारी ने कहा कि जब तक इजराइल, लेबनान और गाजा में अपने हमले नहीं रोकता है, हम इजराइली सेना के खिलाफ ऑपरेशन को बढ़ाने में संकोच नहीं करने वाले है।

### तुर्की ने लेबनान से अपने नागरिकों को निकलने को कहा

अंकारा (ईएमएस)। तुर्की के विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमने लेबनान से अपने नागरिकों को समुद्र या हवाई मार्ग से निकालने के लिए वैकल्पिक योजना तैयार की है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, लेबनान में सुरक्षा स्थिति बहुत ज्यादा खराब होने की संभावना है।रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय का कॉल सेंटर उन नागरिकों से आवेदन स्वीकार कर रहा है, जो संभावित निकासी में शामिल होना चाहते हैं। मंत्रालय ने बताया कि तुर्की के माध्यम से अन्य देशों से नागरिकों को निकालने के संबंध में दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए हैं। अब तक समर्थन मांगने वाले लगभग 20 देशों के लिए तैयारियां चल रही हैं।इजरायली सेना ने हमले की चेतावनी देकर लेबनान के नागरिकों से करीब 30 गांवों और कस्बों को खाली करने का आग्रह किया था। इसके पहले दावा किया था कि उसने रात में दक्षिणी लेबनान में जमीनी अभियान शुरू कर दिया है।बता दें कि लेबनान के प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने कहा था कि उनका देश अपनी दक्षिणी सीमा पर इजरायली सेना के साथ तनाव कम करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव 1701 को लागू करने के लिए तैयार है। यह घोषणा इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच युद्ध विराम के लिए अंतरराष्ट्रीय अपील के जवाब में की गई थी।

### ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच चीन और स्पेन ने निकाले अपने नागरिक

तेहरान(ईएमएस)। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच चीन ने लेबनान से 200 से ज्यादा नागरिकों को निकाल लिया है। स्पेन और साउथ कोरिया ने भी अपने नागरिकों को निकालने की घोषणा की है। स्पेन 350 नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए गुरुवार को 2 मिलिट्री एयरक्राफ्ट भेजे हैं। वहीं साउथ कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक यिओल ने भी अपने मिलिट्री एयरक्राफ्ट को तैयार करने को कहा है। लेबनान में साउथ कोरिया के 572 नागरिक रहते हैं। गौरतलब है कि ईरान ने इजराइल पर 180 बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। अब कहा जा रहा है कि ईरान के हमलों का बदला लेने के लिए इजराइल उसके तेल भंडारों पर हमला कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल अगले कुछ दिनों में ईरान पर अटैक कर सकता है। ईरान के हमले के बावजूद इजराइल ने लेबनान में ग्राउंड ऑपरेशन जारी रखा है। बुधवार को इजराइली सेना ने लेबनान में अपनी दूसरी टुकड़ी भेजी। आईडीएफ ने दक्षिणी लेबनान में 25 गांवों के लोगों को इलाका खाली करने को कहा है।

### कोपेनहेगन में इजरायली दूतावास के बाहर दो धमाके

कोपेनहेगन (ईएमएस)। डेनमार्क के कोपेनहेगन में इजरायली दूतावास के बाहर दो धमाके हुए हैं, इसके बाद डेनमार्क पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी है। धमाकों की आवाज ने क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।वहीं जॉर्डन ने स्पष्ट किया है कि वह किसी के लिए भी युद्ध का मैदान नहीं बनेगा। जॉर्डन के संचार मंत्री मोहम्मद अल मोमानी ने कहा कि जॉर्डन की स्थिति हमेशा से ऐसी रही है कि वह किसी के लिए भी मोहरा या युद्ध के मैदान के रूप में नहीं रहा। जॉर्डन के लोगों की सुरक्षा हमारी सर्वोपरि जिम्मेदारी है। इस दौरान, इजरायली सेना ने पुष्टि की है कि ईरान ने बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है। इजरायली डिफेंस फोर्स ने कहा है कि वे ईरान के हमले का जवाब देने के लिए तैयार हैं, लेकिन वे समय और स्थान का चयन करेंगी।

### ईरान की दो टूक इजराइल ने किया पलटवार, परिणाम होगा भयंकर



तेहरान (ईएमएस)। ईरान ने हाल ही में इजरायल पर 200 मिसाइलें दागने के बाद अपनी आक्रामकता को बढ़कर इजरायल को चेतावनी दी है। ईरान के आर्मी चीफ जनरल मेजर जनरल मोहम्मद बाघेरी ने कहा है कि यदि इजरायल ने ईरानी हमले का जवाब दिया, तब उसका परिणाम भयंकर होगा। उन्होंने कहा कि ईरान इजरायल के हर ठिकाने को निशाना बनाएगा।बीते एक साल से इजरायल और हमास जैसे उग्रवादी संगठनों के बीच जारी संघर्ष अब एक नए मोड़ पर पहुँच गया है। पिछले 10 दिनों से इजरायल की ओर से हिजबुल्लाह के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है, जिसमें लेबनान में तेज़ी से हमले किए जा रहे हैं। ईरान ने इस बीच, मंगलवार को इजरायल पर 200 मिसाइलें दागी, जिन्हें इजरायल के आयरन डोम सिस्टम ने रोकने में सफलता मिली। फिर भी, इस हमले ने दोनों देशों के बीच की स्थिति को और तनावपूर्ण बना दिया है। अमेरिका ने हालात को देखकर अपने सैनिकों की संख्या बढ़ाने का ऐलान किया है, जबकि इजरायल ने एक दृढ़ संकल्प लिया है कि या ईरान बचेगा या फिर वे खुद। जनरल बाघेरी ने स्पष्ट किया कि ईरान के हमले के बाद भी उनकी सेना फायर मोड में बनी हुई है और वे किसी भी परिस्थिति में जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार हैं।यह बयान इशारा करता है कि ईरान अब इजरायल के खिलाफ एक व्यापक आक्रामक नीति अपना सकता है, जो कि क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय बन सकता है।

## अध्ययन में खुलासाः हर साल 2 मिलीमीटर बढ़ रही माउंट एवरेस्ट चोटी

लंदन,(ईएमएस)। दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी, माउंट एवरेस्ट अब हर साल करीब 2 मिलीमीटर ऊंची होती रही है। यह चौंकाने वाला खुलासा यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के नए अध्ययन से सामने आया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह वृद्धि अरुण नदी द्वारा एवरेस्ट के आधार पर चट्टान और मिट्टी को काटने के कारण हो रही है। शोधकर्ताओं ने यह भी बताया कि एवरेस्ट की ऊंचाई सामान्य स्तर से 15-50 मीटर ज्यादा हो सकती है। अध्ययन के सह-लेखक एडम स्मिथ ने बताया कि यह जहाज से लदा माल फेंकने की तरह है। जब जहाज हल्का होता है, तो वह थोड़ा ऊपर तैरता है। इसी तरह जब क्रस्ट हल्की होती है, तो वह भी ऊपर की ओर उठती है।वैज्ञानिकों का मानना है कि करीब 40 से 50 मिलियन साल पहले भारतीय और यूरेशियन प्लेटों के टकराव के कारण हिमालय का निर्माण हुआ था। प्लेटों के टेक्टोनिक्स के चलते, हिमालय की ऊंचाई लगातार बढ़ती जा रही है। शोधकर्ताओं ने बताया कि अरुण नदी का नेटवर्क पर्वत को बढ़ने में मदद कर रहा है। अरुण नदी जो हिमालय से होकर बहती है, पृथ्वी की पपड़ी से सामग्री को काटती है, जिससे नीचे की परत पर दबाव कम होता है। इससे परत लचीली हो जाती है और ऊपर की ओर तैरने लगती है। इसे आइसोस्टेटिक रीबाउंड कहा जाता है।

# उपराष्ट्रपति उम्मीदवारों की डिबेट में जीते ट्रम्प के साथी जेडी वेंस



वॉशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले बुधवार को उपराष्ट्रपति उम्मीदवारों के बीच बहस हुई। डेमोक्रेटिक उम्मीदवार टिम वॉल्ज और रिपब्लिकन कैंडिडेट जेडी वेंस ने 90 मिनट तक डिबेट की।डिबेट के बाद हुए पोल में डोनाल्ड ट्रम्प के साथी उम्मीदवार जेडी वेंस को जीता बताया। पोल के मुताबिक 42 प्रतिशत लोगों ने वेंस को डिबेट का विजेता माना है। वहीं, 41 प्रतिशत लोगों ने माना कि टिम वॉल्ज की जीत हुई। 17 प्रतिशत लोगों ने माना कि मुकाबला बराबरी पर खत्म हुआ।जानकारी के मुताबिक वॉल्ज की शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन बाद में उन्होंने अच्छा कमबैक किया। वहीं, कई जानकारों ने कहा कि रिपब्लिकन उम्मीदवार वेंस ने सीधे शब्दों में अपनी बातें रखीं। उन्होंने वॉल्ज के वादों को लेकर कहा कि अभी डेमोक्रिटक पार्टी की सरकार है। वे जो वादे कर रहे हैं, वे उन्हें इस कार्यकाल में पूरा कर सकते थे।ट्रम्प और बाइडेन के उलट दोनों ही दलों के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों ने बहस से पहले एक-दूसरे से हाथ मिलाया। दोनों ने मिडिल ईस्ट संकट, अमेरिकी इकोनॉमी, अबॉर्शन, हेल्थ केयर, इमिग्रेशन, गन वॉयलेंस, क्लाइमेट चेंज जैसे मुद्दों पर बहस की। डिबेट के दौरान वॉल्ज ने ट्रम्प की ज्यादा उम्र पर भी लोगों का ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि 80 साल के ट्रम्प असली मुद्दे पर ध्यान देने की बजाय भीड़ जुटाने पर ध्यान देते हैं। डिबेट के दौरान दोनों पार्टी के नेताओं ने एक-दूसरे की आलोचना करने के बजाय राष्ट्रपति उम्मीदवारों की आलोचना की।दोनों उम्मीदवारों ने इजराइल का समर्थन किया डिबेट की शुरुआत मिडिल ईस्ट संकट से हुई। मिनिसोटा गवर्नर वॉल्ज ने कहा कि अमेरिका को मिडिल ईस्ट में अपनी मौजूदगी बनाए रखनी चाहिए और इजराइल के साथ खड़ा रहना चाहिए। डेमोक्रेटिक नेता ने कहा कि कमला हैरिस अपने साथी देशों की अहमियत समझती हैं, जबकि डोनाल्ड ट्रम्प का अपने सहयोगी देशों को मदद करने का रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। इसके जवाब में वेंस ने कहा कि वॉल्ज के ये आरोप बेबुनियाद हैं। जब ट्रम्प राष्ट्रपति थे, तब उन्होंने इजराइल का काफी साथ दिया था। वेंस ने कहा कि हमें अपने सहयोगियों की मदद करनी चाहिए चाहे वे कहीं भी कितनी भी बुरी हालत में क्यों न हों।

# चीनी सरकार के आर्थिक पैकेज ने अर्थव्यवस्था को किया पुनर्जीवित

## रातों रात बढ़ी अमीरों की संपत्ति, शेयर बाजारों में भी आया उछाल



बीजिंग,(ईएमएस)। चीन की अर्थव्यवस्था पिछले कुछ सालों से गंभीर संकट झेल रही थी, जिसके कारण रियल एस्टेट सेक्टर और रोजगार सृजन में भी गिरावट देखने को मिली है। सरकारी प्रतिबंधों के चलते आम लोगों की मांग में कमी आई। हालांकि, पिछले एक साल में चीनी सरकार ने अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने की भरपूरी कोशिश की है, लेकिन अधिकांश प्रयास असफल रहे।चीनी सरकार ने सीधे वित्तीय लाभ देने का फैसला लिया, जिसके तहत कई आर्थिक पैकेज की घोषणा की। हाल ही में घोषित इस प्रोत्साहन पैकेज का प्रभाव चीन के शेयर बाजारों में साफ दिखाई दे रहा है, जहां भारी उछाल आया। इसके परिणामस्वरूप, चीन के 54 सबसे अमीर लोगों की संपत्ति में करीब 19 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि यह वृद्धि 30 सितंबर को समाप्त हुए सप्ताह में दर्ज की गई, और यह 2016 के बाद से एक हफ्ते में संपत्ति में हुई सबसे बड़ी वृद्धि है, जिसमें कुल मिलाकर करीब 130 अरब अमेरिकी डॉलर का इजाफा हुआ है।रिपोर्ट के मुताबिक इस वृद्धि का कारण चीन के शेयर बाजार में आई तेजी है। सीएसआई 300 इंडेक्स में पिछले सप्ताह 25 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि देखी गई है। यह उछाल तब आया जब बीजिंग ने अपनी सुस्त अर्थव्यवस्था को गति देने कई अहम कदम उठाए, जैसे ब्याज दरों में कटौती और बैंकों के रिजर्व में कमी। इन कदमों ने बाजार में निवेशकों का विश्वास बढ़ाया और इंडेक्स में लगातार 9 दिन की वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें सोमवार को 8.5 फीसदी की तेजी आई थी। यह 2008 के बाद से सबसे बड़ी तेजी थी।पिछले तीन सालों में सख्त नीतियों से कई चीनी अरबपतियों की संपत्ति में गिरावट आई थी, विशेषकर रियल एस्टेट और टेक्नोलॉजी क्षेत्रों में। लेकिन हालिया तेजी ने इस स्थिति को पलट दिया है। टेक्नोलॉजी क्षेत्र में टेनसेंट होल्डिंग्स के को-फाउंडर पोनी मा को भी इस उछाल से फायदा मिला है। उनकी संपत्ति इस साल करीब 50 फीसदी से बढ़कर 51 अरब अमेरिकी डॉलर यानी 4,23,150 करोड़ रुपये हो गई है। इसके अलावा, अलीबाबा ग्रुप के को-फाउंडर जैक मा की संपत्ति भी बढ़कर 36 अरब अमेरिकी डॉलर यानी 2,98,800 करोड़ रुपए हो गई है। चीन के इस नए आर्थिक पैकेज का प्रभाव न केवल अरबपतियों की संपत्ति पर, बल्कि देश की समग्र अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा है।

# क्रैथॉन तूफान से खतराः ताइवान में तबाही से बचाने के लिए दफ्तर, स्कूल, मार्केट और शेयर बाजार बंद



ताइपे(ईएमएस)। बेहद खतरनाक तूफान क्रैथॉन ने ताइवान की नींद उड़ा दी है। गुरुवार की सुबह कई शहरों में दस्तक देने वाले इस तूफान के खतरों को देखते हुए स्कूल,कॉलेज,दफ्तर, यहां तक की शेयर मार्केट भी बंद कर दिए गए हैं। इसके साथ ही, ताइवान में दर्जनों अंतरराष्ट्रीय उड़ानें और घरेलू उड़ानें भी रद्द कर दी गई हैं। मौसम प्रशासन ने कहा कि तूफान की तीव्रता कम हो गई है, लेकिन तूफानी लहरों, तेज हवाओं और बारिश का खतरा अभी भी बना हुआ है। साल की शुरुआत में टाइफून गेमी के गंभीर प्रभावों के कारण, ताइवान के लोग इस बार और अधिक सतर्क हैं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने 38,000 जवानों को तूफान से निपटने के लिए तैयार रहने का आदेश दिया है। इस प्रकार, ताइवान की सरकार और नागरिक इस संकट का सामना करने के लिए तैयार हैं और स्थिति की लगातार निगरानी कर रहे हैं।ताइवान के मौसम विभाग ने कहा कि गुरुवार की सुबह काऊशुंग और उसके पड़ोसी शहर ताइनान के बीच तूफान आने की संभावना है, जिसके बाद यह पश्चिमी तट से होते हुए राजधानी ताइपे की ओर बढ़ेगा। सभी शहरों में एक दिन की छुट्टी घोषित की गई है। पूर्वी एशियाई देश ताइवान की सरकार इस समय एक गंभीर स्थिति का सामना कर रही है। बुधवार को राजधानी ताइपे समेत देश के कई हिस्सों में सभी ऑफिस, स्कूल-कॉलेज और शेयर बाजार बंद कर दिए गए हैं। सरकार को यह चिंता है कि साल 1977 में आए एक खतरनाक समुद्री तूफान की यादें फिर से न लौट आएं। मौसम के पूर्वानुमानों में चेतावनी दी गई है कि एक समुद्री तूफान, जिसे क्रैथॉन नाम दिया गया है, बड़ी तबाही मचा सकता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ताइवान के काऊशुंग तट पर तूफान की बड़ी लहरें उठने और मूसलाधार बारिश होने की संभावना है। स्थानीय सरकार ने लोगों को घर पर रहने और समुद्र, नदियों और पहाड़ों से दूर रहने की सलाह दी है। सरकारी अधिकारियों ने 1977 के तूफान थेल्मा का संदर्भ देते हुए चेतावनी दी है, जिसमें समुद्री तूफान के कारण 37 लोगों की जान गई थी और 2.7 मिलियन की आबादी वाले शहर को भारी नुकसान हुआ था। ताइवान में आमतौर पर तूफान प्रशांत महासागर के सामने पहाड़ी और कम जनसंख्या वाले पूर्वी तट पर आते हैं, लेकिन इस बार क्रैथॉन तूफान पश्चिमी मैदान पर आने की संभावना है।

## बांग्लादेश ने पाकिस्तान से कहा माफी मांगें तभी रिश्ते सुधरेंगे

ढाका(ईएमएस)। शेख हसीना की सरकार बेदखल होते ही बांग्लादेश अनाथ सा हो गया है। उसे खुद नहीं मालूम की रिश्ते किससे बेहतर रखना है और किससे नहीं रखना है। केवल संभावनाओं और उम्मीदों की बुनियाद पर बांग्लादेश की सरकार चल रही है। पहले पाकिस्तान से दोस्ती के लिए हाथ बढ़ाया अब कह रहा है कि पहले 1971 में की गई अमानवीयता के लिए माफी मांगें तभी पाकिस्तान से रिश्ते बेहतर हो सकेंगे।हाल ही में बांग्लादेश में पाकिस्तान के उच्चायुक्त ने अंतरिम सरकार के कई बड़े सदस्यों से ढाका में मुलाकात भी की थी।रिपोर्ट के मुताबिक, विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहिद हुसैन ने कहा है कि मौजूदा सरकार ने पाकिस्तान को ऐसा नहीं लगने दिया है कि वह 1971 के मुद्दे को एक तरफ रखकर अच्छे रिश्ते चाह रहे हैं। उनका कहना है कि पाकिस्तान माफी मांगता है, तो दोनों देशों के बीच संबंध सामान्य करने में मददगार साबित होगा।उन्होंने कहा, हमें पाकिस्तान की तरफ से कुछ नहीं सुना है। मुझे व्यक्तिगत तौर पर लगता है कि अगर वो (पाकिस्तान सरकार) 1971 पर बात करने की हिम्मत दिखाए और कहे कि वे माफी मांगना चाहते हैं, तो संबंध आसान हो जाएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश चाहता है कि 1971 में निहत्थे बंगालियों पर किए अत्याचारों पर पाकिस्तान सार्वजनिक रूप से औपचारिक घोषणा कर माफी मांगे।तौहिद हुसैन ने कहा, जापान द्वितीय विश्व युद्ध से ही अपने कामों के लिए माफी मांग रहा है। मेरा मानना है कि पाकिस्तान में अगर कोई सरकार हिम्मत दिखा सकती है और ऐसा बयान दे सकती है, तो रिश्तों का सामान्य होना और आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध चाहता है, लेकिन 1971 के मुद्दे रहेंगे। उन्होंने कहा, 1971 हमेशा हमारे दिल में है।बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस से मुलाकात के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दोनों देशों के रिश्तों पर बात की थी। रिपोर्ट के मुताबिक, शरीफ ने कहा था कि बांग्लादेश और पाकिस्तान को अपने संबंधों का नया अध्याय शुरू करना चाहिए।

## पेजर, वॉकी-टॉकी के बाद अब आईफोन धमाके का डर, सहम गया ईरान

तेहरान (ईएमएस)। लेबनान में पेजर धमाके के बाद अब ईरान में आईफोन विस्फोट की आशंका बढ़ गई है। ईरान के पूर्व कम्युनिकेशन मंत्री और सांसद रेजा टैगिपुर ने इसकी चेतावनी दी है। पिछले हफ्तों में पेजर से लेकर वॉकी-टॉकी तक में विस्फोट की घटनाएं हुई थी, और रेडियो सिस्टम तक को हैक किया गया था। इसमें ईरानी राजदूत सहित रिवॉल्यूशनरी गार्ड के कई जवान भी घायल हो गए थे। क्योंकि अब लेबनान में हिज्बुल्लाह के प्रमुख को भी मार गिराया गया है, माना जा रहा है कि इजरायल अब वेस्ट एशिया के बड़े क्षेत्र को अपने अनुकूल करने की राह पर है।

# चीन का छलका दर्दः शी जिनपिंग ने गिनाई चुनौतियां बोले, कई देशों ने बढ़ाई दिक्कतें

बीजिंग(ईएमएस)। चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों के चलते चौतरफा घिरता जा रहा है। नतीजा ये है कि कई देश मिलकर चीन की खिलाफत में उतर आए हैं। वे अपने अपने तरीके से चीन के लिए मुश्किले खड़ी कर रहे हैं। खुद राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इसका जिक्र चीन के 75वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत के गठबंधन क्वॉड की गतिविधियों के कारण चीन को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर, उन्होंने कहा, आगे की राह आसान और सुगम्य नहीं होगी, इसमें कठिनाइयाँ और बाधाएँ आएँगी।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, अमेरिका के साथ बढ़ती प्रतिस्पर्धा और दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस के साथ तनाव को लेकर शी ने कहा कि ये सभी कारक चीन के लिए चुनौतीपूर्ण हैं। दक्षिण चीन सागर पर चीन के दावों के चलते, फिलीपींस जैसे देशों के साथ तनाव बढ़ रहा है, जो अमेरिका का सैन्य समर्थन प्राप्त कर रहा है। वर्तमान में, भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में चार वर्षों से अधिक समय से गतिरोध जारी है, हालाँकि दोनों देशों ने इस स्थिति को सुलझाने के लिए कूटनीतिक और सैन्य वार्ता जारी रखी है। इस प्रकार, चीन को विभिन्न आंतरिक और बाहरी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके लिए शी जिनपिंग ने अपनी सरकार और जनता से एकजुट होकर आगे बढ़ने की अपील की। तियानमेन स्क्वायर पर आयोजित इस समारोह में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। हालांकि, पिछले वर्षों की तरह कोई भव्य सैन्य परेड या उत्सव का आयोजन नहीं किया गया। शी ने लोगों को कठिन समय के लिए तैयार रहने का आह्वान किया और कहा कि शांति के समय में सतर्क रहना आवश्यक है।

## लेबनान के अंदर घुसी इजरायली सेना, कई गांव को हिज्बुल्लाह के नियंत्रण से मुक्त कराया

तेलअवीव (ईएमएस)। इजरायल की सेना ने लेबनान के अंदर 48 किलोमीटर तक घुसपैठ की है, इसके परिणामस्वरूप हिज्बुल्लाह के लड़ाके इलाके को छोड़कर भाग चुके हैं। हालांकि, कुछ संघर्ष लेबनानी सेना और बचे-कुचे हिज्बुल्लाह लड़ाकों के बीच जारी है। इस संघर्ष से करीब 10 लाख लोग इस क्षेत्र से भाग चुके हैं, जिससे स्थानीय जनसंख्या लगभग समाप्त हो गई है।इजरायली सेना ने पूरे दक्षिणी लेबनान में अपना प्रभाव जमा लिया है। इजरायल की नेशनल सिक्योरिटी कैबिनेट ने इस ऑपरेशन को हिज्बुल्लाह के खिलाफ अगले चरण की लड़ाई के रूप में बताया है। यह इजरायली सेना द्वारा लेबनान की जमीन पर 50 वर्षों में चौथी बार घुसपैठ है, और 2006 में 34 दिन चले युद्ध के बाद पहली बार हो रहा है। इजरायल इस एक सीमित जमीनी ऑपरेशन के रूप में पेश कर रहा है, जिसमें वायुसेना की भी मदद ली जा रही है। आसमान से बमबारी और मिसाइलों के जरिए जमीनी फौज के लिए रास्ता साफ किया जा रहा है। इजरायल ने स्पष्ट किया है कि वह लंबे समय तक लेबनान पर कब्जा नहीं करेगा, लेकिन इजराइल यह भी नहीं बताया कि उसका वास्तविक इरादा क्या है। 01 अक्टूबर तक, इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान के दो दर्जन गांवों को हिज्बुल्लाह के नियंत्रण से मुक्त करा लिया था।

# ईरानी कप में सरफराज ने लगाया शतक

लखनऊ (ईएमएस)। बल्लेबाज सरफराज खान ने मुंबई की ओर से खेलते हुए ईरानी कप शतक लगाया है। सरफराज ने इसी के साथ ही शेष भारत के खिलाफ अपना 15वां प्रथम श्रेणी शतक लगाया। यहां के एकाना स्टेडियम में खेले जा रहे मैच के दूसरे दिन लंच से पहले ही सरफराज ने तेजी से खेलते हुए 14 चौके लगाकर अपना शतक पूरा किया। सरफराज मुंबई के 4 विकेट 139 रनों पर गिरने के बाद मैदान पर उतरे थे। इसके बाद उन्होंने अजिंक्य रहाणे के साथ मिलकर पारी को संभाला। रहाणे और सरफराज ने पहले दिन अंत तक 98 रन बनाये जिससे मुंबई की टीम 4 विकेट पर 237 रनों तक पहुंची। दूसरे दिन दोनों ने 43 रन और जोड़े पर रहाणे 97 रन बनाकर यश दयाल की गेंद पर आउट हो गए और शतक नहीं लगा पाये। इसके बाद सरफराज के साथ शम्स मुलानी क्रीज पर आए पर वह भी जल्द ही आउट हो गये। सरफराज ने तब तनुश कोटियन के साथ मिलकर 58 रन बनाए और मुंबई को लंच तक 6 विकेट पर 338 रन तक पहुंचाया। सरफराज को बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में शामिल किया गया था पर दूसरे टेस्ट के अंतिम दिन उन्हें ईरानी कप के लिए रिलीज कर दिया गया था।

## शंघाई मास्टर्स से बाहर हुए नागल

शंघाई (ईएमएस)। भारत के सुमित नागल शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के पहले ही दौर में हार के साथ बाहर हो गये हैं। सुमित को यहां पहले ही दौर में चीन के वू यिबिंग ने सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हरा दिया। नागल का प्रदर्शन इस मैच में निराशानक रहा। वहीं इससे पहले अगस्त में अमेरिकी ओपन के पुरुष एकल के पहले दौर में वह नीदरलैंड के टालोन ग्रिक्सपुर के हाथों हार गये थे। अमेरिकी ओपन के बाद अब वह पहली बार किसी टूर्नामेंट में खेल रहे थे। नागल ने हाल में पीठ की चोट के कारण स्वीडन के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में नहीं खेला था। जिसपर विवाद हुआ था और अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने आरोप लगाया था कि नागल ने ये मुकाबला जानबूझकर नहीं खेला।

## टी20 महिला विश्व कप से पहले शीर्ष क्रम की असफलता से भारतीय टीम प्रबंधन चिन्तित

दुबई (ईएमएस)। महिला महिला क्रिकेट टीम ने टी20 विश्व कप 2024 के अभ्यास मैच में जीत दर्ज की है पर इसके बाद भी शीर्ष क्रम के रन नहीं बनाने से टीम प्रबंधन चिन्तित है। भारतीय टीम ने पहले अभ्यास मैच में वेस्टइंडीज और फिर दक्षिण अफ्रीका को हराया पर शेफाली वर्मा, स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर इस दौरान रन नहीं बना पायीं जबकि ये टीम की मुख्य बल्लेबाज हैं। टूर्नामेंट में भारतीय टीम को जीत दर्ज करनी है तो इन्हें रन बनाने होंगे।। अभ्यास मैच में गेंदबाजों और मध्य क्रम के बल्लेबाजों ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा ने कमान संभाली और टीम को जीत दिलाई पर मुख्य मुकाबलों में शीर्ष क्रम का सफल होना जरुरी है।

भारतीय टीम विश्वकप में अपने अभियान की शुरुआत 4 अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। भारतीय टीम पिछली बार इस खिताब के करीब आकर भी इसे हासिल नहीं कर पायी थी पर इस बार उसके हौंसले बुलंद हैं। टीम के कोच विश्व कप की तैयारियों को लेकर आश्वस्त हैं, जबकि टीम की कप्तान का मानना है कि उनके पास टी20 विश्व कप के लिए एक सर्वश्रेष्ठ टीम है। टूर्नामेंट में ग्रुप ए में भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमें हैं।

## टी20 महिला विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम : मंधाना

दुबई (ईएमएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि उनकी टीम गुरुवार से शुरु हो रहे टी20 महिला विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी। मंधाना ने माना कि यहां की तेज गरमी से खिलाड़ियों को परेशानी होगी पर कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के दौरान इस प्रकार के बहाने नहीं बनाये जा सके। आपको हर प्रकार के हालातों में खेलने के लिए तैयार रहना होता है। भारतीय टीम अपना पहला मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 अक्टूबर को खेलेगी। इसके बाद, टीम 6 अक्टूबर को उसे पाकिस्तान से खेलना है। स्मृति ने कहा, दोपहर का मैच गर्मी के कारण चुनौतीपूर्ण होने वाला है पर जब आप भारत के लिए खेलते हैं, तो कोई बहाना नहीं होता है। आपको अच्छी तरह से तैयारी करनी होती है, और मुझे लगता है कि हमारे पास हालातों के अनुकूल तैयारी करने के लिए थोड़ा समय है। मुझे भरोसा है कि जब तक हम पाक का मुकाबला करेंगे तब तक मानसिक रूप से तैयार हो जाएंगे। हमें मजबूत बने रहने की जरूरत है। हम अन्य टीमों की तुलना में कुछ हद तक गर्मी के आदी हैं पर अभ्यास के पहले कुछ दिन यहां काफी थकान भरे रहे। तैयारी हालांकि अच्छी रही है और यहां आने से पहले हमने बेंगलुरु में एक शानदार कैंप लगाया था, जहां हमने सभी बातों पर ध्यान दिया था। महिला क्रिकेट में भारत-पाक प्रतिद्वंद्विता को लेकर कहा, मुझे लगता है कि भारत-पाकिस्तान मुकाबला किसी और चीज से ज्यादा प्रशंसकों की भावनाओं से जुड़ा है। ऐसा नहीं है कि खिलाड़ी एक-दूसरे से बात नहीं करते, यह दोनों देशों की भावनाएं हैं जो इसे इतना रोमांचक बनाती हैं। भारतीय टीम टूर्नामेंट के ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ है।

## वैभव ने अंडर-19 क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाया

चेन्नई (ईएमएस)। वैभव सूर्यवंशी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय अंडर-19 टीम की ओर से सबसे तेज शतक का रिकार्ड बनाया है। वैभव ने ये शतक 58 गेंदों पर ही लगा दिया। इस बल्लेबाज ने 62 गेंदों में 14 चौकों और चार छक्कों की सहायता से 104 रन बनाये। उन्होंने विहान मल्होत्रा के साथ पहले विकेट के लिए 133 रन बनाये। विहान ने कुल 76 रनों की पारी खेली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस चार दिवसीय मैच के पहले दिन भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को 293 रनों पर ही समेट दिया। इसके बाद दिन का खेल समाप्त होने तक भारतीय टीम ने बिना किसी नुकसान के 103 रन बना लिए थे। वहीं वैभव के रन आउट होने के बाद भारतीय पारी लड़खड़ा गई। भारतीय टीम ने शेष बचे नौ विकेट 163 रन पर खो दिये। भारतीय टीम के अन्य बल्लेबाज रन बनाने में विफल रहे। इससे भारतीय टीम अपनी पहली पारी में 296 रन ही बना पायी। उसे पहली पारी के आधार पर केवल तीन रन की बढ़त मिली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से भारतीय मूल के लेग स्पिनर रामकुमार ने 4 और ऑफ स्पिनर ब्राउन ने 3 विकेट लिए।

# आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंचे बुमराह

### यशस्वी बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान जबकि विराट छठे स्थान पर पहुंचे




दुबई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में एक बार फिर शीर्ष पर पहुंच गये हैं। बुमराह को बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में बेहतर प्रदर्शन का लाभ मिला है। आईसीसी के अनुसार दूसरे टेस्ट में छह विकेट लेने के बाद बुमराह पहले नंबर पर चल रहे आर अश्विन से एक अंक आगे निकलकर नंबर एक स्थान पर पहुंच गये। वहीं इस सीरीज में अच्छी बल्लेबाजी करने वाले भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल दो स्थान के लाभ के साथ ही तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अश्विन ने दूसरे टेस्ट में 5 विकेट लिए और वह बुमराह की 870 अंकों की रेटिंग से केवल एक अंक पीछे हैं जबकि बांग्लादेश को मेहदी हसन अपनी अच्छी गेंदबाजी से चार स्थान ऊपर आकर 18वें स्थान पर और अनुभवी स्पिनर शाकिब अल हसन पांच स्थान के लाभ के साथ ही 28वें स्थान पर पहुंच गये हैं। वहीं श्रीलंका के स्पिनर प्रभात जयसूर्या ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में 18 विकेट लेकर एक पायदान ऊपर आकर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं इंग्लैंड के जो रूट और न्यूजीलैंड के केन विलियमसन पहले और दूसरे नंबर पर हैं, वहीं भारत के ही विराट कोहली की भी शीर्ष दस में वापसी हुई है। विराट छह स्थान की छलांग लगाकर छठे स्थान पर पहुंच गये हैं। बांग्लादेश पर जीत की बदौलत भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में शीर्ष पर और आगे बढ़ गया है और लगातार तीसरे फाइनल में जगह बनाने की स्थिति में है। सलामी बल्लेबाज जायसवाल को बांग्लादेश के खिलाफ बारिश से प्रभावित टेस्ट के दौरान प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया और बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपडेट की गई टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग में दो स्थान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंचकर अपने करियर की नई सर्वोच्च रेटिंग हासिल की। उन्होंने इस मुकाबले में 72 और 51 रन बनाए। इसका मतलब यह है कि टेस्ट बल्लेबाजों की अपडेट की गई रैंकिंग में श्रीलंका के दाएं हाथ के बल्लेबाज कामिंडू मेंडिस पांच स्थान के सुधार के साथ 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं श्रीलंका के ही दिनेश चांदीमल छह स्थान के लाभ के साथ 20वें स्थान पर और एंजेलो मैथ्यूज चार स्थान के सुधार के साथ 23वें स्थान पर हैं। वहीं सीमित ओवरों में ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के बाद एक स्थान के फायदे से वनडे बल्लेबाजों की सूची में 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के जोड़ीदार हैरी ब्रूक 73 स्थान ऊपर चढ़कर 50वें स्थान पर और बेन डकेट 30 स्थान ऊपर चढ़कर 54वें स्थान परपहुंच गए हैं।

## महिला टी20 विश्व कप क्रिकेट आज से यूएई में शुरु होगा , दस टीमें भाग लेंगी

दुबई (ईएमएस)। महिला टी20 विश्व कप क्रिकेट गुरुवार से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में शुरु होगा। इसमें 10 टीमें भाग लेंगी। भारतीय टीम के साथ इसमें ग्रुप ए में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया की टीमें हैं। दूसरे ग्रुप में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड शामिल हैं। टूर्नामेंट में कुल 23 मैच होंगे। सेमीफाइनल और फाइनल मैचों के लिए 'रिजर्व डे' रखा गया है। इसमें भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले से करेगी। इसमें भारतीय टीम को ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया-पाकिस्तान के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है। पहले ये टूर्नामेंट बांग्लादेश में होना था पर हिंसा और खराब राजनीतिक हालातों के कारण इसे यूएई में स्थानांतरित कर दिया गया।

इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम अपना पहला मैच 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड से खेलेगी। इसके बाद भारतीय टीम 6 अक्टूबर को पाकिस्तान से मुकाबला करेगी। भारतीय महिला टीम इस टूर्नामेंट से पहले शानदार फार्म में है। उसने अभ्यास मैच में दक्षिण अफ्रीका को 28 रन से हराया। वहीं इससे पहले भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को 20 रन से हराया था।

# प्रधानमंत्री मोदी से मिले गेल



नई दिल्ली (ईएमएस)। वेस्टइंडीज के स्टार क्रिकेटर क्रिस गेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की है। गेल जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस के साथ आये प्रतिनिधिमण्डल के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी से मिले। गेल ने इसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया में साझा की हैं। गेल ने सोशल मीडिया में लिखा, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर गौरव का अनुभव कर रहा हूं। साथ ही लिखा , जमैका टू इंडिया वनलव। जमैका के प्रधानमंत्री होलनेस आजकल भारत दौरे पर हैं। यह उनकी पहली भारत यात्रा है और जमैका के किसी प्रधानमंत्री की भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा भी है, इसी दौरान गेल को भी भारतीय प्रधानमंत्री से मिलने का अवसर मिल गया। जमैका के प्रधानमंत्री ने हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के साथ द्विपक्षीय बैठक की। भारत और जमैका के बीच मजबूत ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। दोनो में ही क्रिकेट के प्रति जुनून भी काफी ज्यादा है। गेल जमैका सहित पूरे कैरिबिया से भारत में खेल के सबसे बड़े एम्बेस्डरों में से एक हैं। उन्होंने साल 1999-2021 के बीच 42 शतक और 105 अर्द्धशतक लगाये हैं और अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से खेल का आकर्षण बढ़ाया है। आईपीएल में अपने आक्रामक खेली से वह भारत में भी बेहद लोकप्रिय हैं। अपने करियर के दूसरे भाग में गेल मुख्य रूप से अपने टी20 में धमाकेदार खेल से छाये हैंजिसमें उन्होंने 463 मैचों में 36.22 की औसत से सबसे अधिक 14,562 रन बनाये हैं। इसमें 455 पारियों में 22 शतक और 88 अर्द्धशतक शामिल हैं।

## मलेशिया की हॉकी टीम के कोच बने पाक के पूर्व खिलाड़ी सोहेल अब्बास

कराची (ईएमएस)। मलेशिया ने पाकिस्तान के दिग्गज हॉकी खिलाड़ी और पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ रहे सोहेल अब्बास को अपनी टीम का कोच बनाया है। मलेशिया हॉकी परिसंघ ने सोहेल को ड्रैग फ्लिक कोच के तौर पर एक साल के लिए अनुबंधित किया है। वह मलेशिया के मुख्य कोच सुरजीत सिंह के साथ काम करेंगे। सोहेल को हालांकि अभी कोचिंग का अनुभव नहीं है। उन्होंने पाकिस्तान हॉकी महासंघ के साथ अभी तक कोई कोचिंग करार नहीं किया है। उन्हें दो बार प्रस्ताव मिले थे पर उन्होंने इंकार कर दिया था। इस खिलाड़ी ने अपने करियर के दौरान 311 मैचों में 348 गोल किए थे।

## बाबर आजम ने पाकिस्तान टीम की कप्तानी छोड़ी

लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान की एकदिवसीय और टी20 टीम के कप्तान बाबर आजम ने अपना पद छोड़ दिया है। बाबर पर टी20 विश्वकप में टीम के ख़राब प्रदर्शन के बाद से ही कप्तान पद छोड़ने का दबाव था। आजम ने इसकी जानकारी पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को भी दे दी है। बाबर ने लिखा, ' मैंने क्रिकेट टीम के कप्तान पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। मैंने पिछले महीने पीसीबी और टीम प्रबंधन से इस बारे में बात की थी।' साथ ही लिखा , 'इस टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है पर अब समय आ गया है कि मैं कप्तानी छोड़कर अपने खेल पर ध्यान दूं। कप्तानी का अनुभव अच्छ रहा पर इससे कामकाज का बोझ बढ़ गया था। अब मैं अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देना चाहता और परिवार के साथ समय बिताना चाहता हूं। आपके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद।' पाक टीम इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए टी20 विश्वकप के पहले ही दौर में बाहर हो गयी थी। पाक को ग्रुप मुकाबले में न केवल भारत से हार झेलनी पड़ी थी बल्कि मेजबान अमेरिका ने भी उसे हराया था। बाबर की बल्लेबाजी भी पिछले कुछ समय से अच्छी नहीं रही है। कई पूर्व क्रिकेटरों ने भी उन्हें कप्तानी छोड़ने कहा था।

## भारतीय टीम को डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने चाहिये चार जीत

मुम्बई (ईएमएस)। बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 2-0 की जीत के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में पहुंचने की संभावनाएं और बढ़ गयी हैं। भारतीय टीम पहले दो सत्र में भी डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंची थी पर तब वह जीत हासिल करने में विफल रही थी। अब भारतीय टीम लगातार तीसरी बार फाइनल की ओर मजबूती से बढ़ रही है। भारतीय टीम को आने वाले समय में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घर पर और फिर बाहर जाकर टेस्ट सीरीज खेलनी है। इसमें किये प्रदर्शन के आधार पर ही उसका डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचना तय होगा। भारतीय टीम को अभी 8 मुकाबले और खेलने हैं और इसमें अगर वह लगातार चार मैच जीतती है हो फाइनल में पहुंच जाएगी। इसमें न्यूजीलैंड के साथ अपनी धरती पर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज शामिल है। उसे कीवी टीम को 3-0 से हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया से पहला मैच जीतना होगा।

# बेटी आयरा पर प्यार लुटाते दिखे शमी , मॉल में शॉपिंग करायी



कोलकाता (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को लंबे समय बाद अपनी बेटी आयरा से मिलने का अवसर मिला। शमी इस दौरान बेहद खुश दिखे और उन्होंने बेटी को प्यार से गले लगा लिया। शमी ने इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में भेजा है। इसमें उन्होंने लिखा, जब मैंने उसे बहुत दिनों बाद बेटी को देखा तो ऐसा लगा जैसे समय रुक सा गया। वीडियो में शमी बेटी को सीने से लगाए प्यार लुटा रहे हैं और आयरा भी पिता के कलेजे से चिपकी हुई नजर आयी।

वीडियो में दिखता है कि शमी अपने कुछ साथियों के साथ किसी मॉल में जाते हैं। वहां उनके साथ बेटी आयरा भी होती है। वह बिटिया को मनपसंद सामान दिलाते हैं। इस दौरान एक सीन आता है, जिसमें शमी हाथ में मोबाइल लिए बिटिया को गले लगाए खड़े दिखते हैं। आयरा भी अपने पापा के साथ बेहद खुश दिखी।

शमी का अपनी पत्नी हसीन जहां से तलाक हो गया है। हसीन ने शमी पर घरेले हिंसा के साथ ही मैच फिक्सिंग और प्यार में धोखा देने सहित कई प्रकार के आरोप लगाये थे। हसीन ने शमी के परिवार पर भी कई आरोपन लगाए थे। हालांकि शमी ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया था। इसके बाद हसीन अपनी बेटी के साथ कोलकाता में रहने लगीं थीं। दूसरी ओर, शमी बंगाल टीम से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं, जबकि उनका गृह राज्य उत्तर प्रदेश है। सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वाली हसीन जहां अक्सर बेटी के साथ वीडियो और तस्वीरें शेयर करते रहती हैं, वहीं शमी सोशल मीडिया पर कई बार बेटी से न मिल पाने की निराशा जाहिर करते रहे हैं।

## यशस्वी ने आक्रामक पारी का श्रेय कप्तान और कोच को दिया



कानपुर (ईएमएस)। बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शानदार बल्लेबाजी कर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले यशस्वी जायसवाल ने कहा है कि उन्हें कप्तान रोहित शर्मा और कोच गौतम गंभीर ने आक्रामक रणनीति अपनाने को कहा था जिसका पालन उन्होंने किया है। यशस्वी ने पहली पारी में 51 गेंदों पर 12 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 72 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में 8 चौकों और एक छक्के की सहायता से 51 रन बनाये। उन्होंने इस मैच में लगातार दो अर्द्धशतक बनाए। जिससे भारतीय टीम को जीत दर्ज करने में सहायता मिली। नाम कर ली। यशस्वी ने कहा कि उसने इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ भी पिछली सीरीज में 700 से अधिक रन बनाए थे। साथ ही कहा कि इस बार भी में टीम के लिए मैच जीतने का लक्ष्य लेकर सीरीज में उतरा था। मैं सफलता में योगदान देना चाहता था। हमने यहां कानपुर में जिन हालातों का सामना किया, उससे चेन्नई में स्थितयां अलग थीं। इस युवा बल्लेबाज ने कानपुर में पहली पारी में आजादी से खेलने की सलाह देने के लिए कप्तान और कोच का आभार जताया है। साथ ही कहा कि उसे अपना स्वाभाविक खेल खेलने के लिए कहा गया था। इससे भी उसे लाभ हुआ और मैं बड़े शॉट लगा सका।

# पाकिस्तान के कप्तान बाबर के बाद न्यूजीलैंड के कप्तान साउदी का इस्तीफा






मुम्बई (ईएमएस)। पाकिस्तान की एकदिवसीय और टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम के इस्तीफे के बाद अब न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी ने भी अपना पद छोड़ दिया है। अब साउदी की जगह कीवी टीम के भारत दौरे में . टॉम लेथम कप्तानी संभालेंगे। साउदी ने श्रीलंका के खिलाफ पारी की हार के एक दिन बाद ही कप्तानी छोड़ दी। साउदी ने कहा कि टीम की करना बड़े सम्मान की बात है। मैंने इस भूमिका को पूरी क्षमता के साथ निभाया पर मुझे लगाता है कि यह पद छोड़ने का सही समय है। ' न्यूजीलैंड की टीम को इसी महीने भारत दौरे पर एक टेस्ट सीरीज खेलनी है। इसमें बल्लेबाज लेथम टीम की कमान संभालेंगे। साउदी की बात करें तो उन्होंने 14 टेस्ट मैचों में कप्तानी की जिसमें न्यूजीलैंड को 6 में जीत मिली और इतने ही मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा है जबकि दो मैच ड्रॉ रहे हैं। लेथम ने पहले भी कई बार कप्तानी की है। ऐसे में ये नई भूमिका उनके लिए कठिन नहीं रहेगी। वहीं दूसरी ओर पाक के लिए नये कप्तान को तलाशना आसान नहीं रहेगा। बाबर ने कहा है कि वह अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देने कप्तानी छोड़ रहे हैं पर मुख्य कारण ये है कि टी20 विश्वकप में टीम की हार के बाद से ही उन्हें कप्तानी से हटाने को लेकर दबाव बढ़ता जा रहा था। टीम के पास अब नये कप्तान के लिए काफी कम विकल्प हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को कप्तानी मिल सकती है।

# विराट ने संन्यास लेने वाले शाकिब को भेंट में दिया अपना बल्ला




कानपुर (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने खेल से संन्यास की घोष्णा करने वाले बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को उपहार के तौर पर अपना बल्ला दिया है। शाकिब का ये भारत में अंतिम टेस्ट था। उन्होंने इस मैच के शुरु होने से पहले ही सीमित ओवरों से संन्यास की घोषणा कर दी थी। साथ ही कहा था कि दक्षिण अफ्रीका सीरीज के बाद बाद वह टेस्ट को भी अलविदा कह देंगे। विराट ने कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में जीत के बाद शाकिब को विदाई दी।

शाकिब ने बांग्लादेश के लिए तीनों फॉर्मेट में खेला है। 71 टेस्ट में इस क्रिकेटर ने 4609 रन बनाए है जिसमें 5 शतक और 31 अर्धशतक शामिल हैं। शाकिब ने घोषणा की है कि अगर उन्हें अवसर मिलता है तो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी सीरीज घरेलू धरती पर उनकी आखिरी सीरीज होगी। वहीं अगर नहीं तो भारत के खिलाफ सीरीज उनकी विदाई सीरीज होगी। शाकिब ने मैच से पहले ही कहा था, मैं दक्षिण अफ्रीका सीरीज के लिए उपलब्ध हूं पर घर पर हालात ठीक नहीं है, इसलिए स्वाभाविक रूप से सब कुछ मुझ पर निर्भर नहीं करता है। मैंने टेस्ट क्रिकेट के लिए अपनी योजनाओं पर बीसीबी के साथ बात की है। अब देखना है कि क्या होता है। गौरतलब है कि शाकिब पर बांग्लादेश में हत्या का मामला दर्ज है। उनपर ये मामला पूर्व की शेख हसीना सरकार के सांसद होने के कारण लगा था। ऐसे में शाकिब को बांग्लादेश लौटने पर सुरक्षा की चिन्ताएं सता रही हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### दो साल के मासूम को ट्रैक्टर चालक ने कुचला, मौत

इन्दौर (ईएमएस) एक दर्दनाक हादसे में घर के बाहर खेल रहे दो साल के मासूम बच्चे की ट्रैक्टर से कुचला जाने के बाद मौत हो गई। हादसा द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रजापत नगर स्थित गोंदवले धाम के समीप का है। जहां एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने दो साल के मासूम को लापरवाही पूर्वक ट्रैक्टर चलाते कुचल दिया। पड़ोसी दुकानदार उसे तड़पता देख तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचा। लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। द्वारकापुरी थाना पुलिस के अनुसार प्रजापत नगर निवासी दो साल के मासूम सन्नी पुत्र गणेश बसंल को पानी का टैंकर ले जा रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मारी। हादसे में बच्चे के सिर में गंभीर चोट आई। पड़ोसी दुकानदार सचिन बच्चे को लेकर तत्काल एमवाय अस्पताल पहुंचा। यहां उपचार शुरू होने के पहले ही उसने दम तोड़ दिया। हादसे के बारे में सचिन ने पुलिस को बताया कि बच्चा अपने घर के बरामदे के बाहर खेल रहा था। तभी हादसा हुआ। हादसे के बाद सन्नी तड़पने लगा। मैं उसके पास दौड़कर गया और उसे सीधे अस्पताल लेकर गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। वहीं मौके से भागते ट्रैक्टर चालक को रहवासियों ने पकड़ पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर ट्रैक्टर जब्त कर लिया है।

### उखरुल में हिंसा, 3 की मौत

इंफाल (ईएमएस)। मणिपुर के उखरुल जिले में बुधवार को नगा समुदाय के दो पक्षों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई। 10 से ज्यादा घायल हैं। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 163, 2023 की उप-धारा 1 के तहत इलाके में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। अगले आदेश तक लोगों के घरों से निकलने पर रोक है। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्ष नगा समुदाय के हैं, लेकिन हुनफुन और हंगपुंग नाम के दो अलग-अलग गांव हैं। दोनों पक्ष एक जमीन पर अपना दावा करते हैं। स्वच्छता अभियान के तहत विवादित जमीन की सफाई को लेकर दोनों पक्षों के बीच हिंसा हुई। इलाके में असम राइफल्स को तैनात किया गया है।

### दिल्ली में ड्रग्स की बड़ी खेप जब्त

#### 2000 करोड़ की 500 किलो कोकीन

नई दिल्ली(ईएमएस)। दिल्ली पुलिस ने ड्रग्स की एक बहुत बड़ी खेप बरामद की है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने करीब 2 हजार करोड़ रुपये की कोकीन बरामद की है। एक बरामदगी दक्षिण दिल्ली में एक छापे के बाद हुई है। दिल्ली पुलिस के अनुसार स्पेशल सेल ने करीब 565 किलो से ज्यादा कोकीन बरामद की है। इस मामले में 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस ड्रग्स की कीमत 2000 करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस गिरफ्तार लोगों से कड़ाई से पूछताछ कर रही है और ये ड्रग्स राजधानी में किसके लिए गए थे, इसकी डिलीवरी किसको होनी थी, इस गिरोह के साथ कौन कौन से लोग जुड़े हैं। इन सवालों का जवाब तलाश रही है।दिल्ली पुलिस के अनुसार ये राजधानी अबतक की सबसे बड़ी ड्रग्स बरामदगी है। पुलिस इसे बड़ी कामयाबी मान रही है। रिपोर्ट के मुताबिक इस सप्लाई के पीछे इंटरनेशनल ड्रग सिंडिकेट काम कर रहा है। पुलिस अब इसकी जानकारी हासिल कर रही है। ये दिल्ली में कोकीन का अब तक का सबसे बड़ा सीजर है। कोकीन हाई प्रोफाइल पार्टी में इस्तेमाल होने वाला ड्रग्स है।

### 56 साल बाद सहारनपुर पहुंचा जवान का पार्थिव शरीर

#### माता-पिता, पत्नी और बेटे की हो चुकी है मौत

सहारनपुर (ईएमएस)। भारतीय सेना को हिमाचल प्रदेश के रोहतांग दर्रे पर 30 सितंबर को 4 भारतीय जवानों के शव मिले। इनमें एक शव मलखान सिंह का है। बर्फ में दबने से शव खराब नहीं हुआ।मलखान सिंह सहारनपुर से 30 किलोमीटर दूर फतेहपुर गांव के रहने वाले थे। वह 56 साल पहले 7 फरवरी, 1968 को लापता हो गए थे। उनके माता-पिता और पत्नी-बेटे की मौत हो चुकी है। परिवार में अब सिर्फ पोते-पोती हैं। इस बीच, वायु सेना के जवान बुधवार को मलखान सिंह का पार्थिव शरीर लेकर आए। आसपास के कई गांवों के करीब एक हजार लोग अंतिम दर्शन करने पहुंचे। मलखान सिंह अमर रहें...भारत माता की जय के नारे लग रहे हैं। देशभक्ति गीतों से माहौल गमगीन है।

### महाकाल मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी

उज्जैन(ईएमएस)। राजस्थान के हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन पर 1 अक्टूबर को एक पत्र मिला है, जिसमें उज्जैन के महाकाल मंदिर सहित कई रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। पत्र में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का नाम लिखा है। इस घटना के बाद पुलिस अलर्ट हो गई और सुरक्षा जांच कड़ी कर दी गई है।राजस्थान के हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर को मंगलवार को एक पत्र मिला था। जिसमें 2 नवंबर को उज्जैन के महाकाल मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इसके साथ ही जयपुर, उदयपुर, बूंदी, कोटा, बीकानेर, जोधपुर, हनुमानगढ़ और गंगानगर रेलवे स्टेशनों को बम 30 अक्टूबर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है।हनुमानगढ़ स्टेशन मास्टर को भेजे गए पत्र में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का नाम लिखा हुआ है। यह पत्र डाक के जरिए भेजा गया है। स्टेशन मास्टर ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने स्टेशन पहुंचकर पत्र की जांच की और इसकी जानकारी सुरक्षा एजेंसियों को दी। पत्र मिलने के बाद से सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं।उज्जैन के महाकाल मंदिर में रोज बम स्क्वाड की टीम जांच करती हैं। इसके साथ ही मंदिर के प्रवेश द्वार पर मेटल डिटेक्टर भी लगाए हैं। धमकी वाला पत्र भेजने वाले ने खुद को आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का एरिया कमांडर बताया है। महाकाल मंदिर के साथ उसने राजस्थान के धार्मिक स्थलों को भी निशाना बनाने की बात लिखी है।

### सबलगढ़ ठगी पीड़ित तपजप संगठन ने विधायक का घेराव सौंपा ज्ञापन




सबलगढ़ (ईएमएस)। ठगी पीडित जमा कर्ता परिवार ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सत्याग्रह आंदोलन के माध्यम से खुला ज्ञापन सरला विजेंद्र रावत सबलगढ़ विधायक को सौंपा।ज्ञापन में बताया गया है कि हमारे ससद ने वर्ष 2019 में देश के ठगी पीड़ितों को उनकी डूबी हुई जमा राशि की गारंटी देते हुए अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम सर्वसम्मति से बनाया था जिसमें केंद्र सरकार और ससद ने ठगी पीडित आवेदकों को 180 दिन में उनकी जमा राशि का 2 से 3 गुना भुगतान करने का वचन दिया था यह कानून उन तमाम कंपनीजव सोसाइटीज फर्मनिधि नॉन बैंकिंग कंपनी इत्यादिके निवेशकों के भुगतान के लिए बनाया था जिनका जमा धन उन्हें भी 21 फरवरी 20 19 तक वापस नहीं मिला ससद ने सर्वसम्मति से मल्टी स्टेट क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी एक्ट 2002 रिजर्व बैंक ऑ$फ इंडिया एक्ट 1934 और कुछ अन्य कानून की कुछ धाराओं को भी इसमें सम्मिलित करते हुए व्यवस्था की थी कि भले ही कोई कंपनी या सोसाइटी या फर्म बगैर किसी भी कानून द्वारा संचालित हो यदि वह निवेशकों का भुगतान नहीं दे तो उनके खिलाफ राज्य एवं केंद्र सरकार के तहत कार्रवाई करेगी और केंद्र अथवा राज्य सरकार ऐसे तमाम निवेशकों की जमा राशि का 2 से 3 गुना भुगतान आवेदन लेकर 180 दिन में करेगी किंतु अफसोस केंद्र और राज्य सरकार ने कानून बन जाने के 5 साल बाद किसीभी पीडित का भुगतान नहीं किया हैराज्य द्वारा नामित वहस एक्टपर भुगतान करना तो दूर अब तक किसी को नोटिस तक नहीं भेजा गया है ।

# भाजपा ने स्वच्छता अभियान चलाकर किया सेवा ही समर्पण पखवाड़ा का समापन



रायपुर (ईएमएस)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा ही समर्पण पखवाड़ा का आयोजन करती है संगठन आधारित कार्यक्रम में पूरे पखवाड़े भर 15 दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिसमे स्वच्छता अभियान का विशेष महत्व होता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की पहल स्वच्छ भारत को भाजपा कार्यकर्ता बेहद गंभीरता से क्रियान्वित करते हैं और सभी जिलों के मंडलों और बूथों में स्वच्छता अभियान चला कर जनता को स्वच्छता के प्रती जागरूक करने का प्रयास किया है ।इसी कड़ी में भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा अध्यक्ष जयंती भाई पटेल के नेतृत्व में आज रायपुर शहर अंतर्गत आजाद चौक क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल विधायक रायपुर पश्चिम राजेश मूणत प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव सहित रायपुर शहर जिला के प्रादेशिक और जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति रही जहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित उपस्थित तमाम नेताओं ने आसपास के क्षेत्र में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाकर जन जागरण लाने का प्रयास किया गया तत्पश्चात आजाद चौक स्थित महात्मा गांधी की आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे पुष्पांजलि अर्पित कर स्मरण किया , सेवा ही समर्पण पखवाड़े पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अवसर पर स्वच्छता मित्रों को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया साथ ही आंगनबाड़ी सहायिकाओं और महिला स्वसहायता समिति की बहनों को भी सम्मानित किया गया । इसी प्रकार विभिन्न मंडलों में भी आज विभिन्न वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने महामाया मंदिर क्षेत्र एवं आसपास स्वच्छता अभियान में सम्मिलित होकर क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया ।वही प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय स्वच्छता अभियान में सम्मिलित होने माना बस्ती पहुंचे । रायपुर के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने पुरानी बस्ती मंडल में स्वच्छता अभियान किया श्रमदान ।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा की सेवा भाजपा का मूलमंत्र है और भाजपा द्वारा चलाई जा रही योजनाएं चाहे वह केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार की योजना में जनहित और जनता सेवा सर्वोपरि है साथ ही स्वच्छता अभियान चला कर माननीय प्रधानमंत्री जी भारत में स्वच्छता में आमूलचूल परिवर्तन लाया है आज गांधी जयंती पर सेवा ही समर्पण पखवाड़े जा समापन स्वच्छता अभियान चला कर किया जा रहा है हम प्रदेश की जनता से स्वच्छता के प्रती जागरूकता लाने की अपेक्षा करते हैं क्योंकि स्वच्छ भारत स्वास्थ्य भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेगा ।
रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा की भाजपा स्वच्छ भारत निर्माण के दृणसंकलापित है सेवा ही समर्पण कार्यक्रम के माध्यम से भाजपा पूरे भारत के हर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चला कर स्वच्छता के प्रती जागरूकता लाने का प्रयास कर रही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान ने देश की स्वच्छ तस्वीर में वैश्विक बदलाव लाया है भारतीय जनता पार्टी ने पूरे पखवाड़े सेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और आगे भी लगातार इस तरह के कार्यक्रम लगातार जारी रहेगा।रायपुर के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप आज स्वच्छता अभियान के तहत पुरानी बस्ती मंडल पहुंचे जहां उन्होंने श्रमदान किया एवं साथ ही सफाई मित्रो और आंगनबाड़ी सहायिकाओं का सम्मान भी किया उन्होंने इस अवसर पर कहा की स्वच्छ भारत के निर्माण से ही विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी स्वच्छता हर भारतीय की नैतिक जिम्मेदारी है और हम सभी को स्वच्छता के प्रती सजग और जागरूक रहना चाहिए स्वच्छता से स्वास्थ्य और सौंदर्य दोनों का सीधा जुड़ाव है गंदगी फैलेगी नही तो गंदगी से होने वाले विभिन्न संक्रामक रोगों में रोकथाम तो आयेगी ही साथ ही आपके आसपास सौंदर्य पूर्ण वातावरण निर्मित होगा ।रायपुर पश्चिम विधानसभा राजेश मूणत ने वीर शिवाजी वार्ड खमतराई बाजार में स्थित गाँधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सफाई कर्मियों का साल, श्रीफल भेंट कर सम्मान किया । वही ग्रामीण विधानसभा विधायक मोतीलाल साहू बिरगांव मंडल के बुधवारी बाजार में सफाई अभियान चलाकर सदस्यता महा अभियान किया गया ।

### हैहयवंशीय वीरागंना मानवती बाई का बलिदान दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया

बालाघाट(ईएमएस) । हैहयवंशीय ताम्रकार-कसार-कसेरा समाज द्वारा वीरागंना मानवती बाई को बलिदान दिवस, मोतीनगर बालाघाट में तिलक, फूल माल्याापर्णन करके श्रद्धाजंली देकर मनाया गया, जिन्होंने झॉंसी की रानी लक्ष्मीकबाई सेना में मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों आहुति दी। समारोह में राकेश वर्मा (ताम्रकार) द्वारा जानकारी देते हुये बताया कि हैहयवंशीय खुमान सिंह की मातृभूमि की रक्षा के लिए एक युद्ध के दौरान वीरगति के प्राप्ता हुए। झांसी की रानी लक्ष्मी बाई ने उनकी पत्नि मानवती बाई के प्रभावित होकर झांसी की सेना की महिला टुकड़ी में शामिल कर लिया। उनके युद्ध कौशल के कारण शीघ्र ही वह महिला टुकड़ी में सेनापति बन गई। इस क्रम में वरिष्ठ पत्रकार आनंद ताम्रकार वारासिवनी ने बताया कि हैहयवंशीय वीरागंना मानवती बाई झांसी के रानी लक्ष्मीबाई की सेना में प्रमुख पद पर रहते हुये झांसी की रक्षा के लिए युद्ध करते हुये 30 सितबंर 1856 को वीरगती को प्राप्तस किया था। नूतन ताम्रकार ने उन्हें याद करते हुये कहा कि वीरांगना मानवती के युद्ध कौशल को देखते हुये वह सेना के प्रमुख पद पर पहुंच गयी थी जब वर्ष 1856 नत्थूकखां ने झांसी पर आक्रमण कर दिया, झांसी में युद्ध की तैयारियां प्रारंभ की गयी।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में आवेदनों के डिस्पोजल रेट में उत्तराखण्ड देश में पहले नम्बर पर : आर मीनाक्षी सुंदरम



देहरादून (ईएमएस)। सचिव डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम ने बताया है कि मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना की गाइडलाइन में संशोधन के बाद इस योजना के प्रति लोगों की तेजी से रूचि बढ़ी। अभी इस योजना के तहत 174 मेगावाट की परियोजनाओं पर कार्य गतिमान हैं। इस योजना के तहत टिहरी, उत्तरकाशी और चम्पावत जिला में काफी अच्छा कार्य हो रहा है। मोरी तहसील के कुकरेड़ा गांव में सोलर के साथ अदरक की खेती का कार्य भी हो रहा है। एक ही भूमि का दो तरीके से सदुपयोग किया जा रहा है। सचिव डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत राज्य में आवेदनों के डिस्पोजल रेट के हिसाब से उत्तराखण्ड देश में पहले नम्बर पर है। इस योजना में भी राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार द्वारा भी इस योजना के तहत सब्सिडी दी जा रही है। आगामी दो-तीन साल में राज्य के सभी शासकीय भवनों में सोलर रूफ टॉप लगाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य में स्मॉल हाइड्रो पावर पॉलिसी भी संशोधित की गई है, इसके तहत छह प्रोजेक्ट में निविदा की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त कुल 19 प्रोजेक्ट और पाइपलाइन में हैं। उन्होंने बताया कि इन्वेस्टर समिट के दौरान भी स्मॉल हाइड्रो प्रोजेक्ट को लेकर कंपनियों ने रुचि दिखाई गई है। राज्य में पंप्ड स्टोरेज प्लांट पॉलिसी भी बनाई गई है। इसमें इन्वेस्टर समिट के अंतर्गत दिल्ली में हुए रोड शो में जेएसडब्लू ग्रुप ने अपनी रूचि दिखाई थी। कंपनी ने उस समय 15 हजार करोड़ का एमओयू हस्ताक्षरित किया था जिसमें से 8 हजार करोड़ के इन्वेस्टमेंट प्रपोजल की फाइल स्वीकृति हो चुकी है और बहुत ही जल्द उसके अलॉटमेंट आर्डर एक समारोह में प्रदान किए जाएंगे। यह प्रोजेक्ट अल्मोड़ा में प्रस्तावित है। इसके अलावा अन्य कंपनियों ने भी पंपड स्टोरेज प्लांट में अपनी रुचि दर्शायी है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना, राज्य में ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सौर ऊर्जा के माध्यम से न केवल राज्य के दूर-दराज के क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, बल्कि युवाओं और ग्रामीणों को अपने गांवों में रोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं। यह पहल स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए भी महत्वपूर्ण है।

## जींद जिले की जुलाना में प्रियंका गांधी ने कहा, सरकार की एमएसपी उन फसलों पर जो यहां उगती नहीं

जुलाना (ईएमएस)। हरियाणा विधानसभा चुनाव में जींद जिले की जुलाना सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विनेश फोगाट के लिए प्रियंका गांधी ने प्रचार किया। प्रियंका ने चुनावी सभा में कहा- हमारी बेटी विनेश जब अन्याय के खिलाफ संघर्ष कर रही थी, तब मोदी जी की पुलिस ने इसके बाल खींचे, सडक़ों पर घसीटा, लेकिन विनेश ने हार नहीं मानी। वह संघर्ष करते हुए ओलिंपिक तक पहुंची। मोदी सरकार ने अग्निवीर योजना बनाकर युवाओं को बेरोजगार कर दिया। वह चार साल बाद ही दोबारा नौकरी खोजने लगते हैं। हरियाणा सरकार किसानों को एमएसपी उन 24 फसलों पर देती है, जिनमें से 10 फसल तो हरियाणा के किसान उगाते ही नहीं। सरकार किसानों को बेवकूफ बना रही है। इससे पहले विनेश फोगाट ने कहा कि जब वह भाजपा नेता के खिलाफ संघर्ष कर रही थीं, उस समय वह पूरी तरह टूट चुकी थीं। उस समय मन किया कि देश छोडक़र चले जाएं।प्रियंका ने कहा कि मेरे भाई राहुल गांधी के साथ अन्याय नहीं हुआ था? संघर्ष नहीं करता, मेरे पिता की लाश घर नहीं लाता, अगर वह ये नहीं करता तो वह पूरे देश में आठ हजार किलोमीटर पैदल नहीं चल पाता। आपको भी लडऩा होगा। प्रियंका ने कहा कि रोजगार के मामले में हरियाणा सबसे पीछे हो गया है। रोजगार होगा कहां? इन्होंने (सरकार) सब अडानी-अंबानी को दे दिया है। इन्होंने खेती किसानी को खत्म कर दिया है। इनकी नीतियां किसानों के खिलाफ हैं। इसलिए अग्निवीर जैसी स्कीम लाते हैं।

#### मोदी जी की पुलिस से लड़ती रही विनेश

प्रियंका ने कहा कि हम पीछे हटने वाले लोग नहीं हैं। हम सडक़ों पर उतरे हैं। आप याद रखिए कि कौन आपके लिए खड़ा रहता है। मैं दावे के साथ कह सकती हूं, विनेश उनमें से है। विनेश राजनीति में आने से हिचकिचा रही थी। विनेश ने कहा था कि अगर मेरे आंदोलन को मजबूती मिलेगी, तभी मैं इसमें आऊंगी। हरियाणा की एक नौजवान लडक़ी से कहना चाहती हूं, कि आप विनेश के साथ खड़े हो जाओ। देखो इसके साथ कितना अन्याय किया। मोदी जी की पुलिस ने कितना अन्याय किया, इसके साथ। बाल खींचे, सडक़ों पर घसीटा, लेकिन फिर भी लड़ती रही।

#### नेताओं को टोकने का समय आ गया है

प्रियंका ने कहा कि नेताओं को अब टोकने का समय आ गया है। भाजपा यहां 10 साल से राज कर रही है, लेकिन काम की एक भी चीज नहीं की। भ्रष्टाचार की बात करते हैं। मुझे हंसी आती है। अरे इससे भ्रष्टाचार क्या है कि देश के बड़े उद्योग आपने अपने दो मित्रों को दे दिए। ऐसे कानून ला रहे थे जिससे किसानों के बजाय इनके मित्रों को फायदा होना था। हमारे संविधान ने इतनी शक्ति दी है, ये वोट की शक्ति है, ये वो अधिकार है जिससे आप सब कुछ बदल सकते हो।
प्रियंका ने कहा कि आपको एक फैमिली ढ्ढष्ठ दे दी। हर परिवार की आदमनी पूछते हैं।

# जिले को टीबी मुक्त बनाने में आप सभी की सहभागिता होनी जरूरी : मंत्री पटेल

#### मंत्री पटेल ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को किया सम्मानित

नरसिंहपुर (ईएमएस)। गांधी जयंती के अवसर पर प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में अतिथियों ने जिले के 6 ब्लॉक के कुल 56 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो जाने पर इन ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं पंच को गांधी जी की प्रतिमा एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में दौरान मंत्री पटेल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सादर नमन किया।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, विधायक गोटेगांव महेन्द्र नागेश, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार,पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल, पूर्व नपा अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी व श्रीमती संध्या कोठारी, डॉ. अनंत दुबे, एसडीएम, सीएमएचओ डॉ. एपी सिंह, जिला क्षय अधिकारी, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारी, पंचायतों के सरपंच व सचिव और अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मंत्री पटेल ने कहा कि टीबी को समाप्त करने के लिए एक जन आंदोलन बनाने के लिए समुदायों को सशक्त बनाना है, हमें इसे यथार्थवादी दृष्टिकोण से देखना चाहिए। टीबी महामारी को समाप्त करने में भारत के इन प्रयासों में अपना योगदान देने की बहुत बड़ी क्षमता है। टीबी महामारी को समाप्त करना अकेले स्वास्थ्य क्षेत्र के संघर्ष के बजाय पूरे समाज का संघर्ष है। इस बीमारी के खिलाफ लड़ाई में न केवल सरकारी प्रयासों की बल्कि जनभागीदारी की भी आवश्यकता है। टीबी को जड़ से समाप्त करने की दिशा में बेहतर प्रयास हो रहे हैं जिन्हें निरंतर जारी रखना होगा। सभी के सम्मिलित प्रयासों से टीबी हारेगा। इसका समय पर पता चल जाए और इसका पूरा उपचार हो जाए तो यह पूरी तरह से रोकथाम योग्य और उपचार योग्य रोग है।

### खंभालिया में पिता ने किया 6 साल के बेटे का अपहरण, 7 आरोपी गिरफ्तार

देवभूमि द्वारका (ईएमएस)। जिले के खंभालिया से एक चौंका देनेवाली खबर सामने आई है। पिता ने खुद अपने सगे बेटे का अपहरण कर लिया। पिता ने बेटे का अपहरण अपने 6 साथियों के साथ मिलकर किया। अपहरण की घटना सामने आते ही हरकत में आई खंभालिया ने चंद घंटों सभी 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपी अहमदाबाद पुलिस में सेवारत है। जानकारी के मुताबिक जयदतसिंह सतुभा वाघेला ने 6 साल पहले पत्नी से लड़ाई-झगड़ा कर उसे छोड़ दिया था। 8 महीने पहले जयदतसिंह की पत्नी ने आत्महत्या कर ली थी। पत्नी की आत्महत्या के बाद उसके अंतिम संस्कार में शामिल नहीं होनेवाले जयदतसिंह को अब अपने 6 साल के बेटे की याद आ गई। बेटे को पाने के लिए जयदतसिंह ने अपराध का रास्ता चुना और उसका अपहरण कर लिया। जयदतसिंह का बेटा शाम के वक्त जब अपने मामा के साथ जा रहा था, तब फोर व्हील में जयदतसिंह समेत उसके साथियों ने उसका अपहरण कर लिया। अपहरण की शिकायत मिलते ही हरकत में आई खंभालिया पुलिस ने राजकोट के निकट से सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जांच में पता चला कि अपने साथियों के साथ बेटे का अपहरण करने वाले जयदतसिंह सतुभा वाघेला अहमदाबाद ग्रामीण पुलिस विभाग में सेवारत है। पुलिस ने अपहरण में उपयोग किए गए फोर व्हील समेत 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### जिला चिकित्सालय, सी.एच.सी. हरसूद एवं खालवा में हुआ बर्थ वेटिंग रुम का शुभारंभ

खण्डवा (ईएमएस)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत् बुधवार को मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरसूद व खालवा में बर्थ वेटिंग रुम का शुभारंभ किया गया। बर्थ वेंटिग रुम का शुभारंभ जिला चिकित्सालय में विधायक श्रीमति कंचन तनवे ने किया। सी.एच.सी. हरसूद में गर्भवती महिला श्रीमति राजश्री पति रोशन वार्ड क्रमांक 13 हरसूद व निकिता पति नर्मदा ग्राम मोजवाड़ी ने किया। इसी तरह सी.एच.सी. खालवा में बर्थ वेटिंग रुम का शुभारंभ उपसरपंच श्री शुभम तिवारी, गर्भवती महिला श्रीमति लक्ष्मी पति महेश निवासी सुदामा नगर खालवा एवं श्रीमति नंदनी पति राजेश निवासी खालवा द्वारा फीता काटकर किया गया।सी. एम.एच.ओ. डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि दूरस्थ क्षेत्रों व दुर्गम मार्ग वाले क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव के उद्देश्य से स्वास्थ्य केन्द्रों पर बर्थ वेटिंग रुम बनाया गया है।

# मुख्यमंत्री ने शहीद स्थल रामपुर तिराहा में राज्य आंदोलनकारी शहीदों को दी श्रद्धांजलि

देहरादून (ईएमएस)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को शहीद स्थल रामपुर तिराहा, मुजफ्फरनगर, (उ.प्र.) में उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी शहीदों की पुण्य स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए शहीद स्मारक में पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रामपुर तिराहा गोलीकांड में शहीद हुए प्रत्येक राज्य आंदोलनकारी की याद में शहीद स्थल रामपुर में उनकी प्रतिमा लगाए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने शहीद स्थल के लिये भूमि दान करने वाले दिवंगत महावीर शर्मा की प्रतिमा का भी शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शहीदों के बलिदान एवं परिश्रम से हमें उत्तराखंड राज्य प्राप्त हुआ है। पृथक उत्तराखंड राज्य के लिए चलाए गए आंदोलन के दौरान आंदोलनकारियों को अनेकों यातनाओं और अत्याचारों को सहना पड़ा था। 2 अक्टूबर 1994 को रामपुर तिराहे पर घटित हुए गोली कांड राज्य आंदोलन का सबसे क्रूर और गहरा जख्म देने वाला अध्याय रहा। शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करने जा रहे आंदोलनकारियों पर हुए अत्याचारों से मिले घावों को कोई भी उत्तराखंडवासी भुला नहीं सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के निर्माण और बेहतर भविष्य के लिए आंदोलनकारियों ने अपना वर्तमान बलिदान कर दिया था। उत्तराखण्ड की जनता सदैव इन वीरों की ऋणी रहेगी। उन्होंने कहा राज्य निर्माण आंदोलन में राज्य की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया, राज्य की महिलाएं कभी अत्याचारों के आगे नहीं झुकी। जिस राज्य के निर्माण के लिए हमारे आंदोलनकारियों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर दिए। राज्य सरकार उस उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने हेतु रात दिन कार्यरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शहीद आंदोलनकारियों के आदर्शों और उनके सपनों को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। विकल्प रहित संकल्प के मूलमंत्र पर चलते हुए उत्तराखंड में विभिन्न योजनाओं के जरिए राज्य के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाने के प्रयास जारी हैं। राज्य सरकार ने राज्य आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों के लिए सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण लागू किया है। शहीद आंदोलनकारियों के परिवारों को पेंशन देने के साथ ही, आंदोलन के दौरान जेल जाने वाले और घायल हुए सभी सक्रिय आंदोलनकारियों को प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। राज्य आंदोलनकारियों को बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा भी प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पृथक राज्य की परिकल्पना में हमारे प्रदेश की डेमोग्राफी को संरक्षित रखने की चिंता भी शामिल थी। राज्य सरकार देवभूमि उत्तराखंड की डेमोग्राफी को संरक्षित रखने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। डेमोग्राफी को संरक्षित करने का दायित्व हर किसी ने निभाना है। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य में सख्त धर्मांतरण रोधी कानून लागू किया गया है। सरकारी भूमि से अतिक्रमण को हटाने का कार्य जारी है। अब तक 5000 एकड़ से अधिक सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करवाया गया है। राज्य में देश का सबसे कड़ा नकल विरोधी कानून और दंगा रोधी कानून भी लागू किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर नागरिक को समान अधिकार देने उद्देश्य से समान नागरिक संहिता का अधिनियम पास किया गया है। उन्होंने कहा राज्य सरकार बहुत जल्द उत्तराखंड में सख्त भू-कानून को लाने की तैयारी कर रही है। जिसके लिए सभी स्टेकहोल्डर, विशेषज्ञों, आंदोलनकारियों से विचार विमर्श किया जा रहा है। उन्होंने कहा नीति आयोग द्वारा जारी किए गए सतत् विकास लक्ष्यों की रैंकिंग में उत्तराखंड को पूरे देश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। उत्तराखंड, निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है जिसकी वजह से हमारे राज्य में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होने शुरु हो गए हैं। राज्य जीडीपी की तर्ज पर जीइपी की गणना करने वाला देश का प्रथम राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और सहयोग से हम उत्तराखंड को श्रेष्ठ उत्तराखंड बनाने के लिए प्रतिबद्ध होकर निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा जब तक हम आंदोलनकारियों के सपनों का उत्तराखंड नहीं बना लेते, तब तक चैन से नहीं बैठेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने शहीद राज्य आंदोलनकारियो को नमन करते हुए कहा कि वीर सपूतों की बदौलत हमें राज्य मिला है। उन्होंने कहा रामपुर तिराहा कांड सत्य और अहिंसा की कड़ियों से जुड़ा हुआ है।

# राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर बीसीसीएल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

धनबाद : भारत कोकिंग कोल लिमिटेड मुख्यालय कोयला भवन में आज राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ, इसके बाद सीएमडी श्री समीरन दत्ता एवं निदेशक मंडल के सदस्यों के साथ ही उपस्थित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में निदेशक (कार्मिक) श्री मुरलीकृष्ण रमैय्या, निदेशक (वित्त) श्री राकेश कुमार सहाय, मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री अमन राज के साथ ही विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इससे पूर्व प्रातःकाल कंपनी के महाप्रबंधक कार्मिक श्री बिद्युत साहा, विभागाध्यक्ष कल्याण श्री सरोज पांडेय, महाप्रबंधक (कार्मिक/सीटीपी) श्री सुनील कुमार, विभागाध्यक्ष प्रशासन श्री सुरेन्द्र भूषण एवं अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने सिटी सेंटर, धनबाद स्थित महात्मा गाँधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किये।





### 'कोयला गुनगुनाता है' पुस्तक का विमोचन

गाँधी जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में सीएमडी श्री समीरन दत्ता के करकमलों से बीसीसीएल के कवियों द्वारा सृजित कविताओं के संकलन "कोयला गुनगुनाता है" नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। पुस्तक का संपादन प्रबंधक (राजभाषा) श्री दिलीप कुमार सिंह ने किया है। राजभाषा विभाग द्वारा संपादित इस पुस्तक के माध्यम से बीसीसीएल के कार्मिकों की काव्य और सृजनशीलता को अवसर देने की एक सराहनीय पहल की गयी है।

### सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन

इस अवसर पर बीसीसीएल द्वारा सफाई मित्र सुरक्षा शिविर लगाया गया जिसमें सीएमडी तथा निदेशकमंडल एवं मुख्य सतर्कता पदाधिकारी की ओर से सभी नियमित एवं ठेका कर्मचारियों के बीच "स्वच्छता सुरक्षा किट" का वितरण किया गया। इस किट में सुरक्षा कर्मियों के उपयोग के लिए कुल 9 वस्तुएं (सुरक्षा एप्रॉन, रिफ्लेक्टर जैकेट, मास्क, सेनेटाइजर, ग्लव्स, गमबूट, कमर-बैग, पानी की बोतल एवं तौलिया) उपलब्ध करायीं गयीं।

## कोयला नगर में बीसीसीएल सीएमडी ने किया टेबल-टेनिस कोर्ट का उद्घाटन



धनबाद : भारत कोकिंग कोल लिमिटेड की खेलों को प्रोत्साहन देने की अपनी विशेष नीति के तहत आज कोयला नगर में सभी सुविधाओं से युक्त एक टेबल-टेनिस कोर्ट की शुरुआत की गयी है। इस टेनिस कोर्ट का उद्घाटन सीएमडी श्री समीरन दत्ता द्वारा निदेशक मंडल एवं मुख्य सतर्कता पदाधिकारी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर निदेशक कार्मिक श्री मुरलीकृष्ण रमैय्या, मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री अमन राज के साथ ही बीसीसीएल दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मिली दत्ता, उपाध्यक्ष श्रीमती पूर्बिता रमैय्या, श्रीमती नमिता सहाय, श्रीमती (डॉ.) नेहा दास भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उद्घाटन के अवसर पर सीएमडी श्री समीरन दत्ता ने एक मैच भी खेला और कहा कि खेलकूद से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है। जब तन और मन दोनों स्वस्थ हों तो हम देश और समाज की उन्नति में अधिक प्रभावी रूप से अपनी भूमिका का निर्वाह कर सकेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के महाप्रबंधक एवं कोयला भवन मुख्यालय के महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

## बीसीसीएलल में विशेष अभियान 4.0 का शुभारंभ :



धनबाग : राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती के अवसर पर बीसीसीएल में विशेष अभियान 4.0 की शुरुआत की गयी है। कंपनी के सीएमडी समीरन दत्ता द्वारा 02 अक्तूबर से 31 अक्तूबर 2024 तक चलने वाले इस 'विशेष अभियान 4.0' का औपचारिक शुभारंभ किया। विशेष अभियान 4.0 के तहत निम्नविखित गतिविधियां की जाएंगी

**रिकॉर्ड प्रबंधन** : फाइलों की समीक्षा, रिकॉर्डिंग और निर्धारित प्रक्रिया के तहत अनावश्यक फाइलों को बंद करना।
चिन्हित स्थलों की साफ-सफाई।
कार्यालय स्थान प्रबंधन एवं सौंदर्याकरण।
कबाड़ / स्क्रैप और अनावश्यक वस्तुओं का निपटान।
विभिन्न माध्यमों से प्राप्त लंबित शिकायतों का निपटान।
कार्यालय एवं आवासीय भवनों के ऊपर रूफ-टॉप सोलर पैनलों की स्थापना।
खनन क्षेत्रों में इको-ट्यूरिज्म स्थलों का विकास।

इस दौरान 14 सितंबर से 01 अक्तूबर 2024 तक कंपनी चले 15 दिन तक चले स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन कार्यक्रम भी किया गया। स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान (स्वच्छता पखवाड़ा) के समापन पर निदेशक कार्मिक श्री मुरलीकृष्ण रमैय्या के साथ बीसीसीएल प्रशासनिक भवन के पास गहन सफाई अभियान सफाई अभियान भी चलाया गया।

## पहला कदम के दिव्यांग बच्चों ने मनायी गांधी जयंती



धनबाद, नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चो का विशेष स्कूल पहला कदम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन पर 2 अक्टूबर बुधवार को गांधी जयंती मनायी गया। गांधी जयंती में सरायढेला थाना प्रभारी नूतन मोदी, युवा समाजसेवी मयूर शेखर झा अपने टीम के साथ तथा कौशल अग्रवाल शामिल हुए। सभी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा में श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हे नमन कर उनके स्वतंत्रता में उनके योगदान और न्यायपूर्ण समाज के लिए उनके दृष्टिकोण को याद किया। इस अवसर पर पहला कदम के सभी दिव्यांग बच्चो ने एक जागरूकता रैली निकाली जो पहला कदम स्कूल से होते हुए सरायढेला थाना तक पहुंची।साथ ही सरायढेला थाना के आस पास क्षेत्रो में मयूर शेखर झा ने थाना प्रभारी नूतन मोदी के साथ सफाई अभियान चला कर एक प्रेरणादायक फर्ज निभाया। मयूर शेखर झा ने बच्चो का हौसला बढ़ाते हुए कहा की मजबूती का नाम महात्मा गांधी है,कहा की आप लोग भी दिव्यांग नही मजबूत है,जो अपने अपने कार्यों गुणों में सर्वश्रेष्ठ है। मयूर शेखर झा ने कहा की आज गांधी जयंती मनाकर हम न केवल महात्मा गांधी की स्मृति का सम्मान करते है,बल्कि अपने जीवन में शांति,अहिंसा और करुणा के उनके आदर्शो को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लेते है। सरायढेला थाना में थाना प्रभारी नूतन मोदी के द्वारा अल्पाहार प्रदान किया गया।नूतन मोदी ने बच्चो को प्रोत्साहित करते हुए सदैव उनका साथ निभाने का वादा किया।आज बापू के जन्मदिन के अवसर पर सभी बच्चो को वक्ताओं द्वारा महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के आदर्शो पर चलने एवं बापू के आदर्शो को अपने जीवन में अपनाने को बताया I साथ ही देश हित के लिए अपने योगदान के महत्व की जानकारी दी।जयंती पर सभी बच्चो ने मिलकर अपने बापू के जन्मदिन पर केक काटकर बहुत ही उल्लास से मनाया तथा बापू के बताए हुए मार्ग में चलने का संकल्प लिया।

## एफएनपीओ संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, अशोक कुमार को विदाई समारोह में किया गया सम्मानित



धनबाद, बुधवार को एफएनपीओ संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह सह भारतीय रेल डाक सेवा के प्रधान अभिलेख पदाधिकारी डी एच मंडल धनबाद आरएमएस के पद से 33 वर्ष की सेवा सेवानिवृति के अवसर पर पार्शल हब कैंपस हीरापुर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।समाजसेवी उदय प्रताप सिंह सामूहिक सर्व धर्म विवाह समिति के अध्यक्ष, प्रदीप सिंह सीनियर सुपरिटेंडेंट उत्तम सिंह, अधीक्षक, आरएमएस पीके सिंह, यदु राम,अशोक पाठक आफताब आलम, रिटायर्ड असिस्टेंट डायरेक्टर सी एम एफ आर आई ए के सिंह, अध्यक्ष राजपूत कल्याण मंच पप्पू सिंह, पवन सिंह, करणी सेना प्रदेश उपाध्यक्ष अमन सिंह, विशु सिंह,रविंद्र सिंह, डी एन सिंह, सत्येंद्र सिंह, उमेश सिंह, विकी, आशुतोष, आलोक, विराट समेत समस्त रेल डाक कर्मचारी डी एच मंडल धनबाद आरएमएस के साथियों ने माला पहनकर एवं पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया।साथ ही कोलकाता, गया, कोडरमा, पटना, साहिबगंज, हजारीबाग, बोकारो, रांची, टाटानगर, गोमो आदि जिलों से सैकड़ो की संख्या में एफ एन पी ओ संघ के साथियों ने समारोह स्थल पहुंच कर अपने राष्ट्रीय नेता को सम्मानित किया । समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने कहा कि अशोक सिंह अपने सेवा के पूरे कार्यकाल के दौरान बहुत कर्तव्यनिष्ठ व अनुशासित और सबों के प्रिय रहे हैं I इनके नेतृत्व में एसएनपीओ संघ ने ऊंचाइयों को छुआ है। अब राजपूत कल्याण मंच में अब समय रहने के कारण उनकी भागीदारी बढ़ेगी।उनकी सेवा और विदाई यहीं समाप्त नहीं हुई I इस अवसर पर कोलकाता के दीपक मुखर्जी ने कहा कि आज हम सभी एक राष्ट्रीय नेता को सम्मानित कर गौरांवित एवं खुशी महसूस कर रहे हैं I जिन्होंने कर्मचारियों के हित में

## डीडीसी, एसएसपी सहित अन्य पदाधिकारियों ने दी राष्ट्रपिता तथा पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि



धनबाद : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयंती तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 120वीं जयंती के अवसर पर उप विकास आयुक्त, सादात अनवर, एसएसपी, हृदीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी, अजीत कुमार, नगर आयुक्त, रविराज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी, राजेश कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने सिटी सेंटर पर स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद सभी पदाधिकारियों ने गांधी सेवा सदन में राष्ट्रपिता एवं पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्पांजलि अर्पित की। गांधी सेवा सदन से सभी पदाधिकारी खादी ग्रामोद्योग संघ पहुंचे। यहां भी राष्ट्रपिता तथा पूर्व प्रधानमंत्री की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि दी। इस मौके पर डीडीसी ने कहा कि पूज्य बापू का जीवन और उनके आदर्श देश की हर पीढ़ी को कर्तव्य पथ पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा। उनकी अहिंसक नीतियों, नैतिक आधारों, अद्भुत नेतृत्व क्षमता ने और अधिक लोगों को स्वतंत्रता आंदोलन से जोड़ा। उन्होंने सभी धर्मों को एक समान मानने, सभी भाषाओं का सम्मान करने, पुरुषों और महिलाओं को बराबर का दर्जा देने और दलितों-गैर दलितों के बीच की युगों से चली आ रही खाई को पाटने पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा इसी प्रकार मूल्यों और सिद्धांतों पर आधारित पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जीवन देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत बना रहेगा। वे असाधारण इच्छाशक्ति वाले एक शानदार विचारक थे।

## भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ सह समाजसेवी संस्था इप्टा ने 310 वीं बैठक आयोजित कर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को याद किया



धनबाद, जमशेदपुर, 2 अक्टूबर 2024 को गांधी जी की 155बी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ सह समाजसेवी संस्था इप्टा ने 310 बी बैठक कर सैकड़ो की संख्या में लोगो नें महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र के समीप दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित किया ।इस जयंती के शुभ अवसर पर संगठन के द्वारा मेडिकल कैंप भी लगाई गई थी। जहां सैकड़ो की संख्या में अपनी स्वास्थ्य की जांच करवाई I साथ ही बैठक में संगठन के सभी पदाधिकारी द्वारा यह निर्णय लिया गया की जिस तरह से गांधी जी ने गांव-गांव घूम कर डंडे के सहारे अंग्रेजों को भगाने का जो मुहिम चलाए थे I उस मुहिम को धन्यवाद देते हुए संगठन के पदाधिकारी ने भी अपनी एक नारा के साथ बुलंद आवाज में कहा की बेहतर मेहनत कर बेहतर शिक्षा देकर बेहतर नागरिक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे I इसीलिए इस संगठन ने भी अपनी एक नारा अपने अधिकार के लिए लगाते हुए कहा की ना डंडे से, ना झंडे से संविधान में हम अपना एक्ट बनाएंगे कलम के फंडे से।इस नारा को बुलंद करते हुए संगठन की ओर से संकल्प लिया गया की आत्मनिर्भर भारत एवं नई शिक्षा नीति को सुदृढ़ करते हुए विकसित भारत बनाने हेतु हम लोग दृढ़ संकल्पित हैं I आगामी 14 नवंबर 2024 बाल दिवस के शुभ अवसर पर संगठन 17 नवंबर दिन रविवार को सैकड़ो बच्चों को सहभागिता प्रमाण पत्र देने की प्रस्ताव पर मोहर लगाई गई I मौके पर डॉक्टर संदीप कुमार, डॉक्टर सुदर्शन कुमार सिंह, प्रतिमा हसदा, डॉक्टर रुपेश कुमार,डॉ, प्रवीण कुमार, डॉ, नथुनी सिंह,डॉक्टर परमानंद मोदी, रंजीत श्रीवास्तव, प्रेमदयाल सिंह, एस डी प्रसाद,रंजीत साहनी, पंकज कुमार गुप्ता, देव झा, लालटू गोराई, अशोक प्रसाद,आर बी निराला,मनोज कुमार,राजेश कुमार, मीरा देवी, वरुण कुमार,डॉ, प्रतिमा कुमारी आदि सैकड़ो की संख्या में मौजूद थे I

## डैफोडिल्स एकाडेमी में महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई

धनबाद,करकेंद बाजार स्थित डैफोडिलस एकाडेमी में महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम विद्यालय प्राचार्य तापस बनर्जी महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री के तस्वीरो पर माल्यार्पण किए एवं दोनो के जीवनी पर प्रकाश डाले। उन्होनें बताए कि महात्मा गांधी को हमलोग राष्ट्र पिता के नाम से भी जानते है। उनका जन्म 02 अक्टूबर 1869 को हुआ था। गांधीजी सत्य,अहिंसा के पुजारी थे। उनका स्लोगान था अहिंसा परमो धर्म।प्राचार्य तापस बनर्जी ने लालबहादुर शास्त्री के वारे मे भी अपना विचार व्यक्त करते हुए बताया कि शास्त्रीजी उत्कृष्ट राजनेता थे। वह भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री थे। उनका जन्म 02 अक्टूबर 1904 को हुआ था। उनका प्रमुख नारा था जय जवाब जय किसान। यह नारा किसानो का मनोवल बढ़ाया था। शास्त्रीजी सादगी एवं ईमानदारी के जीवन जीते थे। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओ ने अपना अपना विचार व्यक्त किए एवं पुष्प सुमन अर्पित किए।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय उप प्राचार्य देवाशीष मुखर्जी, शिक्षक - शिक्षिकाओ में अनिल सिंह, चंदन पासवान, कविता दत्ता, झुमा दत्ता, डोली प्रसाद, आरजू, शिल्पा, करुणा चंदा, ज्ञनभी, मुनमुन सेन ,प्रभाकर मिश्रा आदि का सराहनीय योगदान रहा। इस कार्यक्रम में करीब 100 छात्र-छात्रा उपस्थित थे। अंत में सभी के बीच

## ईसीआरकेयू का महासंगम सह युवा कार्यकर्ता सम्मेलन धनबाद में

धनबाद, ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की मंडल स्तरीय महासंगम सह युवा कार्यकर्ता सम्मेलन बुधवार संध्या को धनबाद रेलवे ऑडिटोरियम में आयोजित की गई । ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह पी एन एम प्रभारी, मो ज़्याऊद्दीन, सहायक महामंत्री, ओमप्रकाश तथा एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी, ओ पी शर्मा के देखरेख में धनबाद स्थित ईसीआरकेयू के तीनों शाखाओं के युवा समितियों के सक्रिय सदस्य पूरे उत्साह के साथ रेलवे ऑडिटोरियम में तैयारिया की गई थी I इस कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्य के प्रति जानकारी देते हुए मो ज़्याऊद्दीन ने बताया कि संगठन की सामान्य गतिविधियों के तहत युवा रेलकर्मियों की यह सम्मेलन आयोजित की जा रही है। जिनका एकमात्र उद्देश्य एआईआरएफ ईसीआरकेयू को मजबूत करना है। क्योंकि रेलकर्मियों की मंडल स्तर की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए रेल प्रशासन के समक्ष व्यापक दबाव बनाया जा सके। राष्ट्रीय स्तर की समस्याओं में पूर्ण रूप से ओ पी एस को लागू करना, आठवें वेतन आयोग का गठन करना, एल डी सी ई ओपन टू ऑल पद्धति को लागू करना, वर्तमान रेलकर्मियों पर काम के बढ़ते दबाव को सरल करने के लिए नये बहाली करने सहित कई मामलों पर आंदोलन में ज्यादा से ज्यादा युवा शक्ति की नई ऊर्जा की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ईसीआरकेयू शुरू से ही संघर्षशील संगठन रहा है।

# आईआईटी, आईइसएम में गांधी जयंती पर मना स्वच्छ भारत दिवस





धनबाद, आईआईटी,आईएसएम द्वारा 17 सितंबर से चलाया जा रहा स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 बुधवार को गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस मनाने के साथ संपन्न हुआ।जिसके दौरान स्वच्छता रैली, स्वच्छता की शपथ, नुक्कड़ नाटक का मंचन और परिसर से सटे पुलिस लाइन के सब्जी बाजार में गहन स्वच्छता अभियान सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। दिन भर चलने वाला अभियान सुबह लगभग 8.30 बजे पर संस्थान के ओवल ग्राउंड के पास स्वच्छता की शपथ लेने के साथ शुरू हुआ। जिसके दौरान प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा, निदेशक आईआईटी,आईएसएम और मैडम शकुंतला मिश्रा, अध्यक्ष दीप्ति लेडीज क्लब के नेतृत्व में संस्थान के संकाय सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध रहने, स्वच्छता काअनुसरण करने, स्वच्छता को संबोधित करते हुए प्रो. सुकुमार मिश्रा ने कहा हमने आज स्वच्छता मिशन के लिए प्रतिदिन दो घंटे समर्पित करने का आत्मसात करने और स्वच्छता के संदेश को फैलाने का संकल्प लिया।मौके पर प्रो. धीरज कुमार, उप निदेशक, आईआईटी,आईएसएम प्रो. एम. के. सिंह, डीन, अकादमिक, प्रो. रजनी सिंह, डीन, कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, प्रो. एस. के. गुप्ता, डीन छात्र कल्याण, प्रो. आलोक सिन्हा, विभाग प्रमुख, पर्यावरण विज्ञान और इंजीनियरिंग, प्रबोध पांडे, रजिस्ट्रार और प्रो. संजीव आनंद साहू, समन्वयक, स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024, जो शपथ ग्रहण के दौरान उपस्थित थे, बाद में एक रैली के रूप में संस्थान के मुख्य द्वार की ओर कूच किया।संस्थान के आधिकारिक नाटक क्लब, अभय ड्रामाटिक्स क्लब के सदस्यों द्वारा मुख्य द्वार पर हमारे दैनिक जीवन में स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया गया।बाद में रैली परिसर से लगभग 500 मीटर की दूरी तय करते हुए पुलिस लाइन सब्जी बाजार में पहुंची, जहां आईआईटी की टीम द्वारा सड़कों की सफाई और कचरा उठाने का काम किया गया।पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रो. सुकुमार मिश्रा ने कहा हमने आज स्वच्छता मिशन के लिए प्रतिदिन दो घंटे समर्पित करने का संकल्प लिया, और आईआईटी, आईएसएम पहले से ही परिसर के भीतर इस संबंध में एक अभियान चला रहा है, जिसे हम परिसर के आसपास के क्षेत्रों में विस्तारित करेंगे।

## स्वच्छता हमारे आदत में शामिल होना चाहिए : जिला जज

धनबाद, जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता हीं सेवा कार्यक्रम के तहत धनबाद नगर निगम के सहयोग से सिविल कोर्ट परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह, रजनीकांत पाठक, नीरज विश्वकर्मा, डीसी अवस्थी ,अंजनी अनुज, संजय कुमार सिंह, कुलदीप मान, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश टी हसन ,मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी ,अवर न्यायाधीश निताशा बारला, राकेश रोशन , समेत तमाम न्यायिक पदाधिकारी लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की टीम द्वारा पूरे सिविल कोर्ट परिसर में साफ सफाई की गई ।इस मौके पर धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने कहा कि स्वच्छता हमारे आदत में शामिल होना चाहिए। अपने शहर को स्वच्छ रखने के लिए हमें स्वयं सेवक के रूप में काम करना चाहिए। गंदगी हमारे आसपास के वातावरण व जीवन को प्रभावित करती है।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।